■ औरंगाबाद और बोकारो से प्रकाशित www.navbiharitime.com ■ बिहार एवं झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35 अंक : 278
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
10 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रूपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


# Holy Mission Secondary School

A CBSE affiliated 10+2 School | Aff. No.: 330210

Khagaul Road, Danapur, Patna | Ph.: 8298676849 website : www.hmsspatna.org

## ADMISSION NOTICE : 2025-26

Admission Open for Std. XI (Science, Commerce & Arts)

**Tutorial for JEE (main & advance) & NEET preparation by the experts in the school campus**

**Online Registration Portal**
https://holymission.entab.info

**Achievement**

- Our 73 students scored above 90% in AISSCE, 2024.
- Aradhya Ananad was the 3rd topper of Bihar in Science Stream in 2023.
- Prateek Raj Vardhan was the 2nd topper of Bihar in commerce in 2022.
- Our result at + 2 level is among top 2 schools of Patna for last 10 years.
- One of our Student was declared the 3rd topper in Bihar in 2019.
- One of our Student was declared the 2nd topper of Bihar in 2017.
- One of our student was declared the 2nd topper of Bihar in 2014. He got 97.8% marks.

**Result of AISSCE, 2024**
at a glance

- No. of Students who scored above 90% : 73
- No. of Students who scored above 80% : 123

### Result of our few toppers of XII in 2024



| | | |
|---|---|---|
| SUYASH KUMAR | SCIENCE (96.2%) | ROLL 22638110 |
| VAIBHAVI KARPATNE | COMMERCE (96.2%) | ROLL 22638264 |
| ARNAV SHANDILYA | SCIENCE (96%) | ROLL 22637993 |
| RANVEER GUPTA | SCIENCE (95.2%) | ROLL 22638071 |
| SAGAR RAJ | SCIENCE (95.2%) | ROLL 22638166 |
| SARTHAK SHRIVASTAVA | SCIENCE (95%) | ROLL - 22638020 |
| ABHISHEK RAJ | SCIENCE (94.6%) | ROLL 22638058 |
| RISHAV RAJ | COMMERCE (94.6%) | ROLL 22638234 |
| AMIT KUMAR | SCIENCE (94.4%) | ROLL 22638115 |
| HARSHITA VERMA | SCIENCE (94.4%) | ROLL 22637994 |
| ANKIT KUMAR | SCIENCE (94.2%) | ROLL 22637879 |
| NISHANT KUMAR | SCIENCE (94.2%) | ROLL 22637941 |
| SAMYAK SINHA | SCIENCE (94%) | ROLL 22638034 |
| ARMAN ZAMAN | SCIENCE (93.8%) | ROLL 22638148 |
| UDBHAV KUMAR | SCIENCE (93.6%) | ROLL 22638098 |
| PRATYUSH CHANDRA | SCIENCE (93.6%) | ROLL 22637876 |
| VIRAJ KUMAR | SCIENCE (93.4%) | ROLL 22638073 |
| RAHUL RAJ | SCIENCE (93.4%) | ROLL 22638172 |
| SHRISH SINGH | SCIENCE (93.2%) | ROLL 22638077 |
| SARTHAK VERMA | SCIENCE (93%) | ROLL 22638047 |
| LAAVANYA | SCIENCE (92.8%) | ROLL 22638147 |
| TANIYA ASHRAF | SCIENCE (92.8%) | ROLL 22637964 |
| UTKARSH RAJ | SCIENCE (92.2%) | ROLL 22638031 |
| DEVANSHU RANJAN | SCIENCE (92.2%) | ROLL 22638185 |
| NANDINI DUBEY | SCIENCE (92%) | ROLL 22638179 |
| SHREYA SINGH | SCIENCE (91.6%) | ROLL 22638019 |
| SHASHANK KUMAR | SCIENCE (91.4%) | ROLL 22637889 |
| RAJ NANDANI | COMMERCE (91.4%) | ROLL 22638241 |

# New Holy Mission Sr. Secondary School

46, MIG, Kankarbagh Colony Patna | Ph.: 7480857116

## ADMISSION NOTICE : 2025-26

Admission Open for Std. XI (Sc., Comm. & Arts)

**Pay Just Rs. 25000/- and study Std. XI & XII on Scholarship**

**Special Feature**

Tutorial for JEE (main & advance) & NEET preparation by the experts in the school campus

**Result of our Students in the Board Exam of Std. XII**

- No. of Students who scored above 90% : 32
- No. of Students who scored above 80% : 89
- No. of Students who scored above 70% : 120

**A few seats are vacant for Nurs. to std. IXth**

**Achievement**

- Our 32 students have scored above 90% in th board exams of 2024.
- Our 33 students have scored above 90% in th board exams of 2023.

**Features:**

- Facility of Smart Classes
- All Classes are monitored by CCTV
- Digitalized and fully secured transport facility across all routes.
- Creates awareness of the rich tradition and culture among students.
- One activity every week.
- Qualified & Motivated teachers of repute.
- Emphasis on sports, Games, Martial Arts, Yoga, Music & Dance.

# Holy Mission School

B/198, Shreekrishnapuri, Patna | Ph.: 7543034033

## ADMISSION NOTICE : 2025-26

Admission Open for Std. XI (Sc., Comm. & Arts)

**Pay Just Rs. 28000/- and study Std. XI & XII on Scholarship**

**Special Feature**

Tutorial for JEE (main & advance) & NEET preparation by the experts in the school campus

**Result of our Students in the Board Exam of Std. XII**

- No. of Students who scored above 90% : 38
- No. of Students who scored above 80% : 105
- No. of Students who scored above 70% : 140

**A few seats are vacant for Nurs. to std. IXth**

**Achievement**

- Our 38 students have scored above 90% in th board exams of 2024.
- Our 39 students have scored above 90% in th board exams of 2023.

**Features:**

- Facility of Smart Classes
- All Classes are monitored by CCTV
- Digitalized and fully secured transport facility across all routes.
- Creates awareness of the rich tradition and culture among students.
- One activity every week.
- Qualified & Motivated teachers of repute.
- Emphasis on sports, Games, Martial Arts, Yoga, Music & Dance.

# बिहार सरकार ने 45 पुलिस अधिकारियों का किया तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के गृह विभाग (आर्थिक शाखा) ने राज्य में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 45 पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया है। इस फेरबदल में कई जिलों के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों (एसडीपीओ) को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस संबंध में जारी अधिसूचना के अनुसार कामिनी बाला को अपर पुलिस अधीक्षक बिहार पुलिस अकादमी राजगीर बनाया गया है। प्रतीश कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, सुनीता कुमारी अपर पुलिस अधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग पटना, आलोक कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक यातायात पटना, अजय प्रसाद पुलिस उपाधीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग पटना, कुमार सागर पुलिस उपाधीक्षक निगरानी अन्वेषण ब्यूरो पटना, सुरभ सुमन पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा, अनिल कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खड़गपुर, चंदन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वितीय सिवान सदर बनाए गए हैं। नवल किशोर अब पुलिस उपाधीक्षक यातायात मोतिहारी, अभिषेक आनंद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर मुंगेर, राजेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक विशेष कार्य बल बिहार, अजीत प्रताप सिंह चौहान पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम लखीसराय, शिवानंद सिंह पुलिस उपाधीक्षक नगर व्यवस्था पटना मध्य, कल्याण आनंद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रथम कहलगांव, संजीव कुमार पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा बिहार होंगे। बसंती टुडू पुलिस उपाधीक्षक दहेज निरोध एवं महिला कोषांग अपराध अनुसंधान विभाग बिहार पटना होंगी। संजीव कुमार पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मोतिहारी होंगे। अमरेंद्र कुमार को पुलिस उपाधीक्षक पुलिस महानिरीक्षक यातायात कार्यालय में पदस्थापित किया गया है। ओम प्रकाश सिंह को पुलिस उपाधीक्षक यातायात वैशाली, संतोष कुमार को पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 10 पटना, सुमन कुमार शर्मा को पुलिस उपाध्यक्ष बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 12, नवीन कुमार को पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा बिहार, पूनम कुमारी को बिहार पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 17 बोधगया, रामदुलार प्रसाद को पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था नालंदा, सर्वेश्वर सिंह पुलिस उपाधीक्षक सुपौल मुख्यालय, दुर्गा शक्ति को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महुआ, राजू कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक के रक्षित पटना, विनोद कुमार, विपिन नारायण शर्मा को भी पुलिस उपाधीक्षक रक्षित बनाया गया है। सियाराम यादव पुलिस उपाधीक्षक प्रशासन उप महानिरीक्षक कार्यालय चंपारण बेतिया में पद स्थापित किया गया है। अनुराग कुमार को औरंगाबाद साइबर क्राइम पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। अभिषेक कुमार पुलिस उपाधीक्षक विशेष शाखा, प्रवीण कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मेहनार, अजीत कुमार को पुलिस उपाधीक्षक यातायात सहरसा का अतिरिक्त प्रभार, स्वीटी सिंह को पुलिस उपाधीक्षक सारण, सुचित्रा कुमारी को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रथम पश्चिमी मुजफ्फरपुर, रजिया सुल्तान को पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम अररिया, शेख साबिर को पुलिस उपाधीक्षक विशेष कार्य बल, शैलेश मिश्रा पुलिस उपाधीक्षक पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष पटना, दिलीप कुमार शाह पुलिस उपाधीक्षक मद्य निषेध अपराध अनुसंधान विभाग, कृष्ण प्रसाद पुलिस उपाधीक्षक रक्षित बांका, कुमारी रेनू पुलिस उपाधीक्षक बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 14, मिथिलेश कुमार जायसवाल पुलिस उपाधीक्षक रक्षित भागलपुर तथा विनोद राम को पुलिस उपाधीक्षक उच्च न्यायालय सुरक्षा पटना बनाया गया है।

# चंद्रवंशी समाज को एकजुट होकर चुनना होगा अपना नेता : प्रमोद चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हावड़ा।** भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने चंद्रवंशी समाज से आह्वान किया कि यदि समाज को सशक्त बनाना है तो एकजुट होकर एक नेता का चयन करना होगा और उसी के नेतृत्व में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन चंद्रवंशी समाज संगठित होकर एक मत से अपना नेता चुनेगा, उसी दिन चंद्रवंशी समाज का स्वर्णिम युग शुरू होगा। वह पश्चिम बंगाल के हावड़ा स्थित आर्यन गेस्ट हाउस में आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता देवेंद्र सिंह चंद्रवंशी ने की। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि पासवान, कुर्मी और यादव समाजों ने अपना सर्वमान्य नेता चुना जिसके कारण वे आज मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पासवान समाज ने रामविलास पासवान और चिराग पासवान को, कुर्मी समाज ने नीतीश कुमार को और यादव समाज ने लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी यादव को अपना नेता चुना। इसी एकजुटता के कारण ये समाज आज राजनीतिक और सामाजिक रूप से प्रभावशाली बन गए हैं। चंद्रवंशी समाज को भी यही रास्ता अपनाना होगा, तभी समाज का भविष्य उज्ज्वल होगा। प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि उन्होंने हमेशा समाज को प्राथमिकता दी और सत्ता का लोभ नहीं किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से राजगीर में जरासंध महाराज की प्रतिमा लगाने की मांग की थी और उनके आग्रह पर ही नीतीश कुमार ने जरासंध महाराज की प्रतिमा स्थापित करवाई। उन्होंने कहा कि यदि चंद्रवंशी समाज एकजुट हो जाए और अपने नेता को चुनकर पूरी निष्ठा से उसका समर्थन करे तो जल्द ही समाज को राजनीतिक और सामाजिक रूप से उचित पहचान मिलेगी। इस होली मिलन समारोह में चंद्रवंशी समाज के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज की एकता और मजबूती को लेकर गहन चर्चा हुई और सभी ने मिलकर समाज के उत्थान के लिए संगठित होने का संकल्प लिया।

# फर्स्ट स्टेप स्कूल में मना अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** राजधानी पटना के साधनापुरी स्थित फर्स्ट स्टेप स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया जहां अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साधनापुरी में फर्स्ट स्टेप स्कूल की नयी शाखा का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिक्षिका एवं कवियत्री नूतन सिन्हा, यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार, पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता प्राची राज और उद्घोषक रंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थित रही। इसके बाद मधु और काजल ने सरस्वती वंदना की। मौके पर सभी आंगतुक अतिथियों को फर्स्ट स्टेप स्कूल की डायरेक्टर लीना प्रिया ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में पलक, ज्योति, गौरी, कंचन, निशि, पूजा, सुमन और सीमा शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन मधु और रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर लीना प्रिया ने कहा कि विश्वभर में हर साल 08 मार्च को महिला दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। महिलाओं के हौसलों को बुलंद करने और समाज में फैले असमानता को दूर करने के लिए इस दिन का काफी महत्व है। महिलाएं दुनिया की आधी आबादी का हिस्सा हैं। वे किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं। समाज की प्रगति में जितना बड़ा योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का भी है, लेकिन फिर भी तमाम जगहों पर आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान अवसर और सम्मान नहीं मिल पाता। लीना प्रिया ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रेम कुमार, नूतन सिन्हा और रंजन कुमार ने अपने लाजवाब पार्श्वगायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं नंदिनी ने अपने मनमोहक नृत्य से समां बांध दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक शिवम कुमार, शिक्षिका काजल और मधु का विशेष सहयोग रहा।

# विश्व हिन्दू परिषद की दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति द्वारा विशाल मान वंदना यात्रा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** विश्व हिन्दू परिषद की मातृ ईकाई दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति द्वारा विशाल मान वंदना यात्रा (पथ संचलन) का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता दुर्गावाहिनी क्षेत्र संयोजिका डा. शोभा रानी सिंह ने कहा कि दुर्गावाहिनी मातृशक्ति का ऐसा आयाम है जो हिन्दू समाज की बहनों के बीच संगठन की सेवा, सुरक्षा, संस्कार के आदर्श वाक्य के साथ हिन्दू युवतियों को सशक्त बनाने और हिन्दू बेटियों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध व कार्यरत है। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें एवं रानी दुर्गावती के 500वें जन्म समारोह के अवसर पर हम सभी को दोनों वीरांगनाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर के चौड़ी गांव में हुआ था। वे मराठा साम्राज्य की एक सम्माननीय शासक थीं जिन्होंने अपनी वीरता, धार्मिकता और प्रशासनिक कुशलता से न केवल अपने राज्य को सशक्त किया, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके शासनकाल में राज्य की आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति हुई। उन्होंने भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर समेत देश भर के मंदिरों और घाटों के पुनर्निर्माण का कार्य भी उन्होंने किया। अहिल्याबाई एक कुशल सैन्य नेता भी थीं जिन्होंने कई युद्धों में भाग लिया और अपनी रणनीति और वीरता से मराठा साम्राज्य की रक्षा की। उनके शासनकाल में इंदौर राज्य एक समृद्ध और शक्तिशाली राज्य बना। उनके धार्मिक और सामाजिक कार्यों ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी। रानी दुर्गावती ने भी कम आयु का राजकाज का संचालन किया साथ ही कई युद्ध किये और शत्रु का पराजय भी किया।

# नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क शिविर में 11 सौ दिव्यांगजन शामिल

## मानव धर्म और स्वस्थ समाज का संकल्प होगा पूरा : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को पटना रिजॉर्ट, आशियाना दीघा मेन रोड, पटना में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन और स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्ण गोपाल, मनोज अग्रवाल, प्रदीप बर्णवाल, पवन केसरी, साधु शरण, लक्ष्मण टेकरीवाल, राहुल रंजन एवं संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और पटना के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री नितिन नवीन ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूं। दिव्यांगों को मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूं। नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांग एवं नारी सशक्तिकरण के कार्य समाज और सरकार के लिए उल्लेखनीय है। मानव धर्म और स्वस्थ समाज का संकल्प अवश्य ही पूरा होगा। उन्होंने संपूर्ण बिहार में दिव्यांगों के हितार्थ नारायण सेवा संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही हैं यह अनुकरणीय है।

# मृतक के परिजनों से मिले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव रविवार को सड़क हादसे में शिकार हुए मृतक के परिजनों से मुलाकात करने सबसे पहले मसौढ़ी के हांसडीह, उसके बाद डोरीपर और बेगमचक गांव में जाकर उन सबों से मुलाकात किया और उन्हें यथासंभव मदद करने का भरोसा जताया और मृतक के परिजनों को 10 हजार नगद सहायता राशि भी उन्हें उपलब्ध करवाई। इसके साथ ही उन्होंने सरकार से मांग की है इन सबों की बची हुई मुआवजे की राशि जल्द मिल जाए ताकि इनका जीवनयापन ठीक ढंग से हो सके। फिलहाल सबों को सरकार की ओर से दो लाख की राशि दी गई है। बहरहाल बीते रविवार की देर रात्रि को मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग के धनीचक चक मोड़ के पास ट्रक और टेंपो में भिड़ंत हो गई थी।

# आरक्षण के मुद्दे पर तेजस्वी के नेतृत्व में राजद नेताओं ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सरकारी नौकरियों में 65 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर राजद नेताओं ने रविवार को पटना में पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर धरना दिया। इसका नेतृत्व प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव कर रहे थे। सबके हाथों में एक पोस्टर था जिस पर लिखा था-16 प्रतिशत आरक्षण की चोरी करना बंद करो। धरना स्थल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा बिहार में बढ़ायी गई 65 फीसदी आरक्षण सीमा को रोक देने से अनुसूचित जाति/ जनजाति, पिछड़ा-अतिपिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को 16 फीसदी आरक्षण का सीधा नुकसान हो रहा है। इससे इन वर्गों के 50,000 से अधिक युवाओं को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। टीआरई-3 शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण में भी आरक्षण लागू नहीं होने से इन वर्गों के हजारों अभ्यर्थियों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि जातिगत गणना के उपरांत दलितों-आदिवासियों और पिछड़ों-अतिपिछड़ों के लिए बढ़ाए गए 65 फीसदी आरक्षण को भाजपा-एनडीए की केंद्र सरकार ने संविधान की नौवीं अनुसूची में नहीं डाला और केस में फंसा दिया। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार के समय एससी, एसटी और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का कोटा बढ़ा कर 65 फीसदी किया गया था। हालांकि इसे पटना हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। इसके बाद बिहार सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में अभी भी इस मामले की सुनवाई चल रही है। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने में लगा है। विपक्ष का आरोप है कि सरकार खुद ही आरक्षण को नहीं बढ़ाना चाहती है। तेजस्वी ने बिहार विधानसभा में भी इस मुद्दे को उठाया था। जानकारों की मानें तो तेजस्वी यादव ने अब उसे मुद्दे को उठा लिया है जो बिहार की अधिकांश जनता के मानस को गहरे तक छूता है। यह मुद्दा महागठबंधन और लालू यादव की राजनीति के हक में पहले भी परिणाम दे चुका है और अब तेजस्वी यादव ने भी इसको हथियार बनाने का ठान लिया है। राजनीति के जानकार कहते हैं कि पटना में राजद कार्यालय के सामने आरक्षण के मुद्दे को लेकर राजद कार्यकर्ताओं के साथ उनका धरना देना सिर्फ एक दिन का कार्यक्रम न समझा जाए, यह उनकी लंबी प्लानिंग है और बिहार में एक बार फिर आरक्षण का मुद्दा गर्म होने जा रहा है।

# होली मिलन समारोह में बही फगुआ बयार

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** होली पर्व से पहले ही गांव-गांव में इन दोनों फगुआ की बयार बह रही है, हर तरफ ढोलक की थाप पर झाल मंजीरे की धुन पर फाग गीतों से साराबोर दिख रहे हैं। ऐसे में रविवार को मसौढ़ी में कई जगहों पर भव्य रूप से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ऐतिहासिक गांधी मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां पर जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, एसडीएम अमित कुमार पटेल, बीडीओ सीओ, थानाध्यक्ष शामिल हुए। कार्यक्रम में राहुल चंद्रा, सुनील गावस्कर समेत कई दिग्गज लोग शामिल हुए। इसके अलावा डॉक्टर राम जयपाल सिंह के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मसौढ़ी धनरूआ पुनपुन के सैकड़ों लोग शामिल हुए। /0258फाग गीतों के लिए दो टीमों को बुलाया गया था जिन्होंने अपने फाग गीतों का समां बांधा जहां हर कोई झुमते दिखे, मौके पर कार्यक्रम में डॉ राम जयपाल सिंह, नवल भारती, पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव, धनी यादव,संटू यादव, समेत सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए इसके अलावा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में क्षत्रिय समाज के द्वारा होली मिलन कार्यक्रम किया गया जहां पर करणी सेवा के कई बड़े पदाधिकारी शामिल हुए। इसके अलावा स्वर्णकर भवन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से होली मिलन किया गया जहां पर नगर कार्यवाह संतोष कुमार गुप्ता, खंड कार्यवाहक राघवेंद्र कुमार, खंड संचालक किशोरी जी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के संजय केसरी, शिव शंकर कुमार,

# सुरक्षित होली खेलने के लिए कलाकारों ने नाटक के जरिये किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच के साप्ताहिक नुक्कड़ नाटक की श्रृंखला में महेश चौधरी लिखित एवं मिथिलेश कुमार पांडे निर्देशित नाटक 'सुरक्षित होली खेलें' की प्रस्तुति वाल्मी फुलवारीशरीफ, पटना में की गई। नाटक की शुरुआत अमन कुमार के स्वरबद्ध गीत-प्यार भरे रंगों से सजा रहे, अपने पुराने गिले-शिकवे, भूलकर गले लगाएं और एक दूजे को गुलाल लगाकर...... से हुई। नाटक के माध्यम से कलाकारों ने बताया कि होली की तरह होलिका दहन हमारी संस्कृति का प्रमुख त्यौहार है। होलिका दहन में सुखी लकड़ियां, गोबर के गोइठा, देसी कपूर लोबान गिलोय, नीम एवं तुलसी का प्रयोग कीजिए। वायु प्रदूषण से बचने के लिए प्लास्टिक टायर या किसी भी सामग्री का उपयोग नहीं करें ताकि वायु की गुणवत्ता बनी रहे। होली में सिथेंटिक और रासायनिक रंगों से बचें। इनसे त्वचा की एलर्जी और आंखों में संक्रमण हो सकता है। मंच के वरीय रंगकर्मी महेश चौधरी ने लोगों से अपील किया कि सुरक्षित होली खेलें ताकि किसी को बुरा न लगे। होली पर्व आपसी सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने वाला होता है। नाटक के कलाकार-महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, अमन कुमार, राहुल कुमार प्रमोद कुमार, करण कुमार एवं आमिर थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्दिरा आइवीएफ ने नारी शक्ति को किया नमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन्दिरा आइवीएफ ने नारी सशक्तिकरण का उत्सव उत्साह और सम्मान के साथ मनाया। इस विशेष मौके पर हॉस्पिटल प्रबंधन ने महिलाओं के साहस, संकल्प और संघर्ष को नमन करते हुए उनकी अविस्मरणीय भूमिका को सराहा। इन्दिरा आईवीएफ ग्रुप, बिहार के हेड डॉ. दयानिधि कुमार और क्लिनिकल हेड डॉ. सुनीता कुमारी ने सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा महिलाएं केवल परिवार और समाज की रीढ़ नहीं, बल्कि वे नई सोच, बदलाव और प्रगति की प्रेरणा भी हैं। डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि हर दिन हम महिलाओं के अदम्य साहस, मातृत्व के चमत्कार और उनके अविश्वसनीय योगदान को देखते हैं। वे न केवल जीवन को जन्म देती हैं, बल्कि भविष्य को आकार देती हैं, नए युग की नींव रखती हैं। उनके सपने, परिश्रम और सफलता समाज की दिशा को बदलने की शक्ति रखते हैं। डॉ. सुनीता कुमारी ने कहा इस महिला दिवस पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि हम हर चुनौती का सामना करेंगे, हर बाधा को पार करेंगे और एक ऐसा समाज बनाएंगे जहां हर महिला को सम्मान, समानता और सशक्तिकरण के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिले। इन्दिरा आइवीएफ महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए समाज में नारी शक्ति के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए अपने प्रयास जारी रखने का संकल्प लेता है।

# हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो

## निशान शोभा यात्रा में लगे बाबा के जयकारे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्याम फागुन महोत्सव के दूसरे दिन शक्तिधाम सेवा न्यास के तत्वावधान में विशाल निशान (ध्वज) शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस निशान शोभा यात्रा में महिलायें रंग-बिरंगे परिधान में एवं पुरुष श्याम बाबा का केशरिया दुपट्टा ओढ़े हुए थे। हाथों में निशान (ध्वज )लिए श्याम भक्तों का यह कारवां पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ पुष्पविहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह 10:30 प्रारम्भ हुआ। निशान शोभा यात्रा प्रारम्भ होते ही गुलाब जल का छिड़काव करते हुए फूलों की वर्षा की गयी एवं गुलाल उड़ाते हुए बहुत ही अनोखे ढंग से सुसज्जित श्याम बाबा के रथ को निकाला गया। शोभा यात्रा में भक्तजनों द्वारा गाये जा रहे 'मेरे सर पे रख दे हाथ बाबा' 'हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो' आये है दिन फागण के, आये हैं दिन नाचण के बीत गए दिन सावन के। ऐसे भक्तिमय गीतों की स्वर लहरी पूरे वातावरण को भक्तिमय कर रहा था। श्याम बाबा को समर्पित भजन कीर्तन से माहौल श्याममय हो रहा था। शोभा यात्रा में लाल, पीले, गुलाबी परिधानों में सजी धजी महिलाओं के अलावे युवाओं का भी उत्साह देखते बन रहा था। करीब हजारों की संख्या में भक्तों ने अपने-अपने हाथों में निशान (ध्वज) उठा रखे थे। यात्रा में आगे-आगे रथों पर ओम प्रकाश पोद्दार थे एवं शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भक्तों को ठंडा पानी, शर्बत एवं फल इत्यादि दिया जाता रहा। निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट, एक्जीविशन रोड से होते हुए भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित शक्तिधाम मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। बाबा के जयकारे के साथ शक्तिधाम मंदिर में श्याम बाबा का निशान अर्पण करने का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। भक्तों को श्याम बाबा का प्रसाद दिया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन कल सोमवार 10 मार्च को दिन में दस बजे सुबह से 'अखण्ड ज्योति पाठ' तथा 9:30 रात्रि से 'रात्रि जागरण' का आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि आज के समारोह में अमर अग्रवाल, पी के अग्रवाल, ओम पोद्दार, शंकर शर्मा, रमेश मोदी, सज्जन चौधरी, पवन भगत, राजकुमार अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, प्रदीप पंसारी, अक्षय अग्रवाल, रौशन सर्राफ, रमेश अग्रवाल, रितेश तुलस्यान, निर्मल अग्रवाल, ललन लाठ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# कांग्रेस के युवा नेता कन्हैया कुमार बिहार में निकालेंगे 'नौकरी यात्रा'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव में युवाओं को साधने के लिए युवा-छात्र नेता कन्हैया कुमार की यात्रा निकालने की योजना बनाई है। कन्हैया कुमार 16 मार्च से 14 अप्रैल तक बिहार के 20 जिलों में यात्रा करेंगे। इस यात्रा का नाम 'नौकरी यात्रा' दिया गया है। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार की यह यात्रा पूर्वी चंपारण के ऐतिहासिक गांधी आश्रम से शुरू होगी और पटना में पूरी होगी। इस यात्रा के दौरान रोजगार, पेपर लीक, पलायन और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को उठा कर कांग्रेस युवाओं को साधने की कोशिश करेगी। एन एस यू आइ की इस यात्रा में बिहार के कांग्रेस नेतृत्व की क्या भूमिका होगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पार्टी सूत्रों के अनुसार इसको लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 12मार्च को दिल्ली में बिहार के नेताओं की बैठक बुलाई है। इसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में कन्हैया कुमार की यात्रा को लेकर अंतिम फैसला होगा। हालांकि सूत्रों की मानें तो इस यात्रा की पूरी योजना बन चुकी है। सूत्रों ने बताया कि इस सिलसिले में कन्हैया कुमार सोमवार को पटना आने वाले हैं।

# लोक समिति का महिला सम्मेलन संपन्न

## शराबबंदी कानून सख्ती से लागू हो : गिरिजा सतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार प्रदेश लोक समिति के तत्वावधान में पटना स्थित महिला चरखा समिति, कदमकुआं में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता पटना जिला लोक समिति की अध्यक्षा मांती वर्मा तथा संचालन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने किया। लोक समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजा सतीश एक संदेश भेजकर कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून को और सख्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांधी जी शराब मुक्त भारत की कल्पना की थी। बिना सख्त कानून के ये संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शराब विकास का दुश्मन है। श्री सतीश ने कहा कि आज समाज में महिला-पुरुष बराबरी पर आधारित समाज रचना के लिए संघर्ष के लिए प्रेरणा लेने का दिन है। सम्मेलन का उद्घाटन सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। स्वागत भाषण समिति की संयोजिका क्रांति राशोष ने की। सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने कहा कि इस आधुनिक युग में भी महिलाओं को प्रताड़ित होना

CMYK

■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 278
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, सोमवार
10 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1624 :** इंग्लैंड ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1801 :** ग्रेट ब्रिटेन में पहली बार जनगणना की गई।
**1922 :** महात्मा गांधी राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए।
**1922 :** चीन द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर।
**1945 :** जापान ने वियतनाम को स्वतंत्र देश घोषित किया।

**गलत तरीके अपनाकर सफल होने से यही बेहतर है सही तरीके के साथ काम करके असफल होना।**

# बिहार में 51 हजार शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

## टीआरई-3 (तीसरे चरण) के तहत 51,389 नए शिक्षक बहाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से टीआरई-3 (तीसरे चरण) के तहत 51,389 नए शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गए। रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ 8 जिलों के करीब 100 शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र दिया, जबकि शेष शिक्षकों को अन्य 30 जिलों के जिला मुख्यालयों में नियुक्ति-पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले अरवल की नूतन कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया। नूतन कुमारी का चयन 11वीं-12वीं कक्षा के लिए हुआ है। वह आईटी कंपनी में काम करती थी, जिसे छोड़कर अब बिहार में शिक्षक बनी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में शिक्षा के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि 2005 से पहले बिहार की स्थिति बेहद खराब थी। शाम होते ही लोग बाहर निकलने से डरते थे लेकिन आज माहौल पूरी तरह बदल चुका है। हमने शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार काम किया है। आज लड़का-लड़की सब बराबर हैं। उन्होंने कहा कि 2023 में बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया शुरू हुई थी और अब तक तीन चरणों में कुल 2,68,548 शिक्षकों की नियुक्ति हो चुकी है। इसके अलावा, 42,000 हेडमास्टर भी बीपीएससी परीक्षा पास कर चुके हैं, जिन्हें अगले महीने नियुक्ति-पत्र सौंपे जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में शिक्षकों की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन उनकी सरकार ने शिक्षा को प्राथमिकता दी। अब तक 2,53,961 नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जा चुका है। 86,039 नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए तीन विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। कुल मिलाकर बिहार में अब सरकारी शिक्षकों की संख्या 5,65,746 हो गई है। पटना, नालंदा, भोजपुर, जहानाबाद, अरवल, सारण, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों के शिक्षकों को गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में सुधारों को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को खटारा से समृद्ध बिहार बनाने का काम किया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य और दुनिया से परिचित कराते हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण का काम केवल शिक्षक ही कर सकते हैं। बिहार सरकार का लक्ष्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना है। नई नियुक्तियों के बाद शिक्षा प्रणाली में सुधार की उम्मीद है, जिससे राज्य के छात्रों को लाभ मिलेगा। वहीं मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि जब वे शिक्षा मंत्री थे उसी समय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बीपीएससी के माध्यम से शिक्षकों की नियुक्ति करने का फैसला किया था।

# 12 साल बाद टीम इंडिया ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी जीती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा आइसीसी खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए। रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियम्सन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन और विलियम ओरूर्क।

भारत की जीत में कप्तान रोहित शर्मा की बड़ी भूमिका रही। उन्होंने 83 गेंदों में 83 गेंदों का सामना किया, जिसमें 7 चौके और 3 छक्कों की मदद से 76 रनों की शानदार पारी खेली। भारत की ओर से शुभमन गिल ने 31, श्रेयस अय्यर 48, अक्षर पटेल 29, हार्दिक पांड्या 18 और केएल राहुल ने नाबाद 34 रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारत की ओर से गेंदबाजी में स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन दिखाया। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट चटकाए, जबकि रविंद्र जडेजा ने एक विकेट लिए। तेज गेंदबाज में मोहम्मद शमी ने 9 ओवर में 74 रन देकर एक विकेट लिए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने दुबई में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने डेरिल मिशेल और माइकल ब्रेसवेल की अर्धशतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 251 रन का स्कोर खड़ा किया था। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिशेल ने 63 और माइकल ब्रेसवेल ने 53 रनों की पारी खेली। विल यंग 15, रचिन रविन्द्र 37 और ग्लेन फिलिप्स 34 रनों की पारी खेली।

### प्रधानमंत्री ने दी बधाई

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीम इंडिया के साथ पूरे देशवासियों को बधाई दि है। सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर परीएम ने लिखा- एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम! आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बुलेट में लगी आग एएसआई की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गोरौल थाना क्षेत्र के एनएच-22 स्थित गंजहाट ओवर ब्रिज के पास सड़क हादसे में एसआई की मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के चिकसौरा योगीपुर मलवान गांव निवासी देवेंद्र प्रसाद अशोक के 31 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में हुई है। वह नालंदा से बेतिया में अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे, तभी उनकी बुलेट बाइक गोरौल ओवर ब्रिज के निकट अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे के बाद एसआई बुलेट से नीचे गिर गए और सड़क पर घर्षण के कारण उनकी बुलेट बाइक में आग लग गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने गोरौल पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस हादसे में एसआई रवि कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना पर गोरौल थाना के अपर थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार और अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है।

### टावर लगाने के नाम पर करोड़ों की ठगी

**मुजफ्फरपुर (नबिटा ब्यूरो)।** वाईफाई का टावर लगवाने के नाम पर मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर समेत अन्य जिलों में करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। हत्था थाना के मुन्ना बंगरी निवासी राम ललित राय के लिखित आवेदन पर सदर थाने में यह एफआइआर दर्ज किया गया है। सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही में चल रहे कंपनी के अधिकारियों के द्वारा यह फर्जीवाड़ा किया गया है। प्राथमिकी में ठगी के शिकार जिले के अलग- अलग प्रखंडों के 20 से अधिक पीड़ितों का भी नाम का जिक्र किया गया है। रविवार को सभी पीड़ित सदर थाने पहुंच कर अपना बयान दर्ज कराया है। इससे पहले पीड़ितों ने एसएसपी कार्यालय पहुंच कर आवेदन सौंपा था। थाने में दर्ज प्राथमिकी में बंदरा प्रखंड के हत्था के मुन्नी बंगरी निवासी राम ललित राय ने बताया कि वाइफाई टावर लगवाने के नाम पर उनसे संपर्क किया गया। मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले कंपनी के डायरेक्टर ने उसको अपने जमीन पर वाइफाई का टावर लगाने के लिए संपर्क किया।

# सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मदनपुर (औरंगाबाद)।** सड़क दुर्घटना मे दो युवकों की मौत हो गई। घटना झारखंड के हरिहरगंज के अररुआ मोड़ के समीप की है, जहां एक हाइवा और बाइक की टक्कर में बाइक सवार मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज निवासी मुंशी प्रसाद मेहता के पुत्र रविकांत उर्फ पप्पू मेहता एवं गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैला निवासी श्रवण साव के पुत्र सुनील कुमार की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों आपस में दोस्त थे, शिवगंज से बाइक द्वारा हरिहरगंज किसी काम से गए थे तभी उस जगह एक हाइवा गाड़ी ने सामने से टक्कर मार दी जिसमें घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रविकांत उर्फ पप्पू मेहता के एक बेटा 5 वर्षीय सूरज कुमार और एक 3 वर्षीय पुत्री प्रीती कुमारी हैं। पत्नी रेशमी कुमारी की घटना के बाद से रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता मुंशी प्रसाद मेहता ने बताया कि रविकांत मुंबई में किसी कंपनी में लेबर आपूर्ति करने का काम करता था। हरिहरगंज के एक व्यक्ति के पास रूपये बकाया था, जिससे वह मांगने गया था और वहां से वापस लौटने के दौरान यह घटना घटित हुई।

## दो सड़क हादसों में तीन की मौत

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के पलामू जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई है। इन हादसों में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। पहला हादसा छतरपुर-जपला रोड पर अरुण आवासीय विद्यालय के पास हुआ। यहां दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में छतरपुर के पिंडराही निवासी 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा हादसा हरिहरगंज थाना क्षेत्र में एनएच 139 पर अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रात डेढ़ बजे हुआ। इस हादसे में ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के रविकांत कुमार (26) और गया जिले के सुनील कुमार (20) के रूप में हुई है। रविकांत और सुनील एक ही बाइक पर छतरपुर से हरिहरगंज की ओर जा रहे थे।

# सीएम ने निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत कंगन घाट से दीदारगंज तक के भाग का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। 31 मार्च तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। साइट मैप के माध्यम से अधिकारियों ने जे0पी0 गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत रेलवे से हस्तांतरित होने वाले भूमि पर प्रस्तावित पटना साहिब-पटना घाट पथ तक के बारे में निर्माण कार्य की जानकारी दी। दीदारगंज-बख्तियारपुर-मोकामा पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कंगन घाट से दीदारगंज तक के निर्माणाधीन कार्य को तेजी से पूर्ण करें। हमने इसके निर्माण कार्य को बराबर आकर देखा है। उन्होंने कहा कि दीदारगंज तक जे0पी0 गंगा पथ के निर्माण होने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय तक जाने में समय की बचत होगी। यात्रियों को पटना शहर और पटना शहर के बाहर कहीं भी आने-जाने में सहूलियत होगी। जे0पी0 गंगा पथ परियोजना अपने आप में अद्भूत है। इससे यातायात में गतिशीलता और सहूलियत होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाकिारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाकिारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## योगी- मोदी की हुई मुलाकात

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। भाजपा सूत्रों के मुताबिक मोदी-योगी के बीच 1 घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा, सीएम ने महाकुंभ के सफल आयोजन को लेकर भी बात की। महाकुंभ में 5 फरवरी को पीएम प्रयागराज आए थे। तब दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। 32 दिन बाद दोनों की फिर से मुलाकात हुई। कल सीएम योगी ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। पीएम मोदी महाकुंभ में 5 फरवरी को स्नान करने प्रयागराज आए थे।

# अप्रैल में बिहार आएंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अप्रैल में एक बार फिर पटना आने वाले हैं। वह पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा पीएम मोदी बिहटा एयरपोर्ट का शिलान्यास और कई अन्य विकास परियोजनाओं की घोषणा भी करेंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से बिहार आने का आग्रह किया गया है। वह अप्रैल में यहां आयेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री पटना और बिहटा एयरपोर्ट के अलावा कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम और सीएम बिहार के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। एनडीए के लिए बिहार हमेशा से महत्वपूर्ण रहा है। 2027 तक चार घंटे में राज्य के किसी भी कोने से लोग पटना आ सकेंगे। उन्होंने कहा कि 50 लाख सरकारी नौकरी और रोजगार देने का भी लक्ष्य रखा गया है। 12 लाख सरकारी नौकरी और 38 लाख रोजगार दिए जाएंगे। जबकि तीन सौ से अधिक डिग्री कॉलेज राज्य में खोले जाएंगे। इसके साथ ही वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। पिंक बसें चलाने की तैयारी पूरी कर ली गई है, जिसमें केंवल महिलाएं ही सफर करेंगी। ड्राइवर से लेकर सभी स्टाफ भी महिलाएं ही होंगी। इसके अलावा पटना में जिम ऑन व्हील भी खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर अनुमंडल से लेकर प्रखंड स्तर तक कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि फसल बर्बाद न हो, इसके लिए सरकार आधुनिक कोल्ड स्टोरेज निर्माण की दिशा में तेजी से काम करेगी।

# सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान टीम द्वारा पटना सिटी में स्वच्छता सर्वेक्षण में आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन स्थानीय विक्की आनंद कुशवाहा, मधु मंजरी, करण कुमार रवि कुमार, सुजीत कुमार आदि ने तथा पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने किया। कार्यक्रम में लोगों को लोकगीतों के माध्यम से स्वच्छता अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। लोक गायिका नीतू नवगीत ने सबसे बड़ा है गहना साफ रहना तथा उत्तम दवा है सफाई जैसे गीतों के माध्यम से सभी लोगों को प्रेरित किया।

# परिसीमन के मुद्दे पर झामुमो को मिला कांग्रेस और राजद का साथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने 2026 के बाद होने वाले परिसीमन के लिए मौजूदा प्रारूप के विरोध करने का एलान कर दिया है। झामुमो के एलान के बाद झारखंड में उसके सहयोगी दल कांग्रेस और राजद ने भी इस मुद्दे पर झामुमो का समर्थन किया है और परिसीमन के मौजूदा मसौदे का विरोध करने की घोषणा की है। वहीं परिसीमन के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि जब 2008 में देश में परिसीमन हुआ था, तब किसकी सरकार थी और उसने तब परिसीमन क्यों कराया था? परिसीमन के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि दरअसल भाजपा की मंशा परिसीमन के बहाने देश में आदिवासियों और दलितों के लिए आरक्षित सीटों को कम करना है, ताकि उनकी राजनीतिक ताकत कम हो जाए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भाजपा की मंशा बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के संविधान को बदलने की है।

## नाबालिग ने की आत्महत्या

**गोड्डा (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड के गोड्डा जिले में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। ललमटिया थाना क्षेत्र के कुसुमघाटी गांव में 17 वर्षीया युवती ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान पिंकी मरांडी के रूप में हुई है। पिंकी अपनी मां के साथ रहती थी। उसके पिता जतन मरांडी का देहांत कई साल पहले हो चुका था। मां-बेटी मजदूरी करके घर चला रही थीं। स्थानीय लोगों के अनुसार युवती ने रात में सोने के दौरान यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही ललमटिया थाना प्रभारी मुकेश कुमार राउत और सब इंस्पेक्टर निर्मल कुमार मंडल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए गोड्डा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ अस्वस्थ, एम्स में भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद रात करीब 2 बजे उन्हें एम्स में एडमिट किया गया। जानकारी के अनुसार फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स हॉस्पिटल जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने एक्स पर लिखा- एम्स गया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय स्वास्थ्य मत्री जेपी नड्डा भी सुबह एम्स गए और उन्होंने भी धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## 5 दिनों में 5 डिग्री चढ़ेगा तापमान

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में गर्मी बढ़ने की पूरी संभावना है। हालांकि सुबह-शाम अब भी हल्की ठंड जारी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में साफ किया है कि प्रदेश का अधिकतम तापमान अगले 5 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ने वाला है।इतना ही नहीं 9 और 10 मार्च को राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर-पूर्व भाग के 18 जिले के आसमान में बादल छाए रहेंगे। जिन जिलों में बादल छाने की बात कही गई है, उसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां सहित अन्य कई जिले शामिल है।

CMYK

# 1147 शिक्षकों को मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रदेश के सहकारिता विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, नवादा डॉ प्रेम कुमार ने रविवार को जिले के ऐतिहासिक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित तृतीय चरण के शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु आयोजित समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 1147 शिक्षकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्रों का वितरण प्रभारी मंत्री, नवादा विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी, प्रभारी जिलाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों के कर-कमलों द्वारा किया गया। समारोह स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था। नवनियुक्त शिक्षकों ने अनुशासित रूप से अपना नियुक्ति पत्र प्राप्त किया और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। राज्य स्तरीय मुख्य समारोह गांधी मैदान, पटना में आयोजित किया गया, जहां मुख्यमंत्री, बिहार, उप मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रियों ने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री के संदेश का लाइव टेलीकास्ट किया गया। मंत्री ने कहा कि नवादा ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से समृद्ध भूमि है, जहां की परंपराएं, कला, साहित्य एवं विरासत विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। उन्होंने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण एवं सकारात्मक सोच का यह परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षक न केवल पाठ्यपुस्तकों का ज्ञान देंगे, बल्कि बच्चों को जीवन के मूल्यवान पाठ भी पढ़ाएंगे और उन्हें बेहतर इंसान बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा टीयर-2 परीक्षा में सफल हजारों अभ्यर्थियों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया था। अब टीयर-3 परीक्षा के तहत 51,389 सफल अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। कुल 1147 शिक्षकों को आज बीपीएससी शिक्षक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, नवादा, गोपनीय शाखा प्रभारी, डीसीएलआर, नवादा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लोनियों के प्रति संवेदनशील होकर करें वसूली : प्रधान जिला जज

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 1138 मामलों का निपटारा, 3.5 करोड़ का सेटलमेंट



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** राष्ट्रीय लोक अदालत में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें बैंक, बिजली और अन्य विभागों के मामलों में लगभग 3.5 करोड़ रुपये का सेटलमेंट किया गया। इस लोक अदालत में बिजली विभाग के सबसे अधिक मामले निपटाए गए। लोक अदालत का उद्घाटन जिला जज अमिताभ चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अमित गौरव, एडीजे संजीव कुमार सिंह, और अन्य न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं ने किया। प्रधान जिला जज श्री चौधरी ने कहा कि बैंकों के अधिकारी एवं कर्मी लोनधारकों के प्रति संवेदनशील रहते हुए वसूली करें, ताकि ऋण चुकाने में उन्हें कठिनाई न हो। लोक अदालत में बैंकों के 531 मामलों में 2.29 करोड़ रुपये का सेटलमेंट, बिजली विभाग के 162 मामलों में 14.83 लाख रुपये की वसूली और 199 अन्य सुलहनीय मामलों का निपटारा किया गया। इस दौरान एडीजे धीरज कुमार भास्कर, धीरेंद्र कुमार, कन्हैया लाल यादव, नालंदा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमरनाथ चौधरी, रविकांत गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है होली : अरविंद कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नूरसराय प्रखंड के केवइडीह गांव में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा, दिग्विजय सिंह उर्फ टन्नु सिंह, निरज कुमार सिट्टु और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा, होली प्रेम और सौहार्द का पर्व है, जिसे शांति और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक इंजीनियर सुनील कुमार ने भी लोगों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की।

इस मौके पर भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह और उनकी टीम ने रंग बरसे, होली खेलत रघुवीरा अवध में जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी, जिससे लोग झूमने पर मजबूर हो गए।

**समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तिः** इस अवसर पर नालंदा इंजीकाम के चंद्र शेखर कुमार, पपरनौसा पंचायत के मुखिया अमरेन्द्र कुमार, जितु यादव, भाजपा नेता राजेश्वर सिंह, राकेश कुमार, रणवीर कुमार, सोनू कुमार हिंदु समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए सांसद किया कक्ष निर्माण का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चंडी प्रखंड के नरसंडा पंचायत स्थित ठाकुरबाड़ी परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ रविवार को संपन्न हुआ। नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने यज्ञ स्थल पर पहुँचकर भगवान राम-लक्ष्मण और माता सीता की प्रतिमा का दर्शन किया और भागवत कथा का अनुश्रवण किया। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा, ॾभागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और हमें इसे अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है।ॿ उन्होंने सांसद निधि से ठाकुरबाड़ी परिसर में एक कक्ष निर्माण कराने की घोषणा भी की। अयोध्या धाम से आए कथा वाचक श्याम सुंदर दास ने कथा सुनाई और बताया कि भगवान विष्णु ने अलग-अलग अवतारों के माध्यम से धर्म की रक्षा और पापियों का संहार किया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर जदयू नेता रविकांत कुमार, बासुदेव सिंह, सोनी देवी, शिवानी सिन्हा, सान्वी समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# टायर फटने से अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराया, चालक-खलासी की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र में एनएच-20 स्थित कंचनपुर पुल के पास रविवार सुबह सरिया लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इस हादसे में चालक और खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चालक गौरव कुमार (24), देवकी बिगहा, नवादा तथा खलासी अखिलेश कुमार (23), चंडीपुर, वारसलीगंज के रूप में की गई है। ट्रक झारखंड से सरिया लोड करके बिहारशरीफ जा रहा था, तभी टायर फटने से वह अनियंत्रित होकर पुल से टकरा गया। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शराब व गैस सिलेंडर बरामद

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र के इचुआ गांव के समीप नदी में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस एक शराब भट्टी को ध्वस्त किया। मौके पर 25 लीटर महुआ शराब के साथ एक गैस सिलेंडर को बरामद किया। पुलिस को देखते हुए धंधेबाज गैस चूल्हा को लेकर भाग गया। यह कार्रवाई रविवार की सुबह में एएसआई अविनाश कुमार ने पुलिस जवानों के सहयोग से किया। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी कहती है कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई हुई है। उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 93/2025 दर्ज किया गया है।

# भव्य शोभा यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के रानीबाजार गांव अवस्थित गणेश मंदिर जीर्णोद्धार के बाद रविवार से तीन दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ किया गया। यज्ञ के प्रथम दिन भव्य शोभा सह कलश यात्रा निकाली गई। रानीबाजार गणेश मंदिर परिसर से निकाली गई शोभा यात्रा थाना रोड कौआकोल बाजार होते हुए दुर्गामण्डप से पुनः थाना रोड होते हुए बाजार का भ्रमण कर सूर्य मंदिर के पास पहुँचा। जहां विद्वान ब्राह्मणों की देखरेख में कलश में जल भराई की रस्म की गई। वहां से पुनः कलश यात्रा मन्दिर परिसर अवस्थित यज्ञशाला पहुँचा। जहां विधिवत ढंग से कलश स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया गया। कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं अपने अपने सर पर कलश रखकर नगर भ्रमण किया। जबकि उनके साथ हजारों श्रद्धालुओं ने भी कलश यात्रा में भाग लिया। यज्ञ को सफल बनाने में दिलीप साव, दिनेश गोरे, प्रदीप साव,सूरज साव,मनोज कुमार समेत समस्त ग्रामीण जोर-शोर से लगे हुए हैं। आयोजनकर्ता के अनुसार रविवार को यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा के साथ विधिवत पूजा अर्चना एवं अधिवाश शुरू किया गया। 10 मार्च को शिव परिवार का नगर भ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा तथा 24 घण्टा का अखंड कीर्तन जबकि 11 मार्च को हवन,कन्यापूजन एवं भंडारा प्रसाद वितरण के साथ यज्ञ सम्पन्न होगा।

# उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मी को किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रखंड समन्वयक स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी को प्रभारी जिला पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त-सह-अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति के द्वारा डीआरडीए सभागार में सम्मानित किया गया जिसमें प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा स्वच्छता कर्मी को सुरक्षा कीट, प्रशस्ति पत्र एवं फूल देकर सम्मानित किया गया। इसमें कुल 20 महिला स्वच्छता कर्मी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान नवादा, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा आदि उपस्थित थे।

# नूतन उदया ने आयोजित किया होली मिलन समारोह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** महिलाओं के लिए महिलाओं के द्वारा संचालित संस्था नूतन उदया के सदस्यों की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नवादा के अस्पताल रोड स्थित डॉ के पी सिंह के मकान में संस्था की उपाध्यक्ष संध्या सिंह के द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था की अध्यक्ष प्रगति श्रीवास्तव ने कहा कि यह नवादा की महिलाओं की संस्था पिछले पांच वर्षों से कार्यरत है, जो महिला हित का ध्यान रखते हुए कार्य करती है। इसमें 200 से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई है ,जो समाज सेवा और अन्य व्यवसाय भी करती है। प्रगति श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था की ओर से यह कार्यक्रम होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें संस्था की उपाध्यक्ष रेशम सिन्हा, डॉ नीतिश्री, नूतन सिन्हा, राखी बरनवाल सहित अन्य महिलाओं द्वारा के काटकर मनाया गया। होली के गीतों पर महिलाओं ने एक दूसरे सदस्यों को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि सभी के जीवन में होली खुशियां लेकर आए, जिससे सभी का जीवन खुशहाल रहे। इस दौरान नूतन सिन्हा ने कहा कि हम सारी महिलाएं समाज के लिए और समाज को जोड़कर एक साथ चलते हैं। ऐसा ही हमारा संस्था निरंतर आगे चला रहे। इस कार्यक्रम के दौरान सोनी, सीमा, हेमलता, भवानी, ममता, सुषमा, सुमन, वीणा, रीना, आराधना, अपर्णा आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह मनाया और इस मौके पर होली के गीतों का भी आनंद लिया। गौरतलब हो कि यह संस्था प्रगति श्रीवास्तव के निर्देशन में महिलाओं द्वारा हमेशा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किया जाता है। महिलाओं को जोड़े रखने का कार्य भी सदस्यों को के द्वारा किया जाता है ।

# राम लखन सिंह यादव की जयंती मनाई गई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** शेर-ए-बिहार के नाम से विख्यात शिक्षाविद् , महान स्वतंत्रता सेनानी और कुशल राजनीतिज्ञ रामलखन सिंह यादव की 105 वीं जयंती रविवार को नगर के नवीन नगर स्थित पी.एन. मैरेज हॉल में धूम-धाम से मनाई गई। बुद्धिजीवी विचार मंच नवादा की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत प्रोफ़ेसर नरेशचन्द्र शर्मा ने की जबकि मंच का संचालन शिक्षक और रंगकर्मी राजू रंजन कुमार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में तिलका मांझी विश्वविद्यालय भागलपुर के प्रोफ़ेसर डॉ. अर्जुन प्रसाद और हाजीपुर रेलवे जोन के मुख्य अभियंता रवि भूषण ने भाग लिया। कार्यक्रम से पूर्व गोवर्द्धन मंदिर के आसपास दलित मुहल्लों में उत्क्रमित अनुसूचित मध्य विद्यालय के बच्चों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई और शिक्षा जागरूकता अभियान चलाकर पठन-पाठन का माहौल बनाया गया। रामलखन सिंह यादव जयंती समारोह में बुद्धिजीवी विचार मंच के शिक्षाविदों के अलावे अंतरजिला शिक्षाविद् भी शामिल हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ उद्घाटन सत्र और स्वागत सत्र से हुआ जिसमें जिले के दर्जन भर वैसे अभिभावकों को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान कर बड़े बड़े ऑफिसर, डॉक्टर इंजीनियर या अन्य विभागों का अगुआ बनाकर देश और समाज की सेवा की है । उद्गार सत्र का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष ने रामलखन सिंह यादव के विराट व्यक्तित्व और कृतित्व को विस्तार से रखा । सेवानिवृत शिक्षक रामरूप प्रसाद यादव ने शम्भू विश्वकर्मा रचित होली गीत 'बनके शेर-ए-बिहार शिक्षा के खोललन दुअरिया' का सस्वर पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच के संरक्षक डॉ सुनीति कुमार , संयोजक अवधेश कुमार, सक्रीय सदस्य रामलखन प्रसाद , मथुरा पासवान, रामबिलास प्रसाद, चंदेश्वर प्रसाद समेत शिक्षाविद् डॉ ओंकार निराला, अशोक समदर्शी, दीपेंद्र कुमार, डॉ शैलेन्द्र कुमार, दुर्गेश नन्दन इत्यादि दर्जनों विद्वतजनों ने लोगों को संबोधित किया। सम्मानित होने वाले अभिभावकों में संजय पासवान, दिनकर दयाल , ममता कुमारी , अंशु राज, संजय सिंह यादव, विजय लक्ष्मी, वीरेंद्र यादव, रामबालक यादव, दुर्गेश नंदन, सुजीत कुमार, रामजी यादव और हिमांशु शेखर राय, गोपाल शरण इत्यादि शामिल हैं।

# दवा व्यवसायियों ने बैठक कर किया होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल बाजार में रविवार को प्रखण्ड दवा विक्रेता संघ ने बैठक कर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मगध जोन के संगठन सचिव ब्रजेश राय मौजूद रहे। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी हाल में कोई भी दवा दुकानदार को नकली दवा की बिक्री नहीं करना है और न हीं खरीदारी करना है। वहीं ज्यादा डिस्काउंट वाला दवा की भी खरीदारी नहीं करने का निर्देश दिया गया। बैठक में चर्चा किया गया कि आने वाले 1 अप्रैल से भारत सरकार का नया पोर्टल जो आएगा,उस पोर्टल में सभी दवा दुकानदार को हर हाल में अपना रजिस्ट्रेशन करवाना है। उसके बाद दवा दुकानदारों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा कहा कि होली के बहाने दवा व्यवसायियों में भाईचारा व एकजुटता दिखती है। यह स्वयं में एक मिसाल है। इस कार्यक्रम से संदेश जाता है कि दवा व्यवसायी एक दूसरे के सुख-दुख में साथ हैं। होली पर्व में आपसी भेदभाव भूलकर लोग गले लग जाते हैं। होली प्रेम व सद्भावना का प्रतीक है। मौके पर जिला के पूर्व सचिव अनिल प्रसाद,पूर्व कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य ध्रुव भगत, प्रेम प्रकाश तथा कौआकोल प्रखंड के प्रखण्ड अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव शंकर कुमार,राजीव रंजन आदि मौजूद रहे।

# हर्बल रंगों से खेली गई सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण होली




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** निजी विद्यालय संघ के बैनर तले रविवार को योगीपुर रोड स्थित कृष्ण सुदर्शन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडल के दर्जनों विद्यालयों से जुड़े निदेशकों ने भाग लिया। समारोह में वक्ताओं ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व खुशियों, आपसी प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि होली न केवल उत्सव का अवसर है, बल्कि यह आपसी वैमनस्य को भुलाकर प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देने का भी संदेश देती है। उपस्थित शिक्षाविदों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि होली खेलते समय हर्बल रंगों और गुलाल का उपयोग करना चाहिए तथा केमिकल युक्त रंगों से बचना चाहिए, क्योंकि ये त्वचा और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

निजी विद्यालय संघ हर वर्ष इस प्रकार के होली मिलन समारोह का आयोजन करता है, जिसका उद्देश्य समाज में प्रेम और शांति का संदेश फैलाना है। वक्ताओं ने कहा कि हम सभी को आपसी भेदभाव और झगड़ों को भुलाकर प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देना चाहिए, यही होली का वास्तविक संदेश है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा सहित संतोष कुमार, रविशंकर कुमार, अश्विनी कुमार, विनय कुमार, राजेश कुमार, पवन कुमार, राकेश कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. उपेंद्र सिंह, शंभू शरण सिंह, संजय कुमार वर्मा, सुनील कुमार, अभय प्रताप, विजय ठाकुर, गौतम पांडेय, जितेंद्र कुमार, बिजेंद्र शर्मा, नवल कुमार, कमलेश कुमार, संतोष त्रिपाठी, अशोक कुमार, शत्रुघ्न कुमार सहित कई अन्य शिक्षाविद मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नवादा नगर के श्री कृष्णा स्मारक हॉल में शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार के नेतृत्व में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले भर के शिक्षकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया।

**होली गीतों से माहौल हुआ रंगीन**

समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय कुमार ने कहा कि होली भाईचारे और सद्भाव का पर्व है, जिसे मिलजुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्योहार हमें हमारी संस्कृति, परंपरा और एकता का संदेश देता है।

समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक होली गीत प्रस्तुत किए, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो गया। शिक्षकों ने होली खेलत रघुवीरा अवध में गीत पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रेम और सावधानी कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि होली को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। किसी पर जबरदस्ती रंग न डालें और हुड़दंग से बचें। शिक्षकों ने कहा कि त्योहारों का असली आनंद तभी है जब इसे संयम और प्रेम के साथ मनाया जाए।

इस होली मिलन समारोह में सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों से समा बांध दिया। मौके पर उपस्थित शिक्षकों में वीरेंद्र पासवान, नवीन कुमार, प्रफुल्ल कुमार, विपिन कुमार, विमल अब्बू सईद, ईश्वर चंद्र चौधरी, अवधेश कुमार, मोहम्मद तनवीर आलम, प्रियंका कुमारी, डॉ. रवि शंकर कुमार, मनोज कुमार झा, शाहिद समेत कई शिक्षाविद शामिल थे।

# मतभेद भुलाकर पार्टी को मजबूत करें : विधायक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा शहर के स्टेशन रोड स्थित जदयू नगर अध्यक्ष ललन प्रसाद के आवास पर रविवार को जदयू कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुंदन कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए हिलसा के विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने कहा कि कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों में बूथ कमेटियों को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है। इसके तहत प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस नए मतदाताओं को जोड़ने का निर्देश दिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और बिजली सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक विकास हुआ है। कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुँचाएँ, जिससे पार्टी को और अधिक मजबूती मिले।

इस बैठक में हिलसा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी राहुल खंडवाल, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास कुमार, श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार उर्फ राजू, रेखा कुमारी, रानी प्रियंका कुमारी, पूर्व पैक्स अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, भरत शर्मा, गणेश रजक, रणधीर कुमार उर्फ पंकज, सुधीर कुमार, अशोक कुमार, ओम प्रकाश कुमार, अरविंद प्रसाद, जयप्रकाश नारायण सिंह, पवन कुमार संतोष, प्रमोद कुमार, अनिल दास, राम ईतर चौहान, मुन्ना कुमार, अवध किशोर, जितेंद्र कुमार, शशि भूषण प्रसाद, संजय शाव, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, कपिल पासवान, रजनीश कुमार, पिंटू कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गया जिले में 1940 बीपीएससी शिक्षकों को प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गांधी मैदान में बिहार लोक सेवा आयोग (बी0पी0एस0सी0) द्वारा चयनित 51 हजार 389 शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि आज जिन नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। आप सब खुश रहें, मुस्कुराते रहें और बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। बहुत खुशी की बात है कि हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 51 हजार 389 शिक्षकों का चयन किया गया जिन्हें आज नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। गांधी मैदान में 10 हजार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया जबकि शेष लोगों को जिलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी शिक्षकों से मैं कहना चाहता हूं कि वे अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं और उनका विकास करें। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ें। उन्हें पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इस पर सबलोग विशेष ध्यान रखें। आज के इस अवसर पर बिहार लोक सेवा आयोग एवं शिक्षा विभाग को विशेष तौर पर बधाई देता हूं कि वे निर्धारित समय के अंदर बेहतर ढंग से कार्यों को पूर्ण कर रहे हैं। आप सभी लोगों को फिर से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इसी क्रम में गया जिले के बिहार लोक सेवा आयोग (बी0पी0एस0सी0) द्वारा चयनित 1940 शिक्षिकों को मंत्री उद्योग विभाग बिहार सरकार सह गया जिले के प्रभारी मंत्री नीतीश मिश्रा जी द्वारा महाबोधि संस्कृति केंद्र में नियुक्ति पत्र प्रदान किया है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों में कक्षा 1 से 5 के लिए जनरल 565 शिक्षक, उर्दू के लिए 68 शिक्षक को नियुक्ति पत्र दी गई। कक्षा 6 से 8 के लिए इंग्लिश के लिए 78, हिंदी विषय के लिए 101, उर्दू विषय के लिए 18, संस्कृत 23, सोशल साइंस 119, गणित के लिए 176 शिक्षक को नियुक्ति पत्र दी गई।

कक्षा 9 एवं 10 के लिए हिंदी के 70 शिक्षक, इंग्लिश विषय के लिए 105 शिक्षक, उर्दू 7, संस्कृत 23, विज्ञान 114, गणित 83, सोशल साइंस 60, फिजिकल शिक्षक तीन, ललित कला के एक शिक्षक, म्यूजिक के लिए 7 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया है। कक्षा 11 एवं 12 के लिए हिंदी विषय के लिए 37, उर्दू के लिए 23, संस्कृत 13, बांग्ला दो, अरबी एक, इतिहास 82, pol. Science 40, भूगोल 15, इकोनॉमिक्स 15, सोशियोलॉजी 17, साइकोलॉजी 16, फिलासफी एक, होम साइंस 14 कंप्यूटर साइंस 13, अकाउंटेंसी दो, म्यूजिक 23, एंटरप्रेन्योरशिप के 3 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान की गई है। इस अवसर पर महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र बोधगया में एमएलसी मोहम्मद आफाक, एमएलसी कुमुद वर्मा, आयुक्त मगध प्रमंडल गया, जिला परिषद अध्यक्ष, बोधगया नगर परिषद के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी गया, उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग सहित अन्य शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# भट्टबिगहा में होली मिलन समारोह, मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** होली के उल्लास और उमंग के बीच भट्टबिगहा, (गया) में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को होली की शुभकामनाएं दीं और बधाई दी। समारोह के दौरान ढोलक, झाल और मंजीरा की मधुर धुनों के साथ लोकगीतों की प्रस्तुति हुई जिससे श्रोता झूम उठे। गायक कलाकार अखिलेश यादव के गीतों ने समां बांध दिया और लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने गरीब एवं बुजुर्ग महिलाओं को साड़ी वितरण कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि होली मिलन जैसे आयोजन समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि होली हिंदू और सनातनियों का हर्ष, उल्लास और उमंग का पर्व है, जो सभी को जोड़ने का काम करता है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों के बीच डब्बाबंद मिठाई भी वितरित की गई। होली मिलन समारोह में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री रणवीर यादव, भाजपा के गया जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, लघु उद्योग प्रकोष्ठ के शंभू केसरी, जितेंद्र, तथा गोलू रेस्टोरेंट के मालिक पप्पू चंद्रवंशी सहित अनेक गणमान्य लोग, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कुमार, पप्पू चंद्रवंशी, चंदन कुमार, सुरेंद्र यादव, छोटेलाल मांझी, हरि यादव और वेद प्रकाश का विशेष योगदान रहा।

# पैक्स अध्यक्ष सीताराम यादव द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी/गोपालपुर(ग्रामीण)।** शेरघाटी के गोपालपुर गांव स्थित एक निजी होटल में रविवार को पैक्स अध्यक्ष सीताराम यादव द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष सीताराम यादव ने कहा कि शेरघाटी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हमेशा हमारे प्रति विश्वास जताया है। उन्होंने आगे कहा अगर 2025 में जनता हमें आशीर्वाद देकर विधानसभा भेजती है तो शेरघाटी में सिर्फ एक विधायक नहीं होगा, बल्कि यहां की पूरी आम जनता विधायक के रूप में काम करेगी। हमारा उद्देश्य हर व्यक्ति की आवाज को सदन तक पहुंचाना और विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवियों और कार्यकर्ताओं ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने पैक्स अध्यक्ष सीताराम यादव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में नई ऊर्जा और विकास की दिशा में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर को सम्मानित किया गया और आगामी चुनावों के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया गया।

# किराना दुकान से शटर तोड़ डेढ़ लाख की चोरी

**खिजरसराय (नबिटा सं.)।** खिजरसराय थाना से महज कुछ दूरी पर बाईपास रोड में बाना गांव के समीप स्थित महालक्ष्मी इंटरप्राइजेज किराना दुकान का शटर तोड़ चोरों ने दुकान में बिक्री की राशि बीस हजार रुपया एवं एक लाख की गोलकी चालीस टीन रिफाइन तेल एक बोरा छुहाड़ा आदि कीमती सामान की चोरी कर ली। घटना शनिवार की रात की है। इस संबंध में दुकानदार संजीव कुमार पिता कमलेश प्रसाद सिंह वरैनी वेलागंज निवासी द्वारा स्थानीय थाना में प्रथमिकी दर्ज कराई है। इन्होंने कहा कि शनिवार को शाम आठ बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह जब पांच बजे दुकान खोलने पहुंचा तो बीच वाला शटर टूटा पाया। इसकी सूचना मैंने पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने के उपरांत शटर हटाकर दुकान में देखा तो पाया कि बीस हजार की राशि एक एक लाख की कीमती सामान गायब है।

**पुलिस की रात्रि गश्ती को चुनौती दे रहे चोर**

चोरों ने इस घटना को अंजाम दे कर पुलिस की रात्रि गश्ती को सीधा चुनौती दिया है जिस जगह पर पुलिस रात्रि में गश्ती पर रहने की दावा करती है वहीं पर चोरों ने घटना को अंजाम देकर रात्रि गश्ती की दावा को खोखला साबित कर दिया है। पुलिस की लापरवाही चोरों के लिए चांदी के सिक्के उछालने जैसा है।

# चित्रांश परिवार ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** जिला चित्रगुप्त मंदिर काशीपुर के प्रांगण में होली मिलन समारोह 2025 का रंगारंग आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष ए.के. लाल ने जिले भर से आए चित्रांशों एवं अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर केशव प्रसाद ने कहा कि चित्रांश परिवार समाज में भाईचारा और सौहार्द के लिए पहले भी काम किया है और आगे भी काम करते रहेगी। चित्रगुप्त मंदिर समिति के संरक्षक ई सुबोध कुमार सिन्हा ने कहा कि चित्रांश अब सिर्फ चित्रगुप्त पूजा तक ही सीमित नहीं है। प्रधानाध्यापक सौरभ कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में नया जोश भरता है। युवा पीढ़ी इस जिम्मेदारी को आगे ले जाएं ताकि चित्रांशों में नई ऊर्जा का प्रवाह होता रहे। इस अवसर पर अंकित वर्मा एवं एकता वर्मा ने अपनी संगीतमय होली गीतों की प्रस्तुति से सबों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार प्रवीण कुमार चुन्नू ने किया। मौके पर समिति के पदधारक केशव किशोर प्रसाद, मनोज कर्ण, अमरेंद्र भूषण, डॉ सुशांत कुमार, समरेंद्र भूषण, समदर्शी राजगृहार, अशोक कुमार वर्मा, किशन लाला सहित सैकड़ों की संख्या में चित्रांश परिवार के पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित थी।

# चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार व किशोर निरुद्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के एक पैक्स गोदाम एवं सरकारी स्कूल से चोरी मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा एक विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया। मामला थाना क्षेत्र की हैं, जहां बीते सात फरवरी को एक पैक्स गोदाम से गेहूं एवं सरकारी स्कूल से पंखा चोरी हो गया था जिसमें अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पैक्स गोदाम से चोरी किए गए चार बोरा गेहूं एवं सरकारी स्कूल से चोरी की गई चार सिलिंग फैन को बरामद किया गया।

# पीसीसी पथ का विधायक डॉ अनिल कुमार ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** प्रखंड के प्रधाना इसमाइलपुर मुख्य पथ पर स्थित घोंघीमठ से चबूरा जाने वाली लिंक मार्ग में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक डॉ अनिल कुमार ने रविवार को किया। यह कार्य 38,45,925 रूपए की लागत से पीसीसी पथ निर्माण कार्य कराया गया है। चबुरा गांव में सभा का आयोजन किया गया जिसमें टिकारी के वर्तमान विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ अनिल कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते वर्ष 2015 में जब क्षेत्र में घूम रहे थे तो कई कठिनाई थी जिसे पूरा करने को मैंने बोला था। जब हम वर्ष 2020 में चुनाव जीते तो रोड बनाने का निर्णय लिया उसी की कड़ी में यह कार्य पूरा किया गया है। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास जारी है। बताते चलें कि उक्त मार्ग काफी वर्षों से अधूरी थी जिसकी दूरी एक किलोमीटर है। सड़क का निर्माण हो जाने से चबूरा, नारायणपुर, बरई, राजा बिगहा, विजयपुर, इटवां सहित दर्जनों गांव के लोग लाभान्वित हुए हैं। मौके पर चबूरा पंचायत के मुखिया संजय यादव, हम नेता अजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य हरेंद्र दांगी, चंचल यादव, लालदेव ठाकुर, संतोष यादव, धनंजय यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

# बिजली चोरी के खिलाफ दो लोगों पर जुर्माना सहित मामला दर्ज

**कोंच (नबिटा सं.)।** आंती थाना क्षेत्र के आंती टोला जमालपुर एवं चंदैनी गांव में बिजली चोरी के खिलाफ दो लोगों पर जुर्माना सहित मामला दर्ज रविवार को हुआ है। जानकारी देते हुए प्रभारी विद्युत कनीय अभियंता हिमांशु कुमार ने बताया कि विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध गुप्त सूचना के तहत छापेमारी की गई जिसमें अवैध रूप से विद्युत जलाने के आरोप में छापामारी के दौरान ग्राम आंती टोला जमालपुर निवासी राजेश्वर यादव पिता रघुनी यादव पर 27202 रुपए एवं ग्राम चंदैनी निवासी बाबूचंद मिस्त्री पिता राजेंद्र मिस्त्री पर 54258 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। बताया गया है कि राजेश्वर यादव विद्युत संबंध लिए हुए हैं और बकाया राशि के कारण एक वर्ष पूर्व विद्युत विच्छेद कर दिया गया था।

# उर्दू प्रार्थना वीडियो बनाने को लेकर शिक्षक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय आंती टोला जमालपुर में उर्दू प्रार्थना वीडियो बनाने को लेकर शिक्षक के साथ मारपीट हुई और 9 लोगों पर मामला दर्ज रविवार के सुबह दस बजे हुआ। मामला दर्ज शिक्षक अजय प्रसाद ने कराया है। बताया गया है कि मैं राजकीय मध्य विद्यालय आंती टोला जमालपुर में शिक्षक के पद पर कार्यरत हूं। बीते शनिवार को दोपहर 3:40 बजे क्लास लेने के बाद स्कूल के बरामदा में बैठे थे। उसी समय गांव के ही 9 लोग आए और पूछे कि आज प्रार्थना वीडियो बनाए हैं तो बोले कि बनाया हूं। इतना बोलते ही मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। वहीं, ग्रामीणों के अनुसार उक्त विद्यालय में पूर्व से ही हिंदी भाषा में प्रार्थना होते आया है, लेकिन अब वर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक के आने से उर्दू भाषा में प्रार्थना हो रहा है जिसका शिक्षक के द्वारा वीडियो बनाने पर घटना का अंजाम दिया गया है। इस संबंध में आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि कांड संख्या 33/25 दर्ज किया गया है और मो.शोहराब, मो.जावेद, मो.ओबैद, मो. राशिद, मो.नन्हकू, मो. माजिद, मो.एहसान, मो.जीशान एवं मो.कैफ को आरोपी बनाया गया है। एस आई मीरा कुमारी द्वारा अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

# जेवर दुकान में लाखों की चोरी

## आक्रोशित लोगों ने पांच घंटे तक बराही-ओबरा पथ जाम किया, बाजार भी रहा बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



रफीगंज (औरंगाबाद)। पौथु थाना क्षेत्र के बराही बाजार स्थित ओम शांति ज्वेलर्स में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर करीब 300 ग्राम सोना, 6 किलो चांदी और 4 लाख रुपये नकद चुरा लिए। चोरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें 6-7 अपराधी दिखाई दे रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ सदर-2 अमित कुमार, एफएसएल टीम, डीआईईओ, इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद, रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार और पौथु थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी फुटेज में रिकॉर्ड हुई है। उन्होंने कहा, मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी संभावित पहलुओं की जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। संचालक ने जताई नाराजगी, लगातार हो रही हैं चोरी की घटनाएं दुकान संचालक धीरज कुमार और आयुष कुमार सोनी ने बताया कि उनके परिवार की ज्वेलरी दुकान में यह चौथी चोरी की घटना है, लेकिन अब तक किसी भी अपराधी को पकड़ा नहीं गया है। उन्होंने कहा कि बराही बाजार में लगातार चोरी की घटनाएँ हो रही हैं। कुछ महीने पहले पेट्रोल पंप और किराना दुकान में भी चोरी हुई थी, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बराही-ओबरा पथ को जाम कर दिया और पूरे बाजार की दुकानें बंद कर दीं। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की।

संचालक के अनुसार, शनिवार रात करीब 2 बजे चोरों ने दुकान के चैन गेट को उखाड़कर वारदात को अंजाम दिया। दुकान शनिवार शाम 6 बजे बंद कर दी गई थी। रविवार सुबह जब दुकान खोली गई तो सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी और बाजार की सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा।

# ब्लॉक होर्टिकल्चर अधिकारी बनी निहारिका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** निहारिका ने बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन, पटना द्वारा आयोजित ब्लॉक होर्टिकल्चर ऑफिसर (प्रखंड उद्यान पदाधिकारी) परीक्षा में सफलता हासिल कर अपेक्षित आहर्ता हासिल कर लिया है। इससे परिजनो में हर्ष का माहौल है। इस चयन से निहारिका ने अपनी योग्यता एवं संकल्प शक्ति का सशक्त परिचय दिया है। उनकी इस सफलता पर उनके सगे-संबंधी एवं मुहल्ले के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी हैं। सहायक शिक्षिका, राजकीय मध्य विद्यालय, जितवारपुर रेलवे कालोनी, समस्तीपुर डॉ अनिता कुमारी, एवं प्रिंसिपल जी. एम. आर. डी. कॉलेज मोहनपुर, समस्तीपुर प्रोफ़ेसर डॉ कुशेश्वर यादव, की सुपुत्री निहारिका बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि, मेधावी एवं लक्ष्य के प्रति सजग और संकल्पित रही है। पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक, सामाजिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद गैर शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेना उनका शौक रहा है। डीएवी समस्तीपुर से सेकेंडरी के बाद डीपीएस बोकारो से हायर सेकेंडरी की पढाई पूरी करने के बाद नैनी, प्रयागराज से एग्रीकल्चर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कर वे फिलहाल बिहार एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, सबौर में रिसर्च स्कॉलर के रूप में कार्यरत है। शोध क्षेत्र उनकी पहली प्राथमिकता है। ज्ञातव्य है निहारिका का भाई कुमार आशुतोष अमन कैंपस सेलेक्सन के तहत एनसीआर एटलोज कंपनी, गुड़गांव में कम्प्यूटर इंजीनियर के रूप में कार्यरत है।

# रंग-भंग उमंग भौजी के संग का लोकार्पण, होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**समस्तीपुर।** शहर के ताजपुर रोड, स्थित समता सदन में वरिष्ठ अधिवक्ता शिवचंद्र प्र राजगृहार की अध्यक्षता में होली-मिलन समारोह रंग-भंग-उमंग भौजी के संग कार्यक्रम के रूप में अनोखे अंदाज में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अधिवक्ता समदर्शी राजगृहार को रंगा सियार की उपाधि और शिक्षाविद डॉ परमानन्द लाभ की रचना कहू कोन अन्हेर भेलै होली में का लोकार्पण विशेष आनंददायक पल रहे। मुख्य अतिथि कुसुम पाण्डेय स्मृति साहित्य सेवा संस्थान के सचिव शिवेन्द्र पाण्डेय मौजूद थे। कार्यक्रम का आरंभ डॉ रामसूरत और राजकुमार चौधरी के होली गीत से हुआ। इसके पुर्व प्रवीण कुमार चुन्नू के संचालन में पीयूसीएल के महासचिव अशोक कुमार वर्मा ने आगत अथितियों का स्वागत किया। पुनश्च साहित्यकार विनयकृष्ण ने रोचक व मनमोहक अंदाज में विषय-प्रवेश कराया। तदुपरांत गीतकार उदय शंकर चैधरी की होली-गीत-प्रस्तुति ने लोगों को झूमा दिया। इस अवसर पर डॉ रामसजीवन पाण्डेय, डॉ केशव कुमार सिंह, अरविंद सत्यदर्शी, आदि ने अपनी-अपनी मोहक रचना का सस्वर पाठ किया। धन्यवाद ज्ञापन सवर्ण मोर्चा के अध्यक्ष अर्जुन प्र सिंह द्वारा किया गया। मौके पर दर्जनों साहित्य प्रेमियों ने इस रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया।

# डीडीसी ने कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शनिवार को उप विकास आयुक्त द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें कई आवश्यक निर्देश दिए गए। इस क्रम में उन्होंने गनरेगा योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माणाधीन खेल मैदानों को 30 मार्च 2025 तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया। साथ ही योजना की प्रगति धीमी रहने हेतु सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिए। सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि प्रति पंचायत एनआरएम योजनाओं का चयन करते हुए अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित करें। शून्य व्यय वाली योजना इस संबंध में समीक्षा के उपरांत निदेशित किया गया कि सभी कार्यक्रम पदाधिकारी अपने ग्राम पंचायत के मुखिया जी एवं पंचायत रोजगार सेवक के साथ संयुक्त रूप से समीक्षा कर ले। तदोपरांत अपने स्तर से सूची जिला को उपलब्ध करावें। 0 5: व्यय वाली योजना इस संबंध में निदेश दिया गया कि वैसी योजना जिस में 05: तक राशि व्यय की गई है को चिन्हित करते हुए अविलम्ब कार्य पूर्ण करावें अन्यथा व्यय की गई राशि की संबंधितों से नियमानुसार वसूली सुनिश्चित करावे। सामाजिक अंकेक्षण इसके संबंध में निदेश दिया गया कि डीआरपी, समस्तीपुर के साथ सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बैठक करावाकर मामलों का अविलम्ब निस्तारण कर डीआरपी के पोर्टल पर इसे अद्यतन करें।

# होली मिलन समारोह पर लगा कलाकारों का जमावड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**ओईनी।** प्रखंड के आदर्श ग्राम कुबौलीराम में शनिवार को होली मिलन समारोह में कलाकारों जम कर मस्ती की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त महालेखाकार परीक्षक महेंद्र मोहन मिश्र ने सर्वप्रथम गणपति वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद क्षेत्र के सुविख्यात गायक आकाशवानी दूर-दर्शन कलाकार श्याम मोहन मिश्र, और दिल्ली (नोएडा) से आई मशहूर गायिका सृष्टि श्रुति और अनुष्का साक्षी और आकाशवाणी दूरदर्शन के चर्चित कलाकार पंडित श्याम मोहन मिश्र की युगलबंदी में होली शुरू हुई तो लोग देर रात्रि तक झूमते रहे। इस दौरान प्रवीण झा आदि ने विविध रागों पर आधारित होली गाकर माहौल को होली मय कर दिया। इसके बाद गजल गायक सुशील कुमार ने अपनी गजल पेश कर माहौल का जयका बदला। देर रात्रि तक चले इस आयोजन में मशहूर बांसुरी वादक मनीष कुमार, तबला आचार्य रामचंद्र ठाकुर, प्रभात कुमार तुलसी, ढोलक पे सनातन भारती ने कार्यक्रम में रंजकता का रंग भरने में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर आयोजक बमबम कुमार सिंह ने सभी को गुलाल लगा कर होली की शुभकामाना व बधाई देते हुए कहा कि संस्कृति को बचाए रखने की जरूरत है। क्योंकि तकनीक प्रधान हो रहे देश से आधुनिकता की होड में पारंपरिक होली संगीत और संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। इस तरह के कार्यक्रम से समाज में आपसी प्रेम की भावना और भाईचारा बढ़ता है। मौके पर नंदगोपाल राम, रौशन कुमार, तौकीर आलम (लड्डू), श्याम कुमार, गौरव कुमार, मनोरंजन झा सहित कई कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति से लोगों को रिझाया।

संपादकीय

## बिहार में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी भाजपा

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दिलचस्प दौर जारी है। नीतीश कुमार जहां एक बार फिर अपने पुराने रूप में आते हुए लालू यादव और राबड़ी देवी पर तीखा हमला बोल रहे हैं। नीतीश तेजस्वी यादव पर निशाना साधने के साथ ही बिहार के मतदाताओं को 2005 से पहले के बिहार की भी लगातार याद दिला रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की लड़ाई के बीच प्रशांत किशोर के एक बयान ने बिहार की राजनीति को पूरी तरह से गरमा दिया है। जन सुराज पार्टी के बैनर तले बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशांत किशोर ने यह बयान देकर सनसनी पैदा कर दी है कि नीतीश कुमार बीजेपी के साथ मिलकर विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे लेकिन नतीजों के बाद वे फिर से पाला बदल सकते हैं। प्रशांत किशोर ने इसके साथ ही अपने कई पुराने बयानों को दोहराते हुए नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर भी कई तरह के गंभीर सवाल उठाए। भाजपा के रणनीतिकारों को भी नीतीश कुमार की राजनीतिक शैली का बखूबी अंदाजा है। इसलिए पार्टी के रणनीतिकारों ने पहले ही इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति बना ली है। बताया जा रहा है कि भाजपा इस बार बिहार के विधानसभा चुनाव में बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन में जेडीयू और भाजपा के बीच 122-121 के फॉर्मूले पर सीटों का बंटवारा हुआ था। जेडीयू को मिले 122 सीटों में से 115 पर नीतीश कुमार ने अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 7 सीटें जीतन राम मांझी की पार्टी को दिया था। वहीं भाजपा ने अपने कोटे की 121 सीटों में से 110 पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे और 11 सीटें मुकेश सहनी की पार्टी वीआईपी को दे दी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में 110 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा को 74 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। जबकि भाजपा से ज्यादा यानी 115 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद नीतीश कुमार की पार्टी सिर्फ 43 सीटों पर ही जीत हासिल कर पाई थी। इस बार भाजपा ने बिहार में जेडीयू से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार कर ली है। इस रणनीति के तहत भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव के 122-121 के फॉर्मूले को दरकिनार करते हुए 139-104 का नया फॉर्मूला तैयार कर लिया है। इस फॉर्मूले के हिसाब से 2020 के विधानसभा चुनाव में 115 सीटों पर लड़ने वाले नीतीश कुमार की पार्टी को इस बार सिर्फ 104 सीटों पर ही संतुष्ट होना पड़ेगा। भाजपा इस फॉर्मूले के तहत 139 सीटें अपने कोटे में रखने की तैयारी कर रही है। भाजपा के आला नेताओं ने नीतीश कुमार को इस फॉर्मूले के बारे में बताते हुए यह भी साफ कर दिया है कि पार्टी अपने कोटे में से ही गठबंधन में शामिल अन्य दलों को सीटें देंगी। बताया जा रहा है कि 139 सीटों के अपने कोटे में से भाजपा 20 सीट चिराग पासवान की पार्टी को देगी और 7-7 सीट जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी को देगी। बाकी बची 105 सीटों पर भाजपा अपने उम्मीदवार खड़े करेगी। इस हिसाब से भाजपा नीतीश कुमार की पार्टी से एक सीट ज्यादा पर चुनाव लड़कर बिहार एनडीए गठबंधन की राजनीति में न केवल बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ेगी बल्कि इसके साथ ही चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के उम्मीदवारों के चयन में भी अपना दखल बनाए रखेगी। भाजपा की यह पूरी कोशिश होगी कि 139 के अपने कोटे वाली सीटों पर ही शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुमत के लिए जरूरी 122 सीटें हासिल कर ली जाए। अगर पार्टी अपनी रणनीति में कामयाब हो जाती है तो फिर नीतीश कुमार की मोलभाव करने की राजनीतिक क्षमता खत्म हो जाएगी। भाजपा बड़े आराम से चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा की मदद से बिहार में अपना मुख्यमंत्री बना लेगी।

# वर्चस्व पर संकट का कवच बनती हिंदी विरोध की राजनीति

**तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावदी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी। जिसका आखिर में नतीजा हो सकता है कि द्रविड़ राजनीति की विदाई। कह सकते हैं कि स्टालिन को यही डर सताने लगा है। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने त्रिभाषा फॉर्मूला स्वीकार कर लिया, नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू होने दिया तो जिस स्थानीयता केंद्रित भावना प्रधान राजनीति वह या उनके साथी स्थानीय दल करते हैं, उसका प्रभाव छीजने लगेगा।**

**उमेश चतुर्वेदी**

हिंदी को लेकर तमिलनाडु की राजनीति का आक्रामक होना कोई नई बात नहीं है। हिंदी के विरोध में जिस तरह स्टालिन ने रोजाना आधार पर मोर्चा खोल रखा है, वह 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन की याद दिला रहा है। संवैधानिक प्रावधानों की वजह से 26 जनवरी 1965 को हिंदी को राजभाषा के तौर पर जिम्मेदारी संभालनी थी, जिसके विरोध में सीए अन्नादुरै की अगुआई में पूरी द्रविड़ राजनीति उतर आई थी। तब हिंदी विरोध के मूल केंद्र में तमिल उपराष्ट्रीयता थी। उसके लिए तब यह साबित करना आसान था कि उस पर हिंदी थोपी जा रही है। तब आज की तरह सूचना और संचार की सहूलियतें नहीं थीं, तब दक्षिण और उत्तर के बीच आज की तरह सहज संचार नहीं था, तब आज की तरह मीडिया का इंटरनेटी वितान नहीं था। लेकिन आज हालात बदल चुके हैं। लिहाजा इस संदर्भ में स्टालिन के मौजूदा हिंदी विरोध की तह में जाना जरूरी हो जाता है।

चाहे तमिलनाडु का निवासी हो या फिर उत्तर भारत के किसी हिंदीभाषी इलाके का, उसके हाथ में अगर फोन है, उसमें अगर इंटरनेट का कनेक्शन है तो तय है कि उसकी उंगलियों के नियंत्रण में हिंदी और अंग्रेजी ही नहीं, दुनियाभर की भाषाएं हैं। इसलिए कम से कम सूचना और संचार के ऐसे माध्यमों पर किसी सरकार की वजह से भाषायी बंधन आज के दौर में हो भी नहीं सकता। इंटरनेट क्रांति के पहले भाषाओं के विस्तार में बाजार ने जो भूमिका निभाई, उसे अनदेखा नहीं किया जा सकता। आज का बाजार वर्ल्ड वाइड वेब यानी डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू के पंखों के सहारे कहीं और तेजी से फैल तो रहा ही है, फल-फूल भी रहा है। इसलिए हिंदी ही नहीं, किसी भी भाषा का विरोध अब दुनिया के किसी भी कोने में पूरी तरह न तो सफल हो सकता है और कोई दीवार उसे रोक सकती है। बेशक तमिलनाडु भाषायी स्तर पर अपनी अलग पहचान रखता है, लेकिन वह भी हमारे देश का हिस्सा है। मौजूदा स्थिति



में तेजी से विकसित होता राज्य है और उसे अपने उत्पादन केंद्रों के लिए कामगारों की जरूरत है। जिसकी आपूर्ति उत्तर भारत के ही राज्य करते हैं। उसके निजी शैक्षिक केंद्रों के लिए विद्यार्थियों की भी जरूरत है। उत्तर भारत की जो शैक्षिक स्थिति है, उसकी असलियत सबको पता है। इस वजह से उत्तर भारतीय छात्रों की आवक भी तमिलनाडु में खूब है। ऐसे माहौल में वैसे तो हिंदी विरोध के औचित्य पर ही सवाल है। फिर भी स्टालिन विरोध कर रहे हैं तो उसके अपने कारण हैं।

संचार और सूचना क्रांति और तेज आवागमन के चलते भाषायी स्तर पर तमिलनाडु की स्थिति तीन-चार दशक पहले जैसी नहीं है। वहां हिंदी बोलने वालों की संख्या भले कम हो, लेकिन उसे समझने और हिंदी में आने वाले सवालों का जवाब देने या प्रतिक्रिया में सौदा-सुलफ मुहैया कराने वालों की तादाद बढ़ी है। हिंदी या कोई अन्य भाषी वैसे भी तमिल संस्कृति को इसलिए बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं कर सकते, क्योंकि तमिल संस्कृति और भाषा दुनिया की पुरानी संस्कृतियों में से एक है और उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं। तमिल लोग अपनी संस्कृति और भाषा से नेह-छोह ही नहीं रखते, उसका शिद्दत से सम्मान भी करते हैं। फिर तमिलनाडु की ऐसी स्थिति नहीं है कि दिल्ली, जालंधर, सूरत, लुधियाना, मुंबई की तरह तमिलनाडु के शहरों में हिंदीभाषियों की बाढ़ आ जाएगी। वैसे एक बारगी मान लें कि जिन जगहों का जिक्र हुआ है, वहां हिंदीभाषियों की बाढ़ होने के बावजूद क्या वहां की स्थानीय संस्कृति और भाषाओं पर संकट आया। निश्चित तौर पर इसका जवाब ना में है। दरअसल होता यह है कि बाहर से आया व्यक्ति स्थानीय संस्कृति और समाज के लिहाज से वहां व्यवहृत भाषा को अपने सामाजिक और सार्वजनिक कामकाज की भाषा बनाता है, वह अपनी बोली-बानी को अपने सीमित समाज और परिवार में इस्तेमाल तो करता है, लेकिन उसकी सार्वजनिक संपर्क भाषा वहां की स्थानीय भाषा ही होती है। पता नहीं, इन तथ्यों को स्टालिन समझते हैं या नहीं, लेकिन वे बार-बार हिंदी पर आरोप लगाते रहते हैं कि वह तमिल संस्कृति को नुकसान पहुंचाएगी।

असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं।

तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावदी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी। जिसका आखिर में नतीजा हो सकता है कि द्रविड़ राजनीति की विदाई। कह सकते हैं कि स्टालिन को यही डर सताने लगा है। उन्हें लगता है कि अगर उन्होंने त्रिभाषा फॉर्मूला स्वीकार कर लिया, नई शिक्षा नीति को राज्य में लागू होने दिया तो जिस स्थानीयता केंद्रित भावना प्रधान राजनीति वह या उनके साथी स्थानीय दल करते हैं, उसका प्रभाव छीजने लगेगा। इससे स्थानीय राजनीति में उनका वर्चस्व कमजोर होगा और हो सकता है कि एक दौर ऐसा आए कि दूसरे राज्यों की तरह यहां भी राष्ट्रीय राजनीति हावी हो जाए। 1967 के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद से कांग्रेस यहां की केंद्रीय राजनीति से बाहर है। तब से वह कभी डीएमके तो कभी एआईडीएमके की पिछलग्गू बनी रही है। कुछ ऐसी ही स्थिति भारतीय जनता पार्टी की भी रही है। 2024 के आम चुनावों को छोड़ दें तो बीजेपी को भी इन्हीं दलों की बैसाखी की आस रही है। हालांकि हाल के दिनों में पूर्व अधिकारी अन्नामलाई के जरिए बीजेपी राज्य में ताल ठोक रही है। अन्नामलाई को तमिलनाडु का खुला आसमान देने के लिए बीजेपी वहां के अपने पुराने नेताओं सीपी राधाकृष्णन और एल गणेशन को राजभवन भेज चुकी है।

तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा के चुनाव हैं। स्टालिन को इस बार लग रहा है कि बीजेपी के जरिए इस बार राष्ट्रीय राजनीति राज्य में अपनी ताकतवर पहुंच बना सकती है। अगर ऐसा होता है तो निश्चित है कि द्रविड़ राजनीति के वर्चस्व को निर्णायक चुनौती मिलेगी। यही डर उन्हें हिंदी विरोध की ताजा आंच को जलाने के लिए मजबूर कर रहा है। हिंदीभाषी समाज, उत्तर भारतीय और राष्ट्रीय पहुंच वाली राजनीति को इस नजरिए को भी ध्यान रखना होगा।

अध्यात्म

## बिना रुके आगे बढ़ने से ही मिलती है सफलता

सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है जो बिना रुके आगे बढ़ते रहते हैं और किसी तरह के लालच और प्रलोभन में नहीं उलझते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा के अनुसार पुराने समय में एक संत के पास गरीब किसान पहुंचा। किसान ने कहा कि मेरे जीवन में कई तरह की परेशानियां चल रही हैं। मैंने जो लक्ष्य बना रखा है, वहां तक पहुंच नहीं पा रहा हूं। मैं इधर-उधर के कामों में उलझ जाता हूं और सब काम बिगड़ जाते हैं।संत ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे घर आकर तुम्हें कोई रास्ता बताता हूं, जिससे तुम्हारी ये समस्याएं दूर हो सकती हैं। किसान अपने घर लौट आया। अगले दिन संत उस किसान के घर पहुंचे। उस समय किसान घर पर नहीं था। किसान की पत्नी ने संत का आदर-सत्कार किया और उन्हें बैठने के लिए उचित स्थान दिया। महिला ने अपने पति को बुलाने के लिए बेटे को खेत भेजा। कुछ ही देर में किसान अपने घर पहुंच गया। उसके साथ एक कुत्ता भी था जो जोर-जोर से हांफ रहा था। संत ने किसान से पूछा कि क्या तुम्हारा खेत बहुत दूर है? किसान ने कहा कि नहीं, मेरा खेत तो यहीं पास में ही है। आपको ऐसा क्यों लग रहा है? संत ने कहा कि मुझे ये देखकर आश्चर्य हो रहा है कि तुम और तुम्हारा कुत्ता दोनों साथ-साथ आए, लेकिन तुम्हारे चेहरे पर बिल्कुल भी थकान नहीं है, जबकि तुम्हारा कुत्ता बुरी तरह से हांफ रहा है। किसान बोला कि मैं और ये कुत्ता दोनों एक ही रास्ते से घर आए हैं। मेरा खेत भी पास ही है। मेरा कुत्ता थक गया है। इसकी एक वजह है। मैं सीधे रास्ते से चलकर घर आया हूं, लेकिन ये कुत्ता आस-पास के दूसरों कुत्तों को देखकर उनको भगाने के लिए दौड़ता-भौंकता हुआ आया है। ऐसा ये बार-बार कर रहा था। यही कारण है कि घर आते-आते ये बहुत ज्यादा थक गया है। संत ने किसान से कहा कि सही बात है। ठीक इसी तरह हमारे साथ भी होता है। हम किसी काम को पूरा करने लगे रहते हैं, तब हमारे सामने कई तरह की रुकावटें आती हैं। हमारा बुरी आदतें हमें काम को पूरा करने से रोकती हैं। कई तरह के लालच मिलते हैं। अगर हम अपना काम छोड़कर इन बातों में उलझ जाते हैं तो लक्ष्य अधूरा ही रह जाता है। हमें सफलता नहीं मिल पाती है। संत ने आगे कहा कि अगर तुम किसी लक्ष्य को पूरा करना चाहते हो तो तुम्हें सिर्फ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरी बातों में समय बर्बाद न करें, सिर्फ लक्ष्य पर ध्यान लगाओगे, जल्दी ही वहां तक पहुंच जाओगे।

# 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करेंगी महिलाएं



**अन्नपूर्णा देवी**

आदिकाल से ही भारत में महिलाओं का समाज में प्रमुख स्थान रहा है। हम 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः' का देश हैं। अर्थात 'जहाँ स्त्रियों का सम्मान होता है वहाँ देवता निवास करते हैं और जहाँ स्त्रियों का सम्मान नहीं होता है वहाँ किये गये समस्त अच्छे कर्म भी निष्फल हो जाते हैं÷- यह भाव, विचार और विश्वास भारतीय मानस में बसा हुआ है। 'शतपथ ब्राह्मण' में उल्लेख मिलता है कि श्रीराम के गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में संगीत व पर्यावरण- संरक्षण का शिक्षण उनकी महान विदुषी पत्नी अरुन्धति ही देती थीं। ऋग्वेद में भी गार्गी, मैत्रेयी, घोषा, अपाला, लोपामुद्रा, रोमशां जैसी अनेक वेद मंत्रद्रष्टा ऋषिकाओं का उल्लेख मिलता है जिनके ब्रह्मज्ञान से समूचा ऋषि समाज उल्लसित था, परन्तु दुःख का विषय है कि स्त्री-शिक्षा की इतनी गौरवपूर्ण व स्वर्णिम परिपाटी, परवर्ती काल में खासतौर से मध्ययुग में आक्रांताओं के शासनकाल और उसके बाद फिरंगियों की गुलामी के दौरान छिन्न-भिन्न होती चली गयी। आजादी के संघर्ष के दौरान और आजादी के बाद महिलाओं का समाज में पुनः कुछ सम्मान बढ़ा, लेकिन उनके प्रगति की गति दशकों तक धीमी रही। गरीबी व निरक्षरता महिलाओं के सशक्तिकरण में गंभीर बाधा रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। महिलाओं और पुरुषों के बीच समाज में जड़ें जमा चुकी असमानताओं को मिटाकर समानता लाने के उद्देश्य से महिला दिवस मनाया जाता है।

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के नायक महात्मा गांधी ने 23 दिसंबर 1936 को अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के अपने भाषण में कहा था-÷जब महिला, जिसे हम अबला कहते हैं, सबला बन जाएगी, तो वे सभी जो असहाय हैं, शक्तिशाली बन जाएंगे।÷ इसी क्रम में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर भी सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के महत्त्व को रेखांकित करते हुए लिखते हैं ÷सामाजिक न्याय के लिए महिला सशक्तिकरण का होना जरूरी है तभी समाज में महिला का उत्थान हो सकता है÷। महिलाओं के उत्थान से ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक विचारों के साथ समाज का पुनः निर्माण संभव है।

जब 1920 के आसपास दुनिया भर में महिलाएं अपने समान नागरिक अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही थीं तब हिंदी के ख्यातिलब्ध रचनाकार मुंशी प्रेमचंद लिख रहे थे कि 'यदि पुरूष में स्त्री के गुण आ जायें तो वह देवता हो जाता है'। रानी अहिल्याबाई होलकर से लेकर झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तक, रानी गाइदिन्ल्यू से लेकर सावित्रीबाई फुले तक महिलाओं ने समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए हैं। वर्तमान भारत इन महान महिलाओं के प्रेरणादायी जीवन से तत्व ग्रहण कर अग्रसर हो रहा है।

इस बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की थीम %कार्रवाई में तेज़ी लाना% (Accelerate Action) है। इस थीम का संदेश है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ठोस और तेजी से कदम उठाने की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में हमारी सरकार ने विभिन्न नीतियों और योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण हेतु अनेक ठोस कदम उठाए हैं। यह नीतियां महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वतंत्रता, सुरक्षा और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई हैं। पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं का जमीन पर लाभ दिखना शुरू हो गया है।

गरीब परिवारों की महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन प्रदान करना हो, स्वास्थ्य और सुविधा में सुधार हेतु 'उज्ज्वला योजना' हो या बालिकाओं की शिक्षा और भविष्य की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना' हो, महिलाओं-बेटियों का हित भारत सरकार की प्राथमिकता हैं। मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन कर महिला कर्मियों को मिलने वाले मातृत्व अवकाश की अवधि 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दी गई है। उधर मोदी सरकार द्वारा छोटे व्यवसायियों की मदद के लिए शुरू की गई मुद्रालोन योजना में महिलाओं की भागीदारी 69 प्रतिशत है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। इसके अलावा स्टैंड अप इंडिया के तहत खास तौर पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग की महिलाओं को ऋण दिया जाता है जिसके तहत अब तक 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक के ऋण स्वीकृत किया जा चुके हैं। ÷बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ÷ और ÷मिशन शक्ति÷ जैसी योजनाओं एवं ÷सेल्फ़ी विद डॉटर÷ जैसी पहलों ने हमारी बालिकाओं- युवतियों के लिए नया आसमान खोला है। महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी/स्ॉत) सशक्तिकरण योजना द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में महिला समूहों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनकी भागीदारी को बढ़ाने के नए कीर्तिमान बनाए जा रहे हैं। आज भारत की नारी एक नए आर्थिक क्षितिज की ओर अग्रसर है।

शिक्षा, सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी मानी जाती है। इस सन्दर्भ में महात्मा गांधी का यह कथन और भी अर्थवान है- ÷जब एक पुरुष शिक्षित होता है तब एक व्यक्ति शिक्षित होता है लेकिन जब एक महिला शिक्षित होती है तब एक परिवार शिक्षित होता है'। इस सूक्ति के मद्देनज़र मोदी सरकार के शासन में भारत में उच्च शिक्षा में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक रूप से बढ़ रही है। 2014-15 के बाद से उच्च शिक्षा में नामांकन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, महिला नामांकन दर 1.57 करोड़ से बढ़कर 2.18 करोड़ हो गया है।

'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' द्वारा संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का अद्वितीय कार्य हो, तीन तलाक़ कानून द्वारा मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा हो, पुलिस बल में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए महिला बटालियनों का गठन हो, अथवा शिक्षा और कौशल विकास में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए संस्थान और ट्रेनिंग प्रोग्राम, हमारी सरकार महिलाओं की अग्रणी भूमिका को सुनिश्चित करने के लिए कृत संकल्पित है। कला, खेल, अभिनय, राजनीति से लेकर सरकारी नौकरियों व प्रोफेशनल जगत- सभी महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में भारतीय महिलाएं अपनी भागीदारी न सिर्फ़ सुनिश्चित कर रही हैं बल्कि अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए अपनी धाक भी बना रही हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विकसित भारत के लिए अपने चार स्तंभों की बात करते हैं तो उसमें महिलाएं भी एक हैं। इस 'विकसित भारत' के संकल्प की सिद्धि में निसंदेह महिलाओं की चतुर्दिक भूमिका होने वाली है। ऐसे में हमें महिलाओं के पराक्रम और क्षमता को समझने की जरूरत है। आइए इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम, महिलाओं के विकास का पथ प्रशस्त करने का संकल्प लें। विकसित एवं सशक्त भारत की निर्माण यात्रा, महिलाओं के समग्र सशक्तिकरण के माध्यम से ही संपन्न होगी।

**( लेखिका भारत सरकार की केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री हैं)**

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
किसी पुरानी बात को याद करके आप खुश होंगे। परिवार के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**वृषभ**
आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहेंगे। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मकता रहेगी। आय के स्रोत मजबूत होंगे। मन में नये-नये विचार पनपेंगे।

**मिथुन**
अपने विरोधियों को बिल्कुल भी अनदेखा न करें। अत्यधिक व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य की अवहेलना न करें। ससुराल पक्ष से अपने सम्बन्ध अच्छे रखें।

**कर्क**
कार्यस्थल पर प्रोजेक्ट्स को अच्छी तरह से पूरा करेंगे। नयी नौकरी की तलाश पूरी हो सकती है। साझेदारी सम्बन्धी योजनाओं को शुरू करेंगे।

**सिंह**
आज काम की अधिकता के बावजूद ऊर्जावान रहेंगे। प्रभावशाली लोगों से आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**कन्या**
धन के लेन-देन में कुछ परेशानी हो सकती है। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है। किसी रिश्तेदार के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**तुला**
करियर की चिन्ता रहेगी। उच्च अधिकारी आपसे कुपित हो सकते हैं। स्वास्थ्य कुछ नरम हो सकता है इसीलिये लापरवाही बिल्कुल भी न करें।

**वृश्चिक**
शिक्षा के क्षेत्र में परेशानी होगी। ऑफिस में आप काफी आसानी से अपने काम करेंगे। लवमेट के साथ अपने मन की बातें शेयर करेंगे।

**धनु**
दाम्पत्य सम्बन्धों में मधुरता रहेगी। नये व्यापार की आप शुरूआत कर सकते हैं। मन में नये विचार उत्पन्न होंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के लिये दिन अच्छा है।

**मकर**
आज नया काम शुरू न करें। अपने कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर लें। भाई-बहनों से सहायता लेने में संकोच न करें। व्यापार विस्तार में कुछ रुकावट आ सकती है।

**कुंभ**
कार्यक्षेत्र में आपको काफी ध्यान देना होगा। आलस्य की वजह से आपके काम अधूरे छूट सकते हैं। तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये समय बहुत ही अच्छा है।

**मीन**
चतुराई के कारण आप व्यापार में अच्छा लाभ कमायेंगे। आलस्य त्याग कर अपने काम पर फोकस करें। नकारात्मकता में कमी आयेगी।

# 'जब से बंद हुई मधुशाला, बालिकाएं जा रहीं पाठशाला' : मंत्री

## शेखपुरा में 553 नवचयनित शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** रविवार को मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार के कर कमलों के द्वारा राज्य भर में एक ही साथ 51 हजार 389 शिक्षकों को एक ही साथ नियुक्ति पत्र दिया गया। मुख्य कार्यक्रम पटना में आयोजित किया गया, जिसका सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया है। शेखपुरा जिला में यह कार्यक्रम डाइट भवन में आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री शीला मंडल के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मंत्री का स्वागत डाइट की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान से किया गया। आज कुल शेखपुरा जिला अंतर्गत 553 नव चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। जिसमें वर्ग 01 से 05 तक के कुल 261 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। वही वर्ग 06 से 08 में कुल 115, वर्ग 09 से 10 के कुल 143 एवं 11 से 12 वर्ग के कुल 34 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र उनके द्वारा दिया गया। इस तरह से इस जिला में आज कुल 553 नव चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। मंत्री ने अपने अभिभाषण में बदलते बिहार के तस्वीर की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले दो दशक से हमारे मुख्यमंत्री के द्वारा लगातार बिहार के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है, जिसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। सत्ता में आते ही उनकी सरकार ने शिक्षा को लगातार बढ़ावा दिया, जिसका परिणाम है कि आज बिहार का साक्षरता दर 77 प्रतिशत से ऊपर चल गया है। आज पंचायतों में उच्च विद्यालय है। बालिकाओं के शिक्षा के लिए उनकी सरकार ने साइकिल देना चालू किया, जिसका परिणाम है कि आज महिलाएं लगातार उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान स्थापित कर रही है। हमने उन्हें उनके शिक्षा का अधिकार दिलाया, जिसके कारण आज वो बदलती बिहार की तस्वीर बन चुकी है।

**शराबबंदी से महिलाएं एवं बालिकाएं महसूस करते हैं सुरक्षित**

इसके साथ ही सरकार के द्वारा शराबबंदी लागू की गई, जिसके कारण अपराध में भारी कमी आई है। आज रात में लोग आराम से बाहर घूम सकते है। महिलाएं एवं बालिकाओं आज सुरक्षित महसूस कर रही है। वो कहा जाता है न '' जब से बंद हुई मधुशाला, महिलाएं जा रही पाठशाला'' की नीति पर उनकी सरकार काम कर रही है। उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील की आज नियुक्ति पत्र लेने के बाद अपने विद्यालय जाकर अपने कर्तव्य का जिम्मेदारी से पालन करे। जिस तरह आप शिक्षित हुए है, आगे बच्चे को भी पढ़ाए तथा बिहार की तस्वीर बदले। उन्होंने सभी को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी।

## महिला दिवस पर सभा आयोजित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जन जागरण शक्ति संगठन द्वारा सुखसेना गाँव में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ गाँव की महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महिला दिवस के इस अवसर को सिर्फ जश्न तक सीमित न रखते हुए, इसे महिला आंदोलन के संघर्षों को याद करने और मौजूदा दौर में इसकी प्रासंगिकता पर चर्चा करने का अवसर बनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकारों, श्रमिक महिलाओं की स्थिति और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से बात की गई। वक्ताओं ने बताया कि 8 मार्च की शुरुआत श्रमिक महिलाओं के आंदोलन से हुई थी, जब 1908 में न्यूयॉर्क की कपड़ा मिलों में काम करने वाली महिलाओं ने काम के बेहतर हालात, समान वेतन और अधिकारों के लिए आवाज उठाई थी। यह दिन न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को याद करने, बल्कि उनके अधूरे संघर्षों को आगे बढ़ाने का भी दिन है। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में सामाजिक परिवर्तन की पहली शिक्षिका और महिला आंदोलन की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले को भी याद किया गया, जिनकी पुण्यतिथि 10 मार्च को है। वक्ताओं ने बताया कि किस तरह सावित्रीबाई फुले ने जाति और पितृसत्ता के ख़िलाफ़ लड़ते हुए महिलाओं और दलितों के लिए शिक्षा के दरवाजे खोले। सभा में कई क्रांतिकारी गीत गाए गए, जो महिलाओं के संघर्षों को दर्शाते हैं। ग्रामीण महिलाओं और युवा साथियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। जन जागरण शक्ति संगठन इस अवसर पर एक बार फिर संकल्प लेता है कि महिलाओं के अधिकारों, श्रमिक संघर्षों और सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को आगे बढ़ाएगा। प्रमुख आयोजकों में संगठन के कार्यकर्ता कविता, मांडवी, पवन, कृष्णाकुमार और युवा साथी नेहा, रानी, माया, आरती, खुशबू, नंदनी, सीता व चंदा शामिल रहे।

## बैंककर्मी से 80 हजार की लूट का आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा।** बैंककर्मी से पिस्तौल के बल पर 80 हज़ार की लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश को शेखपुरा पुलिस ने एसटीएफ पटना और डीआईयू टीम के सहयोग से बाढ़ रेलवे जंक्शन से गिरफ्तार कर लिया है।

बदमाश गौतम राम, नालंदा जिला के सरमेरा थाना क्षेत्र के छोटी मालमा गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार गौतम राम 19 जनवरी 2023 को बरबीघा में बंधन बैंक के बैंक कर्मचारी ऋण वसूली के बाद बैंक लौट रहा था, तभी दो बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर उससे थैला में रखे 80 हज़ार रुपए छीन लिया था। इस बाबत मिशन थानाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने गौतम राम और उसके भाई उतम राम की पहचान हुई थी, पुलिस ने उत्तम राम को 1 जनवरी को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था और वह जेल में बंद है। जबकि गौतम राम फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गौतम राम के खिलाफ शेखपुरा, नालंदा सहित अन्य जिलों में लूट, जानलेवा हमला, आर्म्स एक्ट, रंगदारी और शराब तस्करी के एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उसके भाई पर भी इतने ही मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद गौतम राम को जेल भेज दिया गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोइलवर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खनगांव में पंचायत के सरपंच सह कोईलवर दक्षिणी भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सविता सिंह के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सैकड़ो महिलाओं को अंग वस्त्र देकर इनके द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष ममता सिंह ने किया। अपने अध्यक्षिय भाषण में ममता सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है और उन्हें समाज में उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। हमें उम्मीद है कि इस आयोजन से महिलाओं को एक दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी समस्याओं का समाधान करने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की जिनमें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज में महिलाओं की भूमिका शामिल थी। इसके अलावा सभी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन पारंपरिक होली गीत गाते हुए किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सह जगदीशपुर के जिला परिषद सदस्य पूनम कुशवाहा व रीता सिंह ने अबीर लगाकर पारंपरिक होली गीत गाते हुए नजर आई।

## 'अस्मिता खेलो इंडिया' में शेखपुरा की सात बेटियों ने जीता पदक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**शेखपुरा।** बिहार ताइक्वांडो संघ, खेलो इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफ़ेयर्स एंड स्पोर्ट्स गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में पटना के साईं सेंटर में आयोजित अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी लीग 2024-25 में शेखपुरा की 12 में से 7 बेटियां ने पदक हासिल किया है। जिससे क्रिकेट प्रेमियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। इस बाबत शेखपुरा जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव-सह-अंतर्राष्ट्रीय कोच विश्वजीत कुमार ने बताया कि शेखपुरा जिला ताइक्वांडो संघ की 12 खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक हासिल किया है।

**इन खिलाड़ियों ने किया पदक हासिल**

जूनियर महिला खिलाड़ियों में श्वेता कुमारी अंडर- 59 किलो भार ग्राम में स्वर्ण पदक, सृष्टि कुमारी 68 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक, अंशु प्रिया अंडर- 42 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक एवं श्रेया शुभम अंडर- 55 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। वहीं, सीनियर महिला खिलाड़ियों में आण्वी शौर्य अंडर 49 किलो भार वर्ग में रजत पदक, सानू प्रिया अंडर 46 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक एवं किरण कुमारी अंडर 62 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया है। साथ ही राष्ट्रीय कोच-सह-राष्ट्रीय तकनीकी पदाधिकारी अमर कुमार को अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी लीग 2024- 25 में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अपनी भूमिका को सफलतापूर्वक निर्वहन करने पर उन्हें भी सम्मानित किया गया।

## शाद आलम बने जदयू मीडिया सेल के अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जदयू पार्टी के स्वागत कार्यक्रम में पलासी प्रखंड के जेडीयू नेता शाद आलम को मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष के रूप में मनोनीत किए जाने पर गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष आशीष पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था । इस अवसर पर नव मनोनीत मीडिया सेल के जिलाध्यक्ष शाद आलम ने अपने मनोनयन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा, कर्मठता, जुझारू और लग्नशीलता का प्रदर्शन किया। शाद आलम अररिया जिले के संगठन को मजबूती देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और संगठन के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने का वचन दिया।

इस कार्यक्रम में अररिया विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार जी, पार्टी के युवा साथी सह मुखिया संघ के अध्यक्ष शाद अहमद बबलू, जिला महासचिव मख्मूर हयात, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. ऋषभ राज, जिला सचिव गोपाल कृष्ण मंडल, पलासी प्रखंड अध्यक्ष सदानंद मंडल, भवेश कुमार राय अध्यक्ष सिकटी, नवीन श्रीवास्तव, राजू मंडल तारा, बिन्नी, पदाधिकारी गण कार्यकर्ता उपस्थित थे। सबों ने उन्हें मुबारकबाद भी देते हुए कहा कि शाद आलम वैसे तो पुराने जदयू साथी है, और इनको नए जिम्मेदारी मिलने से जेडीयू पार्टी और मजबूत होगी। शाद आलम ने कहा कि एक बार फिर से सभी साथी और जदयू पदाधिकारी का आभारी हूं जिन्होंने मुझे इस पद तक पहुंचाने में मदद की। शाद आलम ने बताया कि अररिया जिले के विकास में योगदान देने के लिए अपनी पूरी क्षमता से काम करूंगा।

## मोहिनी देवी चेरिटेबल हॉस्पिटल में मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** अररिया आर.एस. स्थित मोहिनी देवी चैरिटेबल हॉस्पिटल में रविवार को मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्णिया के प्रमुख अस्पतालों में से एक होप हॉस्पिटल के अति अनुभवी तथा दक्ष चिकित्सकों की टीम शामिल थे। उपस्थित चिकित्सकों में डॉ ए एन केजरीवाल सर्जन, डॉ ए के ओझा आई सर्जन, डॉ राकेश देव हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ पी के ठाकुर जेनरल फिजिशियन, डॉ अविनाश जेनरल फिजिशियन तथा डॉ मृगयांक जेनरल फिजिशियन शामिल थे। यह शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर एक बजे तक क्रियाशील था। शिविर में अररिया आर एस स्थित सभी छह वार्ड, राजोखर, रहिकपुर, रहिका टोला,धामा इत्यादि गांवों के करीब 250 महिला, पुरुष, बुजुर्ग बच्चों ने लाभ उठायाद्य इस कार्यक्रम में अस्पताल के विकास पाठक, धीरज सिंह, प्रद्युत मंडल, विनोद कुमार राजेश गुप्ताआदि सभी कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अस्पताल के निदेशक डॉ संजय प्रधान के नेतृत्व में यह शिविर अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल हुआ द्य डॉ संजय प्रधान ने प्रेस प्रतिनिधि से बातचीत में बताया कि मोहिनी देवी रुंगटा हॉस्पिटल एक चैरिटेबल हॉस्पिटल है जिसमें सभी प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जाता है साथ ही उन्होंने बताया कि अस्पताल में समय-समय पर रक्तदान शिविर तथा निःशुल्क परामर्श शिविर के साथ-साथ निःशुल्क आंख जांच और ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाता है।

## 'बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में खेले होली' .. गीत पर झूमे लोग

### ग्रामीण चिकित्सकों का सेमिनार सह होली मिलन समारोह का आयोजन, कई मुद्दों पर बनी सहमति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** स्थानीय नगर पंचायत के सहिला पुल के पास संदीप एक्स-रे के हॉल में बिहार चिकित्सक अधिकार मंच के बैनर तले प्रखण्ड के सभी ग्रामीण चिकित्सको का सेमिनार सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष डॉ शेष कुमार व संचालन जेएन उपाध्याय ने किया। सभी चिकित्सको ने सरकार से अपना अधिकार मांगने, सभी चिकित्सको को स्थायी व्यवस्था देने सहित कई बातों को ले चर्चा हुई। डॉ शेष कुमार ने कहा कि यही ग्रामीण चिकित्सक कोरोना काल मे ग्रामिणों को जान पर खेल कर जान बचाई थी। जब जिले के सभी डॉक्टर क्लिनिक बंद कर बहाना बनाकर घर चले गए थे। सरकार को ग्रामीण चिकित्सको पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सभी चिकित्सको को सरकार परीक्षा लिया, ट्रेनिंग कराया व ग्रामीणों का इलाज कराने योग्य बनाया है। सेमिनार के बाद सभी उपस्थित चिकित्सको ने होली मिलन समारोह किया और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले लगाया। वही होली गीत'' बाबा हरिहर नाथ, बाबा हरिहर नाथ, सोनपुर में खेले होली, अखिया भईले लाल, एक नींद सुते द बलुआ' जैसे कई होली गीत गाकर आनंद लिया। इस मौके पर डॉ मनोज कुमार गुप्ता, केके शर्मा, उमा कुमार, संतोष सिंह, केके सिंह, संजय शर्मा, शेर अली, बीबी सिंह, राज किशोर सिंह सहित कई चिकित्सक मौजूद थे।

## दुलौर में होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जगदीशपुर/ भोजपुर।** जगदीशपुर के दूलोर स्थित बी.एड कॉलेज के प्रांगण में एनडीए द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह और कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जेडीयू राष्ट्रीय महासचिव सह एमएलसी भगवान सिंह कुशवाहा शामिल हुए। भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि होली का त्योहार सामाजिक समरसता और सद्भावना का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों भोजपुरी कलाकारों ने अपने होली गीत पर कार्यकर्ताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।। कार्यक्रम के व्यवस्थापक सत्येंद्र नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अनूप पटेल ने किया। मौके पर मौजूद रहे रोहित कुशवाहा,संजय यादव, संजय पासवान, सुरेंद शाह, प्रिंस कुशवाहा, आदिल समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### उत्साह और उमंग के साथ मनाया युवा नेता का जन्मदिन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड के बभनियॉव पंचायत के भविष्य पिलापुर निवासी युवा समाजसेवी नेता मुन्ना यादव के शनिवार को जन्मदिन उत्साह और उमंग से मनाया गया। केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया और सभी लोगों ने जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं व हार्दिक बधाई दी मुन्ना यादव के दीर्घायु की कामना की गई। दोस्तों ने गुलदस्ता भेंट कर की और फोन मैसेज व्हाट्सएप से लंबी उम्र की कामना की। बधाई देने वालों लोग माननीय विधायक राम विशुन सिंह, डॉ० अनिल सिंह, युवा नेता किशोर कुणाल, युवा नेता मुकुल यादव, मुखिया उमेश कुशवाहा, पूर्व मुखिया निरज कुशवाहा, राजद नेता श्याम बाबू सिंह, पूर्व जिला परिषद सुरेश पहलवान, काकीला पंचायत मुखिया पुत्र सम्राट राजू यादव, पप्पु यदुवंशी, शिक्षक रामधनी सिंह, शिक्षक संजय यादव, अखिलेश यादव, विजय कुमार, धर्मेंद्र यादव हजारों-हजार लोगो ने बधाई दिये। दोस्त व माननीय लोगों ने इस मौके पर उन्हें गुलदस्ता भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी तथा लंबी उम्र की कामना की। अपने दोस्तों के साथ अपना जन्मदिन मनाते हुए वे काफी हर्षोल्लास एवं उत्साह से तथा मनाया गया जन्मदिन। उन्होंने सभी को जन्मदिन की बधाइयां देने पर उन्हें धन्यवाद दिया।

### ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो युवक जख्मी

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आरा- अरवल पथ पर सहार थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक बुरी तरह जख्मी हो गये। दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सहार थाना की 112 टीम के द्वारा सीएचसी सहार लाया गया। जहाँ से एक जख्मी को गंभीर हालत को देखते हुए अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार दोनो युवक संगम चिमनी भट्ठा पर काम करते हैं। आबगीला गांव निवासी बाबू चौधरी का पुत्र विकास चौधरी और गया जिला के रामजी मांझी का पुत्र रंजन कुमार रविवार संध्या को गुलजारपुर पेट्रौल पंप पर तेल ले कर वापस आ रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने के कारण दोनों युवक जख्मी हो गये। सहार सीएचसी में दोनों युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक विकास चौधरी को गंभीर हालत में अरवल सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### विदेशी शराब संग चार धराए

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के दो थाना क्षेत्र में पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब पकड़ा है। शराब संग चार तस्कर, एक स्कूटी व दो बाइक भी बरामद किया है। कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया बबुरबानी के समीप सलेमपुर के तरफ से एक बाइक पर दो सवार आ रहे थे। पुलिस ने बाइक को रोका। जब उसका तलाशी लिया गया। उसके बैग से 88 पीस टेट्रापैक शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि एक बाइक पर दो व्यक्ति बैग में शराब लेकर जा रहे है। पुलिस ने बाइक सवार के आने की टोह में सरैंया गांव से पश्चिम बबुरबानी में छिप गये। जैसे ही पहुचे। पकड़े गये। गिरफ्तार तस्कर धोबहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर निवासी विकास कुमार सिंह है। वह राकेश सिंह का पुत्र है। दूसरा तस्कर गीधा थाना क्षेत्र के वीरमपुर निवासी नीतीन कुमार चौधरी है। वह सुविंद चौधरी का पुत्र है। उधर, गंगा पार खवासपुर थाना ने भागड़ पुल के समीप शराब संग एक बाइक व एक स्कूटी पर दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर सिन्हा थाना क्षेत्र के गजियापुर निवासी बृजबिहारी राम के पुत्र विशाल कुमार और संजय राम के पुत्र विशाल कुमार है। थानाध्यक्ष चंदन भगत ने बताया कि दोनो बाइक पर बलिया के तरफ से 9.375 लीटर शराब लादकर आरा के तरफ जा रहे थे। पकड़े गये है। पुलिस ने दोनो थाना में एफआईआर दर्ज कर दिया। शराब, एक स्कूटी व दो बाइक जब्त कर चारों तस्कर को जेल भेज दिया।

### 20 को माले का अरियरी प्रखंड मुख्यालय पर धरना

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले ने प्रखंड के ससबहना बाजार के एक निजी सभागार में बैठक किया। प्रखंड सचिव कमलेश मानव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला सचिव विजय कुमार विजय, नेता राजेश कुमार राय, बिशेश्वर महतो, प्रवीण सिंह कुशवाहा, शिवनंदन यादव, तेतरी देवी, गौरी देवी, अनीता चौहान, मंगल चौहान और रामदेव रविदास भाग लिए। नेताओं ने 2 मार्च को पटना के गांधी मैदान में संपन्न हुई बदलो बिहार महाजुटान रैली को शानदार ढंग से सफल बताया। जिला सचिव विजय कुमार विजय ने कहा कि इस ऐतिहासिक रूप से सफल रैली के बाद से बिहार की जनता भाकपा माले को एक विकल्प के रूप में देखने लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की गोद में बैठी नीतीश सरकार से बिहार की जनता ऊब चुकी है और अब इस वर्ष विधानसभा की होने वाली चुनाव में महागठबंधन की सरकार बनाने का मन बना ली है। प्रखंड सचिव कमलेश मानव ने बताया कि आवास की सूची बनाने में प्रतिनिधियों द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। पक्का मकान वाले का नाम भी रुपया लेकर सूची में जोड़ा जा रहा है जबकि पैसे वसूली के चक्कर में आवास के सही लाभुक का नाम भी सूची से बाहर रह जा रहा है। जॉब कार्ड बनाने में भी छुपे रुस्तम रुपए का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन्हीं सब मुद्दों को लेकर 20 मार्च को अरियरी प्रखंड मुख्यालय पर विशाल धरनाऽप्रदर्शन पार्टी द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिए प्रखंड के सभी पंचायतों में ग्राम बैठक करने की जवाबदेही अलगऽअलग नेताओं को दी गई है।

### नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों से पुलिस ने काटा 12 हजार का फाइन

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नेशनल हाइवे पर कायमनगर के समीप नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर गीधा पुलिस ने कारवाई किया है। पुलिस ने सख्ती दिखाते हुये जुर्माना के रूप में फाइन किया है। पुलिस ने दर्जनों वाहनों पर जो नो पार्किंग जोन में खड़े थे उनपर 12 हजार रुपया का फाइन किया है। इसका नेतृत्व गीधा थानाध्यक्ष उमूस शलमा ने किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि नो इंट्री जोन में खड़े वाहनों पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुये कारवाई किया है। इस दौरान नो इंट्री जोन में खड़े वाहनों में भगदड़ सा माहौल हो गया। बता दूं कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन के द्वारा लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। ताकि जाम पर काबू पाया जा सके।

### श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शिवकुमार सिंह के अकस्मात निधन के उपरांत भाजपा कोईलवर नगर मंडल द्वारा भाजपा मंडल कार्यालय स्टेशन रोड कोईलवर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीत कुमार रजक सहीत सभी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तथा सभी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजीत कुमार रजक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, ऋतुराज, अजीत सिंह, विशाल सिंह सोलंकी, श्रवण गुप्ता, शेखर गुप्ता, सुनील सिंह एडवोकेट, विवेक सिंह, सितानंद पासवान, वार्ड पार्षद विरेन्द्र राम आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षकों के हाथों में बच्चों का भविष्य : जिलाधिकारी

## 1896 विद्यालय अध्यापको के बीच गांधी प्रेक्षा गृह में औपबंधिक नियुक्ति पत्र का किया गया वितरण

## पूरी इमानदारी और निष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाने का संकल्प ले, जिलाधिकारी ने की शिक्षकों को उज्जवल भविष्य की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार लोक सेवा आयोग के तृतीय चरण के तहत प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमकि विद्यालयों के लिए अनुशंसित कुल 1896 विद्यालय अध्यापको को आज मोतिहारी स्थित गांधी प्रेक्षा गृह में कार्यक्रम आयोजित कर औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया। पटना में शिक्षक नियुक्ति पत्र वितरण का राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया था जहां बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा तृतीय चरण के तहत अनुशंसित नवनियुक्त 51389 अध्यापकों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। जिला स्तर पर मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया




जहां कुल 1896 प्रारंभिक माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय के नवनियुक्त अध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण विधायक मोतिहारी प्रमोद कुमार, विधायक चिरैया लाल बाबू गुप्ता, उप महापौर नगर निगम मोतिहारी डॉ लालबाबू प्रसाद गुप्ता, जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेता भारती और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियो के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायकगण सहित उप महापौर एवं जिलाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर आज अध्यापक बन रहे हैं । आप सभी से समाज को अपेक्षा है और आशा है आप उसे पूरा सफल होंगे। आप सभी पूरी इमानदारी और निष्ठा के साथ बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लें।आपके हाथों में बच्चों का भविष्य है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षकों के साथ-साथ सभी मूलभूत व्यवस्था की उपलब्धता सरकार के द्वारा सुनिश्चित कराई जा रही है जिससे शिक्षा के क्षेत्र में काफी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर विधायकगण ने कहा कि शिक्षक से पूरे समाज को अपेक्षा है और उनके हाथ में बच्चों का भविष्य है। शिक्षक अपनी जिम्मेवारियों को बखूबी निभाएंगे और बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में सफल होंगे वही जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जिला में आज 1896 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है उसमें वर्ग 1से 5 के लिए 599, वर्ग 6 से 8 के लिए 414, वर्ग 9से10 के लिए 496 तथा वर्ग 11-12 के लिए 385 अध्यापकों को औपबंधिक नियुक्ति पत्र दिया गया है। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सभी शिक्षक अत्यंत प्रसन्न थे। उन्होंने सरकार को धन्यवाद देते हुए अपना आभार व्यक्त किया।

# ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहा सेंसोडाइन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मुजफ्फरपुर।** सेंसोडाइन ने ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में बड़ी सफलता हासिल की है। महाकुंभ 2025 में आयोजित पहल में 24 घंटे के भीतर 27,000 से ज्यादा लोगों का डेंटल चेकअप कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया।

किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि अब सेंसोडाइन सभी के लिए फ्री डिजिटल डेंटल चेकअप की सुविधा ला रहा है। डॉ. अशोक ढोबले, ऑनरेबल सेक्रेटरी जनरल हेड, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने कहा कि यह पहल बेहतर ओरल हेल्थ की ओर पहला कदम उठाने और समय पर इलाज की अहमियत को दर्शाती है।आने वाले दिनों में सेंसोडाइन एक मल्टीमीडिया रणनीति शुरू करेगा, जिसमें डिजिटल कैंपेन, इंफ्लुएंसर कोलैबोरेशन, और टीवी, रेडियो व प्रिंट कवरेज शामिल होंगे। साथ ही, पूरे देश में डेंटल वैन और कॉरपोरेट हेल्थ कैंप आयोजित किए जाएंगे, ताकि ओरल हेल्थकेयर सुविधाएं अधिक लोगों तक पहुंच सकें।

# फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बैंगलुरु।** लेखक-निर्देशक अरन्य सहाय की पहली फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' ने शनिवार को चित्र भारती (भारतीय) सिनेमा प्रतियोगिता श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार बैंगलुरु में आयोजित 16वें बैंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिया गया।




फिल्म के निर्देशक अरन्य सहाय ने कहा, यह फिल्म एक आदिवासी महिला की कहानी है, जो अपने बच्चों के साथ अपने गांव लौटती है और एक डेटा लेबलिंग कंपनी में काम करना शुरू करती है। वहां वह एआई मॉडल्स को प्रशिक्षित करने का काम करती है, लेकिन जल्द ही वह एआई में मानव पूर्वाग्रहों को देखती है और अपने समुदाय के खिलाफ भेदभाव को रोकने के लिए लड़ती है। फिल्म की कहानी तीन अध्यायों में बताई गई है और यह एक युवा लड़की की कहानी है, जो अपने परिवार और समुदाय के साथ जुड़ने की कोशिश करती है। फिल्म में आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाया गया है और यह एक महत्वपूर्ण संदेश देती है कि हमें अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिए और अपनी संस्कृति को बचाना चाहिए। फिल्म के निर्देशक अरन्य सहाय ने कहा, मैं इस फिल्म को बनाने के लिए बहुत उत्साहित था, क्योंकि यह फिल्म एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर प्रकाश डालती है और हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने के लिए प्रेरित करती है।

फिल्म को बैंगलुरु इंटरनेशनल फिल्म फ़ेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिलने पर निर्देशक अरन्य सहाय ने कहा, मैं इस पुरस्कार के लिए बहुत आभारी हूं और मैं अपनी टीम और परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे इस फिल्म को बनाने में मदद की।

# किसान के भाग्य और भविष्य को सुधारने का काम करें कृषि सलाहकार : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मी की योग्यता और कौशल को बढ़ाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इससे इससे रोजगार की संभावना बढ़ेगी। क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण के जरिए किसी व्यक्ति के जीवन और काम के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आता है। क्षमता संवर्द्धन प्रशिक्षण के जरिए कार्यालय प्रबंधन, वित्त और लेखा कार्य, विधिक मामले, बुनियादी साक्षरता, लेखन, बुनियादी संख्या ज्ञान आदि का ज्ञान प्राप्त करते हैं। कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किसानों के हित का ख्याल रखते हुए किसानों के भाग्य और भविष्य को सुधारने में पुरे मनोयोग से कार्य करें। उक्त बाते रविवार को पूर्व केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री सह स्थानीय सांसद राधामोहन सिंह ने महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसन्धान संस्थान के सभागार में आयोजित पदाधिकारी, कर्मियों, एफपीओ एवं एआईजी के सदस्यों के क्षमता संवर्धन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का



शुभारंभ पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह, डीईओ मनीष कुमार सिंह व केविके प्रमुख डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। आत्मा के द्वारा राज्य के बाहर वर्ष 2024-25 में 1080 लक्ष्य के विरूद्ध 1421 किसानों को विभिन्न क्षेत्र यथा प्याज एवं लहसून का उन्नत उत्पादन, सब्जी, औषधीय पौधों की खेती एवं कृषि मशीनरी का प्रशिक्षण विभिन्न संस्थानों से कराया गया। वहीं राज्य के अंदर 653 किसानों को विभिन्न क्षेत्रों में आम, लीची, पशुपालन, कृषि विपणन, मक्का, मुर्गी पालन, गन्ना, बकरी पालन, प्राकृतिक खेती इत्यादि के क्षेत्र में किसानों को प्रशिक्षण कराया गया है। जिला के अंदर 12951 किसानों को कर्मशाला, मछली उत्पादन, मखाना की खेती, मोटे अनाज फसलों की खेती, मसाला की खेती, उद्यानिक फसल आदि क्षेत्र में प्रशिक्षण कराया गया है। साथ ही 2120 बरोजगार युवकों को समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण के उपरांत संबंधित युवकों को कृषि विभाग की ओर से उर्वरक अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया है। कृषि विभाग के सभी अंगों जैसे उद्यान विभाग, पौधा संरक्षण विभाग, कृषि अभियंत्रण, आत्मा, पशुपालन विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी को भी समय समय पर एफपीओ एवं एफआईजी के किसानों के साथ बैठक करके उनकी समस्यओं को सुनना और उसका त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के साथ ही सरकार के योजनाओं में कृषक समूहों और एफपीओ को प्राथमिकता देना है। जिससे सरकार के द्वारा किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर तीन भावी कृषि अनुमंडल पदाधिकारी एवं 27 बीएओ को सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विधायक श्यामबाबू यादव, डीएओ मनीष कुमार सिंह, पवन राज, केविके प्रमुख डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, दिलीप सिंह, उप परियोजना निदेशक आत्मा धीर प्रकाश धीर, राजेश्वर सिंह, सुशील कुमार सिंह, शिवशम्भू, मनीष कुमार, गायत्री पाढ़ी सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम, कृषि सलाहकार एवं कई किसान मौजूद थे।

## एक नजर

### पूर्व प्रत्याशी रामबाबू यादव ने कई गांवों का दौरा



**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी रामबाबू प्रसाद यादव ने राजद के दिशा-निर्देश पर माई बहन सम्मान योजना को लेकर रक्सौल प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने नायका टोला, परसौना, जगधर, आनंदीगंज, भरवलिया, पुरनदरा और भेलाही पंचायत में लोगों से मुलाकात कर कहा कि वर्तमान सरकार में विकास कार्यों की गुणवत्ता को नजरअंदाज किया जा रहा है, और सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है। रामबाबू यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नीतीश-तेजस्वी सरकार में जनता को समान अधिकार मिले थे। भ्रष्टाचार पर अंकुश था, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही सरकारी कार्यालयों में फिर से लूट-खसोट शुरू हो गई। 2026 में राजद सरकार बनी तो मुख्यमंत्री तेजस्वी होंगे और जनता को कई सुविधाएं मिलेंगी। वरिष्ठ राजद कार्यकर्ता राजेश कुमार, मोबारक अंसारी, सफीउल्लाह समेत कई कार्यकर्ता इस अभियान में मौजूद थे।

### शराब के साथ ई-रिक्शा चालक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** होली पर्व नजदीक आते ही भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी तेज हो गई है। इसी कड़ी में रक्सौल आबकारी पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर 58 पीस नेपाली शराब के साथ एक ई-रिक्शा चालक को गिरफ्तार किया। ई-रिक्शा चालक की पहचान हनीफ मियां (पिता- इस्लाम मियां, निवासी चंपापुर, रमगढ़वा) के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

### किशोर की चाकू मारकर हत्या

**मधुबन (पूर्वी चम्पारण)।** बिहार में शराबबंदी कानून टॉय-टॉय फीस साबित हो रहा है। एक और शराबबंदी के कारण राजस्व की क्षति हो रही है तो दूसरी ओर महंगे दामो पर शराब सर्व सुलभ हो चुका है। शराब कारोबारी शराब सप्लाई के लिए किशोर बच्चों का मदद ले रहे हैं, जिसके कारण ये किशोर नशाखोरी के आदी हो जा रहे हैं। नशा के पैसे नहीं मिलने के लिए पर ये गॉजा, सूलेशन, देसी शराब आदि का सहारा ले रहे हैं। इसी क्रम में मधुबन थाना क्षेत्र के टीकम गॉव निवासी जगदीश ठाकुर का 13 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार उर्फ गोलू को कुछ किशोर नशेड़ियों ने चाकू मार कर हत्या कर दी। मृतक के पिता जगदीश ठाकुर के अनुसार जब गोलू शनिवार की रात अपने दुकान से साइकिल से घर लौट रहा था तो किशोर नशेड़ियों ने उसे मधुबन प्रखंड कार्यालय के समीप घेर कर रूपों की मांग करने लगे और रुपया नहीं मिलने पर चाकू मार कर उसे घायल कर दिया। इलाज के लिए मुजफ्फरपुर ले जाया जा रहा था इसी क्रम में उसकी मौत हो गई।

# विधायक ने किया पशु चिकित्सालय का शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के दिपउ गांव में रविवार को कल्याणपुर विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय का शिलान्यश किया गया। बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा पटना द्वारा चिकित्सालय भवन का निर्माण कार्य 1.21 करोड़ की लागत से पूर्ण कराया जाएगा। मौके पर काफी संख्या में किसान और पशुपालक मौजूद थे। मौके पर विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्य एजेंसी को सख्त निर्देश दिया गया है कि निर्माण कार्य को समय के अंदर हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि कोटवा में पशुओं के इलाज एवं सुझाव के लिए कोई स्थाई चिकित्सालय नहीं था।

# एसपी ने की मासिक अपराध गोष्ठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** आज रविवार को एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी बैठक आयोजित किया, जिसमें जिले के सभी अनुमंडल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, सभी थानों के थानाध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी ने अगामी होली पर्व को लेकर आवश्यक निर्देश दिए और उसका शत प्रतिशत धरातल पर उतारने को कहा। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था कायम रखना पुलिस की प्राथमिकता में शामिल हैं। इस

**अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दिए आवश्यक निर्देश**

**कांडों के निष्पादन में तेजी लाये पदाधिकारी, कोताही बर्दाश्त नही**

दौरान एसपी ने विभिन्न प्रशाखा के विभिन्न संचिकाओं का गहन अवलोकन किया वही कार्यों में त्रुटि पाये जाने पर कई थानाध्यक्षों की जमकर कलास लगायी और उन्हें सुधर जाने की नसीहत दी। एसपी ने शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर बरामदगी व गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया।

# 'संस्कृत साहित्य में लोकमंगल' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृत साहित्य में लोकमंगल की भावना' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित आयोजन के संरक्षक एवं अध्यक्ष कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे, जबकि कार्यक्रम के संयोजक संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम कुमार झा ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।संगोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मंगलाचरण के साथ हुआ। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्कृत साहित्य और लोकमंगल की अवधारणा को आधुनिक संदर्भों में स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि वेदों, उपनिषदों और गीता में वर्णित जीवन के सिद्धांत आज भी हमारे समाज के लिए मार्गदर्शक हैंद्य उद्घाटन सत्र में डॉ. श्याम कुमार झा ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और संगोष्ठी के विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। बीज वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए डॉ. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि संस्कृत साहित्य में लोकमंगल की भावना भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। उन्होंने वेदों, उपनिषदों, रामायण, महाभारत, गीता, कालिदास और भास जैसे महान कवियों और ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताया कि इनमें सामाजिक, नैतिक और आध्यात्मिक कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। संस्कृत साहित्य का समाज पर प्रभाव और युवाओं के लिए मार्गदर्शन प्रो. मनोज कुमार (अध्यक्ष, संस्कृत विभाग, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय) ने अपने वक्तव्य में संस्कृत साहित्य के समाज पर प्रभाव को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि चाणक्य, कालिदास, भवभूति और अन्य महान आचार्यों ने अपनी कृतियों में समाज सुधार, नीति और धर्म की महत्ता को उजागर किया है। इसके बाद प्रो. धनंजय मणि त्रिपाठी संस्कृत विभाग, जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने अपने विशिष्ट वक्तव्य में कहा कि संस्कृत साहित्य में 'त्रिलोक मंगल' की अवधारणा अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रो. गोपाल लाल मीणा (संस्कृत विभाग, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) ने संस्कृत साहित्य में आयुर्वेद और लोकमंगल विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और मन ही वास्तविक कल्याण का आधार हैंद्य मुख्य उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए डॉ. भूषण कुमार उपाध्याय ,पूर्व डीजीपी, महाराष्ट्र सरकार) ने कर्म और ज्ञान की अवधारणा पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि वैदिक साहित्य का मूल संदेश केवल व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामूहिक कल्याण से जुड़ा है। कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव का अध्यक्षीय संबोधन

संगोष्ठी के दूसरे सत्र में विभिन्न शोधार्थियों द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। संगोष्ठी का संचालन डॉ. बबलू पाल (सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग) ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जुगल किशोर दाधीच ,अध्यक्ष, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग ने दियाद्य उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय संस्कृति में लोकमंगल की भावना पिछले 5000 वर्षों से निहित है, और आज के युवाओं को इन मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत साहित्य केवल अतीत का गौरव नहीं है, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला अमूल्य ज्ञान भी हैद्य इस राष्ट्रीय संगोष्ठी ने संस्कृत साहित्य में निहित लोकमंगल की भावना को व्यापक रूप से उजागर किया और इसके आधुनिक संदर्भों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ विद्वानों, प्रोफ़ेसरों और शोधार्थियों की सक्रिय सहभागिता ने इसे एक महत्वपूर्ण अकादमिक चर्चा मंच बना दिया।

# होलिकादहन 13 मार्च गुरुवार को रात्रि 10:37 बजे के बाद तथा रंग-गुलाल की होली 15 मार्च को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** होली का पर्व दो भागों में विभक्त है- फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा को सायंकाल के बाद भद्रा रहित शुभ मुहूर्त्त में होलिका पूजन व होलिका दहन तथा चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को रंग-गुलाल आदि से होलिकोत्सव मनाने का विधान हैद्य ज्ञातव्य है कि 13 मार्च गुरुवार को पूर्णिमा तिथि दिन में 10:02 बजे से हो रही है एवं भद्रा रात्रि 10:37 बजे समाप्त हो रही है चूंकि होलिकादहन के तीन धर्मशास्त्रीय नियम हैं- फाल्गुन शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि हो,रात्रि का समय हो तथा भद्रा बीत चुकी हो। अतः होलिकादहन की शास्त्रीय मान्यताओं का अनुपालन करते हुए 13 मार्च गुरुवार को रात्रि 10:37 बजे के बाद होलिकादहन का मुहूर्त्त बन रहा है। अगले दिन अर्थात 14 मार्च शुक्रवार को उदया तिथि पूर्णिमा



है,इस दिन पूर्णिमा तिथि दिन में 10:02 बजे तक रहेगी। इसके बाद चैत्र कृष्णपक्ष की प्रतिपदा (एकम) तिथि प्रारंभ होकर 15 मार्च शनिवार को दिन में 12:49 बजे तक रहेगी। अतः शास्त्रीय मत को मानते हुए चैत्र कृष्ण प्रतिपदा तदनुसार 15 मार्च शनिवार को हर्षोल्लास के साथ रंगोत्सव (रंग-गुलाल की होली) का पर्व मनाना सर्वथा उचित है। उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।

# होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड क्षेत्र के सिसवा कोड़र बौद्ध विहार में जनसुराज कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को संगठन विस्तार सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी के कार्यकर्ता समेत गाँव के प्रबुद्ध नागरिकों ने शिरकत की। गोविन्दगंज के जनसुराज नेता नितेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशांत किशोर एक ऐसी शख्सियत हैं जिन्होंने केंद्र से लेकर कई राज्यों में विभिन्न पार्टियों के रणनीतिकार रहते हुए सरकार बनवाने का काम किया है। उनकी सोच से ऐसा लगता है कि उनमें बिहार बदलने की क्षमता है। उनकी नीतियों से प्रभावित होकर उनके साथ आईपीएस, बुद्धिजीवी और प्रबुद्ध नागरिकों का जमावड़ा है। जनसुराज पार्टी की सोच है कि बिहार एक समृद्ध राज्य बने पलायन मुक्त बिहार हो यही पर रोजगार सृजन हो ताकी यहां के मजदूरों को दूसरे राज्य नही जाना पड़े।

# तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह महोत्सव आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग के तत्वावधान में सदर अनुमंडल द्वारा प्रखंड के जसौली पट्टी मध्य विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय चंपारण सत्याग्रह महोत्सव का विधिवत उद्घाटन रविवार को सांसद राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक मनोज कुमार यादव, विधायक श्यामबाबू यादव, विधायक सुनील मणि तिवारी, डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद, पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सदर एसडीओ श्वेता भारती द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। उन्होंने कहा कि चंपारण सत्याग्रह को हमेशा याद करने की जरूरत है और आने वाले पीढ़ियों को बताने की जरूरत है। सत्याग्रह महोत्सव के माध्यम से संस्कार, संस्कृति एवं स्वच्छ समाज का निर्माण करने में काफी मदद मिलता है। इसके बाद एसडीओ द्वारा सांसद को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वही सीओ द्वारा विधायक सुनील मणि तिवारी, डीसीएलआर द्वारा विधायक प्रमोद कुमार, डीसीएलआर द्वारा विधायक मनोज कुमार यादव, डीपीआरओ द्वारा डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद, बीडीओ द्वारा मुखिया अर्चना देवी को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक प्रमोद कुमार ने बताया कि लोमराज बाबू नहीं रहते तो पंडित राजकुमार शुक्ल महात्मा गांधी से नहीं मिलते। लोमराज बाबू का आर्थिक सहयोग और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष नहीं शुरू होता तो गांधी जी चंपारण नहीं आ पाते और सत्याग्रह की शुरुआत नहीं हो पाती। वही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि लोमराज बाबू ने जिस तरह से किसानों को इक्कठा कर निलहों के जुल्म का प्रतिकार कर सत्याग्रह की शुरुआत कराई गई वह जीवन में अनुकरण कर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। जसौली पट्टी की यह धरती की मिट्टी का तिलक कर कोई भी व्यक्ति धन्य हो सकता है। यहां के विकास के लिए कई काम कराए गए हैं जो काम शेष रह गया है उसको प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। विधायक सुनील मणि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबू लोमराज सिंह एवं महात्मा गांधी के चलते यह धरती नमन करने योग्य है। विधायक श्यामबाबू यादव ने कहा कि बाबू लोमराज सिंह सदा अमर रहेंगे। यहां की धरती ऐतिहासिक धरती है। महोत्सव को डिप्टी मेयर लालबाबू प्रसाद और पूर्व विधायक सचिंद्र प्रसाद सिंह ने भी संबोधित किया।

# एनटीपीसी अधिकारी कुमार गौरव की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** झारखंड के हजारीबाग जिले स्थित एनटीपीसी के केरेकदा कोयला खनन परियोजना के उप महाप्रबंधक कुमार गौरव की निर्मम हत्या के खिलाफ कहलगांव विद्युत परियोजना के अधिकारियों और उनके परिजनों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध दर्ज कराया। रविवार शाम एनटीपीसी कार्यपालक पदाधिकारी महासंघ (नेफी) के आह्वान पर दीप्तिनगर आवासीय परिसर से कैंडल मार्च निकाला गया, जो पूरे आवासीय क्षेत्र में घूमा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने ल्कुमार गौरव अमर रहें, हत्यारों को तुरंत




पकड़ो जैसे नारे लगाए। इस विरोध मार्च में कहलगांव परियोजना के ईडी संदीप नायक, जीएम रविंद्र पटेल सहित दर्जनों वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। एनटीपीसी के अधिकारियों ने कहा कि कर्तव्यनिष्ठ और मृदुभाषी अधिकारी कुमार गौरव की हत्या से सभी मर्माहत हैं। इस घटना के बाद एनटीपीसी की विभिन्न विद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले अधिकारियों और उनके परिजनों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। अधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकारों से अपील की कि एनटीपीसी के कर्मचारियों और उनके परिजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

CMYK

# जिले के 1374 अध्यापकों को दिये गये औपबंधिक नियुक्ति पत्र

## शिक्षा विभाग की योजनाओं का लाभ मिले हर बच्चे को : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के गांधी स्टेडियम में शिक्षकों के बीच औपबंधिक नियुक्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। रविवार को पटना बिहार में आयोजित 51 हजार 389 शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण गांधी स्टेडियम बेगूसराय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम समारोह में किया गया। पटना में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार गीत से हुआ जिसके आरम्भ होते ही जिला अंतर्गत कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि, नवनियुक्त शिक्षकों आदि ने खड़े होकर बिहार गीत का गान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, विधायक बेगूसराय कुंदन सिंह, विधायक मटिहानी, राजकुमार सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष, महापौर नगर निगम, उप विकास आयुक्त द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम मे जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। ज्ञात हो की बिहार लोकसभा आयोग पटना द्वारा तृतीय चरण के तहत प्रारंभिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अनुशंसित विद्यालय अध्यापकों के औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया गया। जिसमे 1374 अध्यापकों को अपबंधित नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। कक्षा 1 से 5 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 438, कक्षा 6 से 8 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 383, कक्षा 9 से 10 के विद्यालयों के अध्यापकों की संख्या 413, कक्षा 11 से 12 के विद्यालय अध्यापकों की संख्या 140 है। कुल शिक्षकों में से 490 महिला शिक्षक एवं 694 पुरुष शिक्षक शामिल है। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा सभी नवनियुक्त अध्यापकों को संबोधित करते हुए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा की सभी अध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे की कि वह समय से अपने विद्यालयों में उपस्थित होकर अपने सभी कार्य भार का निर्वहन करेंगे। साथ ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। शिक्षा विभाग में हाल में बहुत सारे नए एवं प्रगतिशील परिवर्तन हुए हैं। जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में एक नई दिशा मिली है। उन्होंने नवनियुक्त अध्यापकों से कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ हर बच्चे तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा भी अपने संबोधन मे नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र मिलने के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। साथ ही उन्हें अपने कर्तव्यों का सही तरीके निर्वहन करने की बात कही गई। सभी नवनियुक्त अध्यापक नियुक्ति पत्र पाकर अत्यंत खुस थे एवं गर्व महसूस कर रहे थे ।

# समाज को बेहतर बनाने का लें संकल्प : सांसद

## सांसद ने शिक्षकों के बीच बांटे नियुक्ति पत्र



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार में छात्र शिक्षक अनुपात का सुधरना तथा राष्ट्रीय स्तर पर कई राज्यों की तुलना में बिहार का बेहतर प्रदर्शन बिहार के बदलते शैक्षणिक उपलब्धि का ज्वलंत उदाहरण तथा बिहार की डबल इंजन सरकार की मजबूत इच्छा शक्ति का परिणाम है।
शिक्षकों के ऊपर समाज को बेहतर बनाने की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसके लिए शिक्षकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह बनना होगा। दरभंगा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने लहेरियासराय स्थित प्रेक्षागृह में जिला पदाधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ तीसरे चरण के लिए चयनित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करते हुए उपरोक्त बातें कही। बिहार सरकार द्वारा चरणवार शिक्षक नियुक्ति को व्यापक पैमाने पर रोजगार सृजन का ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि पहले चरण में एक लाख बीस हजार तीन सौ छत्तीस, दूसरे चरण में छियानवे हजार आठ सौ तेईस तथा तीसरे चरण में आज इक्यावन हजार तीन सौ नवासी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देकर बिहार सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में आमूल परिवर्तन का स्पष्ट संदेश देने का काम किया है जिसके लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार बधाई के पात्र हैं।सांसद डा ठाकुर ने इन चयनित शिक्षकों में 56 प्रतिशत की महिलाओं की भागीदारी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रभावी कदम बताते हुए कहा कि गुणी और सुयोग्य शिक्षकों के बदौलत बिहार का शैक्षणिक परिदृश्य बदल रहा है जो एक एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।
सांसद डा ठाकुर ने नियुक्तिपत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों से छात्र शिक्षक के प्राचीन गरिमा को वापस लाने का आह्वान किया।

# महायज्ञ में शामिल हुए पूर्व विधान पार्षद प्रो. दिलीप चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** तारडीह प्रखंड अंतर्गत लगमा गांव में स्थित जगदीश नारायण ब्रह्मचर्याश्रम परिसर में एक साथ चल रहे दो महायज्ञों में शनिवार की देर शाम पूर्व विधान पार्षद प्रो दिलीप कुमार चौधरी सपरिवार शामिल हुए। यहाँ पहुंचने पर उन्होंने सबसे पहले भव्य राम-जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद यज्ञ के संचालक प्रमुख कृष्ण मोहन दास ब्रह्मचारी, विष्णु देवाचार्य एवं बौआ भगवान से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मिथिला में एक ही परिसर में दो महायज्ञ क्रमशः लक्षचंडी महायज्ञ एवं अति विष्णु महायज्ञ का आयोजन एक साथ होना सनातन संस्कृति के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अपने आप में अति विशिष्ट इन दो महायज्ञों का आयोजन एक ही परिसर में होने से यह स्थान दर्शनीय होने के साथ ही आस्था का अद्भुत केंद्र बन गया है। सस्वर सप्तश्लोकी एवं वेद मंत्रों के पाठ से दिशाएं गुंजायमान हो रही हैं। इन विशिष्ट महायज्ञों के लिए बनाया गया 11 मंजिला विशाल महामंडप मिथिला के आध्यात्मिक परंपरा के साथ इसकी कला संस्कृति का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

# होली से पूर्व नीतीश सरकार ने शिक्षकों को दी बड़ी सौगात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**लखीसराय।** लखीसराय नगर भवन में राज्य सरकार के निर्देश पर जिले के 526 बीपीएससी शिक्षक अभ्यर्थियों को डीएम मिथिलेश मिश्र के द्वारा औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बताया जाता है कि बीपीएससी से तीसरे चरण की बहाली में चयनित 526 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र समारोह आयोजित कर प्रदान किया गया। राज्य भर के 30 जिलों के चयनित शिक्षकों को जिला मुख्यालय में ही नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजन कर दिए जाने का निर्देश राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया था। जिसके तहत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व स्काउट एंड गाइड के कमांडर अनुराग आनंद ने जिले के डीएम मिथिलेश मिश्र को गॉड ऑफ़ ऑनर की सलामी दी। वहीं शिक्षा विभाग के डीपीओ संजय कुमार ने अंगवस्त्र भेंट कर डीएम का सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम के साथ, स्थापना डीपीओ संजय कुमार, जिला परिषद की अध्यक्षा अंशु कुमारी, उपाध्यक्ष अनीता महतों, लखीसराय नगर परिषद सभापति अरविंद पासवान समेत कई अधिकारी के मौजूदगी में यह वितरण कार्य किया गया।

## एक नजर

### जन सुराज की बैठक

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के तरीपर गांव में जन सुराज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता दिनेश सिंह ने किया। मौके पर उपस्थित प्रमोद पांडेय ने कहा कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है। गुड्डू सिंह ने कहा कि बिहार में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की स्थिति ठीक नहीं है। इसे समझने की जरूरत है। बैठक में उज्ज्वल कुमार, दिनेश सिंह, वार्ड सदस्य लालसा देबी, सजीवन चौधरी, सत्येंद्र कुमार, शंभु मोची, रामबाबू, विजय कुमार आदि उपस्थित थे।

### सुरक्षा जवानों की होगी भर्ती

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फोर्स नाईन सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सिक्योरिटी गार्ड की बहाली की जाएगी। कंपनी ने इसके लिए जीविका के माध्यम से युवाओं के बीच प्रचार प्रचार कराया है। जीविका के बीपीएम अमरेंद्र कुमार सत्या ने बताया कि युवाओं को ऑन स्पॉट जॉइनिंग दी जाएगी। उन्हें ईएसआई, ग्रेच्युटी और पीएफ जैसी सुविधाएं भी कंपनी उपलब्ध कराएगी।

### बबुरा की बहू व सीवान की बेटी बनी प्रखंड उद्यान पदाधिकारी

**बड़हरा/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिलाएं अब किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नही है। चाहे अंतरिक्ष हो, जल हो या स्थल हो अपना परचम लहराने लगी है। बीते कुछ वर्षो से महिलाओं ने शादी के बाद भी हौसला बुलंद किया है। एक ताजा समाचार मिला है। भोजपुर जिला के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत बबुरा गांव की बहू व सिवान की बेटी ने बीपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल कर प्रखंड उद्यान पदाधिकारी पद पर चयनित हो दो जिले के साथ अपनी ससुराल बबुरा का नाम रौशन किया है। इस पद पर चयनित होने की खबर सुन पूरे गांव की महिलाओं और पुरुषों में हर्ष व्याप्त है। इस पद पर चयनित महिला बबुरा गांव निवासी राहुल सिंह की पत्नी संजना कुमारी हैं। संजना की शादी वर्ष 2024 के दिसंबर माह में हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद घर आये बहू के जीवन की बड़ी सफलता हासिल करने के बाद ससुराल पक्ष व मायके के लोग खुश हैं। संजना की पढ़ाई-लिखाई हैदराबाद में हुई थी। मायके सीवान जिले के मराची गांव में है।

### मुसहर बच्चों की मदद के लिए आगे आए अजय सिंह

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिला के उदवंतनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम चौराई में मुसहर जाति के बच्चों की शिक्षा के लिए बनने वाले छात्रावास के निर्माण में बखोरापुर निवासी बीजेपी नेता सह उद्योगपति अजय सिंह (सीएमडी, भारत प्लस ग्रुप) ने मदद की है। भाजपा नेता को जब इस बात की जानकारी मिली कि समाज के अत्यंत पिछड़े वर्ग यानी मुसहर समाज से आने वाले बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण हो रहा है तो उन्होंने अपनी तरफ से छात्रावास के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री जिसमें सरिया, सीमेंट समेत अन्य चीज शामिल है को देने का निर्णय लिया। श्री सिंह ने अपनी तरफ से 1 लाख 25 हजार 406 रुपए मूल्य का सरिया, सीमेंट व अन्य निर्माण सामग्री दान किया है। मालूम हो कि इस छात्रावास के निर्माण की जिम्मेदारी नई आशा नामक संस्था के प्रमुख सह पत्रकार पद्मश्री भीम सिंह भवेश ने उठाई है, जो मुसहर समाज के वंचित बच्चों को बेहतर भविष्य देने के संकल्प के साथ लगातार जिले में काम कर रहे हैं। अजय ने बताया कि मुसहर समाज के बच्चों के लिए काम करके बहुत ही अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह मेरी एक कोशिश मात्र है क्योंकि उनका उत्थान करना बहुत जरूरी है। आज वो समाज के सबसे निचले तबके के लोग हैं लेकिन अगर उनको सही दिशा और दशा दिखाई जाए तो वह भी समाज के पहली पंक्ति में खड़े हो सकते हैं। अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह योगदान समाज के निर्माण लिए एक पहल मात्र है। मेरी यह कोशिश है कि अपने जिले में समाज के हर वर्ग खासकर के वैसे लोग जो गरीब और वंचित हैं उनका साथ लेकर चला जाए ताकि समाज में व्याप्त खाई को पाटा जा सके।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बेनीपुर (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव के मार्गदर्शन में वार्ड तीन के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 110 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भ्रूणहत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार व भरणपोषण, विधिक सेवा आदि विषय पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता शेषनाथ दास ने कहा कि भ्रूणहत्या का अपराध करने पर अपराधी को तीन वर्ष का कारावास एवं पचास हजार रुपये जुर्माने दंडित किया जाएगा। यही अपराध यदि दूबारा किया जाता है तो 5 वर्ष का कारावास एवं एक लाख रुपये जुर्माने का दण्ड दिया जाएगा। प्राधिकार सहायक कुमार गौरव ने विधिक सेवा, पीड़ित प्रतिकर योजना, राष्ट्रीय लोक अदालत आदि की जानकारी दी। मौके वार्ड पार्षद इन्दू देवी, सेविका मधु दास, सहायिका राधा देवी, पीएलवी सीमा कुमारी, पुनीत कुमार दास, जानकी देवी, मालती देवी, रामेश्वरी देवी, मनीष कुमार, नीरज कुमार दास, मंजू देवी, सरिता दास आदि मौजूद थे।

# सेवा भावना से मंत्री पद का दायित्व निर्वहन पहला लक्ष्य : संजय सरावगी

## ढोल नगाड़े के साथ रथ पर सवार कर मंत्री का किया गया स्वागत, समर्थकों ने की पुष्प वर्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सिंहवाड़ा (दरभंगा)।** केन्द्र व बिहार की एनडीए सरकार ने विकास की गति प्रदान करने को लेकर दरभंगा जिला को चार मंत्री पद से सुशोभित कर मिथिलांचल को गौरवान्वित कर सभी वर्ग के लोगों को सम्मान दिया है। यह बातें नगर विकास एंव आवास मंत्री जीवेश कुमार ने भाजपा कार्यकर्ता की ओर से रविवार को राम जानकी मंदिर हनुमाननगर में आयोजित स्वागत सह सम्मान समारोह में कही।
यह भव्य आयोजन जाले विधान सभा की जनता के आत्म विश्वास व आशीर्वाद का परिणाम है। प्रदेश का विकास के साथ अपने क्षेत्र के लोगों को सम्मान देना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने कहा माता अहिल्या व राम जानकी की पावन भूमि पर एनडीए समर्थकों ने जेसीवी से पुष्प वर्षा व ढोल नगाड़े के बीच जगह जगह भव्य अभिनंदन किया वह यादगार पल बन गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने दायित्व सौंपा है वह आम जनता की आवाज का सम्मान है। सेवा भावना से मंत्री पद का कुशल निर्वहन कर मेरा लक्ष्य है जनता की सेवा करना निरंतर जारी रहेगा। विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने कहा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि दरभंगा को चार मंत्री पद से सुशोभित कर विकास के साथ न्याय की नींव को मजबूत करने का कार्य किया है। स्वागत समारोह के संयोजक शिक्षाविद अखिलेश ठाकुर ने आगत अतिथियों का पाग चादर पुष्प से सम्मानित कर भगवान राम जानकी मंदिर के स्वरूप का तैल चित्र भेंट कर अपने पंचायत रामपुरा का सम्मान बढाया है।
मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना, डॉ अमरेन्द्र प्रकाश चौबे, शिक्षक राम नरेश ठाकुर, जदयू प्रखंड अध्यक्ष पप्पू चौधरी, मंडल भाजपा अध्यक्ष भोला राय, नवीन राउत, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष जटाशंकर सिंह, शिवशंकर साह, महामंत्री प्रोफ़ेसर कैलाश मिश्र, जिला उपाध्यक्ष सुजीत मल्लिक, महामंत्री विजय चौधरी, जिला मंत्री राजू तिवारी, अशोक चौधरी, बिमलेश सिंह, अनिल मिश्र, मुन्ना चौबे, राजेश साह, जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर साजिद मुश्ताक, जिला महासचिव बदर आजम हाशमी ने सम्मान के साथ फूल माला से स्वागत किया। इधर सुसज्जित स्वागत रथ व बैंड बाजा से समर्थकों ने मंत्री व विधायक का अगवानी कर तेलिया पोखर, सिमरी पोस्ट ऑफीस चौक, हनुमाननगर, रामपुरा, लालपुर, कटासा भरवाड़ा, मोदी चौक पर अभिनंदन किया। जगह-जगह जनता जनार्दन का अभिवादन स्वीकार कर वाहन की कतार के बीच बाइक जुलूस में शामिल युवाओं की टीम पीएम नरेन्द्र मोदी, जेपी नड्डा, नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी, विजय सिंहा, दिलीप जयसवाल की जय जयकार किया। मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष उमेश पासवान, मुन मुन सिंह, सुनील साह, चितरंजन मंडल, चिन्टू ठाकुर, जगदीश सहनी, नरेश मंडल, अमन कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# पंचायत सरकार भवन को किया गया अतिक्रमण मुक्त

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के डफरपुर में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि पर से सीओ सूरज कुमार ने शनिवार को अतिक्रमण मुक्त कराया। उन्होंने बताया कि मौजा डफरपुर थाना संख्या 210 खाता संख्या 153 खेसरा संख्या 951 रकबा 2 बीघा 17 कटठा, 11 धूर जमीन गैर मजरूआ जमीन थी। उक्त जमीन पर डफरपुर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा गया था। पर उक्त जमीन पर गाँव के ही हरेकिशुन सिंह, राम उदय सिंह, मुरारी कुमार, मोती कुमार, विद्या देवी, वाल्मीकि सिंह, फूलेना सिंह द्वारा अतिक्रमित कर खेती बारी की जा रही थी। उक्त भूमि पर अंचलाधिकारी द्वारा मंझौल एसडीओ कार्यालय के पत्रांक 348 दिनांक 1 नवंबर 2021 के आलोक में जमा बंदी रद्दीकरण का प्रस्ताव अपर समाहर्ता बेगूसराय को भेजा गया था।

# बचपन स्कूल में वार्षिकोत्सव पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बरौनी।** बचपन स्कूल बरौनी में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूम-धाम से मनाया गया। प्राचार्या मीनाक्षी भारती के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एडिशनल चीफ जुड़िशल मजिस्ट्रेट श्रीमती लीला, एवं विद्यालय के प्राचार्या मीनाक्षी भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। वहीं छोटे छोटे बच्चों ने नृत्य के माध्यम से उपस्थित सभी आगंतुक अतिथि एवं अभिभावकों का मनोरंजन किया। प्ले ग्रुप से यू के जी के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति से समा बांध दिया। प्ले ग्रुप के बच्चों की रैंप शो आकर्षण के मुख्य केंद्र रहा। विद्यालय के अकादमिक इंचार्ज मिस सुकेशी कुमारी के विद्यालय का एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया की अगले सत्र से बचपन स्कूल मे ही वर्ग एक की क्लास शुरू की जाएगी और यहाँ के बच्चों को कक्षा एक मे नामांकन के लिए कही और नहीं जाना पड़ेगा। अतिथियों का स्वागत सम्बोधन विद्यालय की शिक्षिका रानी कुमारी ने किया। मंच का संचालन वंदना कुमारी एवं आयुषी कुमारी ने किया। इस अवसर पे ज्ञानोउदय विद्यालय के प्राचार्य श्री ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राजीब कमल सिन्हा, गौरव मिश्रा, अनुराग आनंद एवं विद्यालय सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं समस्त सहयोगी उपस्थित थे।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बखरी।** बखरी थाना परिसर में आगामी होली को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर फैसल अहमद अंसारी ने की। थानाध्यक्ष ने सभी से होली और रमजान पर्व को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।डीजे पर अश्लील और फूहड़ गीतों के बजाने पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नशे की किसी भी वस्तु की बिक्री और सेवन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। बैठक में अपर थानाध्यक्ष उदय शंकर कुमार ने कहा कि अफवाह पर ध्यान नहीं देना है प्रशासन से एक बार सत्यापन करने के बाद ही खबर को इधर उधर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति तरीके से होली पर्व के लिए पुलिस की पैनी नजर क्षेत्र में है। कोई भी उपद्रव करने वाले नहीं बक्से जायेगें। मौके पर एस आई अर्चना झा, शिवमुर्ती सिंह, विक्रम चौधरी, अधिवक्ता गौरव कुमार,आर एस एस के मनोरंजन वर्मा, पूर्व मुखिया तुफैल अहमद खान, कांग्रेस नेता कमलेश कंचन, पूर्व पंसस पंकज पासवान, मो. सतार, राजकुमार राय आदि थे।

# विदाई समरोह में हेडमास्टर के कार्य को सराहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** प्रखंड के मध्य विद्यालय हसनपुर बागर में प्रधानाध्यापक इन्द्र देव महतो की सेवानिवृत्ति उपरांत विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापिका कंचन कुमारी तथा संचालन बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के फ़्रखंड अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने किया। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष साकेत सुमन ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं। सेवा निवृत्ति के उपरांत इनका दायित्व और बढ जाता है। संपूर्ण जीवन समाज के नौनिहालों तथा अन्य क्षेत्रों में सेवा का अवसर मिलता है। अपनी सेवा से समाज के प्रत्येक क्षेत्र में आलोकित करते रहते हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित हेडमास्टर संत कुमार ने कहा कि इन्द्र देव महतो केवल इस स्कूल के हेडमास्टर ही नहीं थे। ये बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। ये कुशल शिक्षक, लेखक थे।

# हिंदुत्व के समरस भाव की व्यापकता से ही भारत पुनः बनेगा विश्वगुरु : राणा प्रताप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** कर्पूरी चौक के समीप डीएमसीएच के मैदान में अलग-अलग स्थानों पर दर्जनों भगवा ध्वज लहरा थे। इसके साये तले स्वयंसेवक गण अपनी-अपनी शाखा के दैनिक कार्यक्रम में शामिल हुये थे। अवसर था आरएसएस के दरभंगा नगर शाखा संगम का। मुख्य शिक्षक के नेतृत्व में अपने-अपने ध्वज के साथ नगर के अलग अलग शाखा से लोग पहुंचे थे। इसमें स्वयंसेवक के रूप में बिहार प्रदेश सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार, सांसद गोपालजी ठाकुर, विधायक मुरारी मोहन झा, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी सहित संघ एवं अनुसांगिक संगठनों के लोग शामिल थे। शाखा के दैनिक कार्यक्रम के पश्चात आयोजित शाखा संगम में क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख राणा प्रताप ने अपने संबोधन में हिंदुत्व को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब हम जाति, क्षेत्र, भाषा आदि के आधार पर बंटे, हमारा नुकसान हुआ। विदेशी आक्रांताओं ने इसीका फायदा उठाकर हमें लूटा। हमें आपस में बांटकर हुकूमत की। सोने की चिड़िया कहे जाने वाले हमारे देश को पीछे ढकेल दिया। यही देखकर डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना की। हिंदुत्व के आधार पर हिंदुओं को संगठित करने का संकल्प लिया। दैनिक शाखा में खेल-कूद के माध्यम से भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने की संकल्प सिद्धि का कार्य आरंभ किया, जो आकार लेता दिख रहा है। आज देश के प्रमुख पदों पर बैठकर सपने को साकार करने का काम कर रहे हैं। स्वयंसेवकों का दायित्व है कि हिंदुत्व की भावना को और व्यापक करें। मंच पर उनके साथ संघ के सह विभाग संघचालक प्रो अजित कुमार सिंह तथा नगर संघचालक दिनेश कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर संघ के प्रांत स्तर के अधिकारी दिलीप झा, विभाग कार्यवास सनोज नायक, नगर कार्यवाह राजीव कुमार झा, गोपी कुमार जलज, नीरज कुमार चंदन, रमेश कुमार आदि उपस्थित थे।

# लूटकांड में शामिल पांच लुटेरे गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** कैमूर के रामगढ़ में रात दस बजे अपराधियों ने दो पिकअप चालकों को लूट लिया। पुलिस ने 12 बजे सभी पांच लुटेरों को पकड़ लिया। मजबूत सूचना तंत्र और हाईटेक जांच में पुलिस ने लूट का सामान भी बरामद कर लिया। साथ ही लुटेरों की दो बाइक भी जब्त कर ली। कैमूर एसपी ने बताया कि शनिवार की रात्रि करीब 10 बजे सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना क्षेत्रांतर्गत दुर्गावती-रामगढ़ मुख्य पथ पर विशनपुरा ब्रिज के पास दो पिकअप चालकों से दो मोटरसाइकिल पर सवार 05 अज्ञात लोगों के द्वारा उक्त दोनों पिकअप चालकों को पुल पर रोककर उनके साथ मारपीट कर रूपया एवं दो मोबाइल छीन लिया गया। उक्त सूचना के सत्यापन के पश्चात पुलिस अधीक्षक कैमूर के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मोहनियां के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी जिसमें थानाध्यक्ष दुर्गावती, रामगढ़, नुआंव को शामिल किया गया। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, वादी से प्राप्त सूचना, तकनीकी अनुसंधान तथा घटनास्थल से बरामद अभियुक्त का स्मार्ट वाच के आधार पर इस काण्ड का दो घंटे के अंदर सफल उद्भेदन करते हुए इस काण्ड में संलिप्त सभी पांच अभियुक्तों मुकेश कुमार गुप्ता, पे0 कन्हैया साह, सा0 देवहलिया, थाना रामगढ़, अभय प्रताप शर्मा, पिता सत्येन्द्र शर्मा, सा0 देवहलिया, थाना रामगढ़, गुलशन कुमार, पिता संजय राम, सा0 नुआंव वार्ड नं0 05, थाना नुआंव, आमिर अंसारी, पिता गुश्ताक अंसारी, सा0 नुआंव वार्ड नं0 01, थाना नुआंव और सूरजभान प्रताप चौधरी, पे0 महेन्द्र कुमार, सा0 कविलासपुर, थाना दुर्गावती सभी जिला कैमूर की गिरफ्तारी की गयी और लूट का सामान बरामद कर लिया गया। बरामद सामानों में काण्ड में लूटी गयी 02 मोबाइल फोन, लूटी गयी नकद राशि 11500/-, वादी का आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस, घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल, एक जिंदा कारतूस है।

### गुरुकुल स्कूल सुजानपुर में वार्षिक परिणाम घोषणा एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

# अभिभावक बच्चों की शिक्षा को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाएं : आर पी सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर में निदेशक आर.पी. सिंह एवं प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में अभिभावक-शिक्षक बैठक के साथ-साथ वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा संयुक्त रूप से की गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यार्थियों के माता-पिता को भी अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निदेशक आर.पी. सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कठोर परिश्रम, अनुशासन और सतत अभ्यास आवश्यक है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को प्रोत्साहित करें और उनके शिक्षा संबंधी विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने सभी अभिभावकों को विद्यालय के प्रति उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उक्त अवसर पर लगभग 800 विद्यार्थी एवं 500 से अधिक अभिभावक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महिला दिवस पर छात्राओं ने संभाला कार्यभार

### जगदेव मेमोरियल कॉलेज में गोष्ठी में शिक्षकों ने रखे अपने विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुदरा।** महिला दिवस के अवसर पर प्रखंड के कई शैक्षणिक संस्थानों में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च माध्यमिक सह कन्या मिडिल स्कूल जहानाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आजरा इजहार नामक छात्रा ने एक दिन के लिए हेडमास्टर का पद संभाला और हेडमास्टर के रूप में कार्य किया। जबकि अन्य छात्राओं ने स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता का संचालन किया। छात्राओं ने डॉक्टर, इंजीनियर, पायलट, वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी आदि के ड्रेस में उपस्थित होकर उनके कार्यों के बारे में बताया। छात्राओं ने पेंटिंग व नृत्य प्रस्तुत किया जिसको उपस्थित अभिभावकों ने जमकर सराहा। कार्यक्रम में हेडमास्टर कुमार अनिल सिंह समेत सभी शिक्षक उपस्थित थे। जगदेव मेमोरियल कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के शिक्षकों ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. दामोदर शर्मा व संचालन एनएसएस प्रो. राधेश्याम पांडेय ने किया। मौके प्रो. परमहंस सिंह, प्रो. इमरान अंसारी, प्रो. दामोदर शर्मा, डॉ. नरसिंह पाल समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

# होली और रमजान को लेकर मुखिया ने ग्रामीणों के साथ की शांति समिति की बैठक

### सब इंस्पेक्टर व मुखिया ने बैठक में दिए निर्देश, कहा- सावधानी बरतें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के मथुरी पंचायत के सखरा पंचायत भवन पर होली एवं रमजान को लेकर मुखिया छोटी देवी डालमियानगर थाना क्षेत्र के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार एमओ खुशबू कुमारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय कुमार एवं सहकारिता पदाधिकारी मनोज भारती ने संयुक्त रूप से शांति समिति की बैठक की। इस दौरान पंचायत के सरपंच ग्रामीणों के अलावे दर्जनों समाजसेवी मौजूद रहे। एमओ खुशबू कुमारी ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों से अपील की कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली एवं रमजान आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्वक मनाएं। इस दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। वहीं होलिका दहन में विशेष सावधानियां बरतने की जरूरत है क्योंकि बहुत सारे जगहों पर जलते हुए लुहाठी को फेंक देते हैं और इस दौरान किसी के घर, खेत अथवा धार्मिक स्थल को आहत न पहुंचे इसका ध्यान रखना है। साथ ही होलिका दहन में लकड़ी इक्कठा करने के दौरान बिना अनुमति के किसी के निजी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाना है। होली रंगों का त्यौहार है और इसे बिल्कुल शांतिपूर्ण सद्भावना के साथ मनाना है। बिहार में पूर्ण शराबबंदी है, इसलिए शराब के सेवन आदि से बचना है। वहीं डालमियानगर थाना के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने लोगों से अपील की कि शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने के लिए पुलिस आपका सहयोग करेगी। वहीं होली में हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। क्षेत्र में कहीं भी विधि व्यवस्था बिगड़ती नजर आए तो पुलिस व प्रशासन को जरूर सूचित करें एवं गलत पोस्ट को शेयर नहीं करने को कहा गया है। वहीं पंचायत के मुखिया छोटी देवी ने अपने पंचायत वासियों से अपील करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ मनाएं जिस किसी भाई को रंग से परहेज है उन्हें जबरदस्ती एक-दूसरे पर रंग न लगाएं। किसी के भावना के साथ खिलवाड़ न किया जाए तथा सभी को शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। मौके पर मथुरी पंचायत मुखिया छोटी देवी समाजसेवी आशुतोष कुमार सिंह पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह किसान सलाहकार रीना श्री उप मुखिया किरण देवी वार्ड सदस्य गुड़िया देवी पंचायत सचिव राज कुमार राय कार्यपालक सहायक गुलशन कुमार स्वच्छता प्रवेक्षक सरोज आलम, हाकिम अंसारी, तेजू अंसारी, अकबर हुसैन, अंजुम आरा, जमीला खातून, नीतू कुमारी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# इको पार्क का मंत्री ने किया शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एनिकट पार्क के विकास व होम स्टे (गौरया), ईको पार्क पर्यटन का शिलान्यास पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डा सुनील कुमार ने फीताकाट कर रविवार को किया। उन्होंने कहा कि 28 को रोहतास में आपके सामने खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि वाल्मिकी नगर से रोहतास तक बिहार में टूरिज्म की काफी संभवनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह पहला शिलान्यास किया। रोहतास में बहुत संभावनाएं है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले मुख्य गेट पर भाजपा नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। उसके बाद फीता काट कर शिलान्यास किया। पार्क के विकास व होम स्टे, इको पार्क पर्यटन का निर्माण कार्य के लिए बनाये गये नक्शा को देखा। उसके बाद पौधा लगाया। अतिथियों को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, अमित कुमार, रवि पासवान अमित कुमार पटेल कुंवर सिह संजय गुप्ता संजय यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुनीता कुमारी सहित काफी सांख्या में लोग उपस्थित थे।

# अ.क.स द्वारा होली मिलन सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** जिले की अग्रणी सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला संगम द्वारा सम्राट अशोक भवन सभागार में आयोजित हुआ होली मिलन सम्मान समारोह जिसमें जिले भर के सांस्कृतिक और साहित्यिक समाजसेवियों ने पारंपरिक फगुआ और सांस्कृतिक के कार्यक्रम का आनंद उठाया। संस्था द्वारा आयोजित सांस्कृतिक सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में कला प्रेमियों ने भाग लिया। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में व्यास के रूप में फगुआ गायन पर राधा रमन सिंह लाल बाबू साथ अन्य वाद्य यंत्रों पर टेस लाल साह, रवींद्र सिंह, कुंवर पासवान, अभिमन्यु सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, गोपाल दास के साथ होली गायन पर चर्चित भोजपुरी गायक इंद्रजीत सिंह, राजेश कुमार, पिंटू दिलवाले अनिल कुमार उर्फ बुल्लु। कार्यक्रम के दौरान विश्व महिला दिवस के अवसर पर धेनुका इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सिबी पोद्दार, समाजसेवी नीतू सिंह, ज्योति गुप्ता को अंग वस्त्र गुलदस्ता से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों में पूर्व विधायक इंजीनियर सत्यनारायण यादव, अशोक भारद्वाज, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पांडे, बैरिस्टर सिंह, विनय चंचल, विनय बाबा, बबल कश्यप, धनंजय यादव, आलोक सिंघानिया, गुड्डू सिंह सहित सैकड़ों समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता, निर्देशक संजय सिंह बाला ने संयुक्त रूप से किया। संस्था के सचिव नंदन कुमार ने सभी का अभिवादन और शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया। संस्था की ओर से संस्थापक सदस्य जीवन प्रकाश गुप्ता, निर्देशक संजय सिंह बालाजी, अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नंदन कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, संजय सिंह, कीर्तन श्रीवास्तव, विनोद गुप्ता, दिनेश प्रसाद सिंह, मुन्ना सिंह, बृजेश मिश्रा, कलाम हाशमी, अरुण शर्मा, राज पटेल उर्फ बंटी पटेल, प्रेम प्रकाश उर्फ पी, संजय गुप्ता, विजय चौरसिया, उमेश प्रसाद सिंह, सुनील कुमार उर्फ पिंटू, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू, आकाश कुमार, यश उपाध्याय, अजय सिंह, राहुल कुमार, भोला कुमार सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स का द्विवार्षिक चुनाव सह संगोष्ठी संपन्न

### संगोष्ठी में पत्रकारों की दशा एवं दिशा पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स जिला इकाई रोहतास सासाराम (बिहार) का द्विवार्षिक चुनाव सह संगोष्ठी रविवार को स्थानीय पवित्र बंधन पैलेस के सभागार में संपन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार त्रिपुरारी त्रिवेदी ने किया। आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश ईकाई से आये चुनाव प्रभारी राजन मिश्रा एवं पर्यवेक्षक गणेश पांडेय की उपस्थिति में आईएफडब्लूजे ईकाई के पदाधिकारियों एवं ग्यारह सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। ईकाई के गठन के पश्चात वर्तमान परिवेश में पत्रकारों की दशा एवं दिशा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वरिष्ठ पत्रकार त्रिपुरारी त्रिवेदी, प्रो विनोद सिंह उज्जैन, इं0 नवीन सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार व शिक्षक अर्जुन कुमार, पत्रकार व अधिवक्ता संजय कुमार तिवारी ने खुलकर चर्चा करते हुए सरकार से मांग किया कि अपनी जान जोखिम में डालकर पत्रकार समाचार संकलन से लेकर प्रेषण तक की जिम्मेदारी बखूबी निभाते हैं। कार्यक्रम में आये सभी आगत अतिथियों को फूलमाला एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। ईकाई के पदाधिकारियों के चुनाव में इं0 नवीन सिन्हा को संगठन का (संरक्षक), ज्ञान प्रकाश (अध्यक्ष), हरिओम चौबे, विनोद कुमार सिंह (उपाध्यक्ष), संजय कुमार तिवारी (सचिव), अर्जुन कुमार (सोशल जिला मीडिया प्रभारी), हीरा लाल (कोषाध्यक्ष), अनिल कुमार सिंह (संगठन सचिव), देव सहाय (कार्यालय प्रभारी) के अलावा विकास कुमार शुक्ला, विश्वास चौरसिया, अभिषेक कुमार, दिलीप कुमार, शशि कुमार, दुष्यंत कुमार, शशिकांत कुमार, शाहिद हुसैन, धर्मेंद्र पांडेय, सोनू कुमार, शुभम तिवारी, रमेश कुमार एवं शिवम तिवारी को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में चयन किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**डिहरी ऑन-सोन।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पाली रोड नागा पथ में श्री मां निकेतन के परिसर में अध्यक्ष शकुंतला सिंह के आह्वान पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में वार्ड पार्षद, विभिन्न दलों की महिलायें पहुंची। कार्यक्रम की अध्यक्षता शकुंतला सिंह ने किया तथा संचालन मीरा चौधरी ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि शशि कुमारी, मुख्य पार्षद श्वेता कुमारी, जेएसआई महिला थाना, जदयू नेता डॉक्टर निर्मल कुमार कुशवाहा, राजद नेता गुड्डू चन्द्रवंशी सहित अन्य को माला पहनाने के साथ अंग व बुके देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला वक्ताओं ने नारी सम्मान को लेकर समाज की आंखें खोलने वाली बातें कही। उनका कहना था कि इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को सजग होना पड़ेगा और अपनी हक और अधिकार के लिये अपनी लड़ाई खुद ही लड़नी पड़ेगी उसे बैठे बैठाये कुछ नहीं मिलने वाला है। महिला को सबसे पहले शिक्षित होना होगा जिससे वे हर क्षेत्र में अपने सफलता के द्वार खुद ही खोल सके। साथ ही साथ अपने को मजबूत बनाने के लिये बचत को महत्व देना होगा जिससे कभी भी वे वेवश व लाचार नहीं होने पाये। उनका कहना था कि घरों में बेटा व बेटी के बीच का भेद मिटाना होगा जिससे योग्यता खुलकर सामने आ सके। महिला सृष्टि की जननी है और वह हर रूप में पूजनीय है। इसलिये उसे अपने मान-सम्मान को बनाये रखते हुये आगे बढ़ना होगा और एक मिशाल पेश करना होगा वैसे भी अब महिला हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही जो उनके दृढ़ता को दिखाता है। वही जेएसआई महिला थाना की श्वेता कुमारी ने कहा कि जो खुद से खुदी की बेहतरी के लिये लड़ेगा वह जरूर आगे बढ़ेगा पर इतना जरूर है कि आप ऐसा कोई भी काम नहीं करें जिससे कभी भी आपको भूले से नहीं थाने का मुंह देखना पड़े इससे जरूर बचियेगा बाकी सब कुछ अपने हाथों में ही है बस ठानने पर सब कुछ निर्भर करता है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अमित पटेल, ललन कुशवाहा व विशाल पटेल सहित अन्य का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# शिक्षा सेवक सुरेंद्र राम के निधन पर शोक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड डिहरी के शिक्षा सेवक संघ ने दिवंगत शिक्षा सेवक सुरेंद्र राम के लिए शोक सभा का आयोजन किया। शोक सभा की अध्यक्षता धनंजय कुमार ने की। उपस्थित साहू जैन मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह, शिक्षक बिंदेश्वरी पाल, बीआरपी पिंटू कुमार, शशि कुमार, कौशल कुमार सामाजिक कार्यकर्ता, प्रखंड के सभी शिक्षा सेवक ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में शामिल बिन्दु देवी, सुनीता देवी, धनंजय, संजीत, ललन, आनंदी, मुन्ना, रमेश, विजय, लालबाबू, अमित ।

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बेउर थाना क्षेत्र के दशरथा में एक युवक रिशु की हत्या और दूसरे के घायल होने के बाद रविवार को जन आक्रोश उभर सड़क पर आ गया। आक्रोशित लोग बाईपास पर मृतक के शव के पोस्टमार्टम के बाद शव के साथ बाईपास को जाम करते हुए आगजनी करने लगे। आगजनी कर रहे लोग हत्यारों की गिरफ्तारी एवं मृतक के परिवार को मुआवजा की मांग कर रहे थे। इसके अलावा इस घटना के लिए बेउर थाना को लापरवाह बताते हुए थानेदार को हटाने की मांग भी कर रहे थे।

# अपराधियों ने गायब मोबाइल से पेफोन बनाकर निकाले एक लाख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ के स्टेशन रोड में सेवानिवृत शिक्षक के गायब मोबाइल से अपराधियों ने पे फोन ऐप डाउनलोड कर खाते से 1लाख रुपए की निकासी कर ली। हैरत की बात यह है कि शातिर बदमाशों ने सीम बंद कराने के बाद भी दो किस्तों में रुपए निकाल लिए। अभ्यासिक मध्य विद्यालय बाढ़ के सेवानिवृत शिक्षक मरांची गांव निवासी रामनरेश सिंह एसबीआर चौक के पास घर है। वह स्टेशन रोड में खरीदारी करने गए थे। इसी दौरान भीड़ में अपराधियों ने उनका मोबाइल गायब कर दिया। इस मोबाइल का उपयोग कर अपराधियों ने पे फोन बनाकर उनके एसबीआई खाते से रुपए की निकासी कर ली। इस संबंध में थाने में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# दुकान के आगे बाइक लगाने पर मारपीट

**बाढ़(नबिटा सं.)।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत सदर बाजार में स्थित मेडिकल स्टोर के सामने दुकान पर बाइक लगाने से मना करने पर कुछ लोगों ने दुकानदार शशि राज और उसके भाई विवेक राज पर हमला कर दिया। कारोबारी ने बताया कि उसकी दुकान के आगे बाइक लगाने पर ग्राहकों को परेशानी हो रही थी। इसी को लेकर उसने विरोध किया। इसके बाद हिमांशु अपने कई दोस्तों को बुला लिया और मारपीट शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# हथियारबंद अपराधियों ने किया अगवा करने का प्रयास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेढ़ना फोरलेन मोड़ के पास बोलेरो पर सवार हथियारबंद अपराधियों ने हासनचक गांव निवासी युवक का अपहरण करने की कोशिश की। ग्रामीणों के जुट जाने के बाद अपराधी फरार हो गये। इस संबंध में हासनचक गांव निवासी उपेंद्र यादव ने बताया कि उसका पुत्र मेघनाथ बाढ़ से गांव लौट रहा था। इसी दौरान बेढ़ना फोरलेन के पास अचानक बोलेरो से आए हथियारबंद लोगों ने उसे घेर लिया और बंदूक के बट से मार कर जख्मी कर दिया जब मेघनाथ ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी भाग निकले। इस मामले को लेकर पीड़ित ने फतुहा थाने के जगनंदनपुर गांव निवासी पंकज कुमार सहित अज्ञात व्यक्तियों को नामजद किया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# तीन वाहनों की टक्कर में चिकित्सक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** अथमलगोला थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन फोरलेन पर तीन फोर व्हीलर वाहन की टक्कर में एक निजी अस्पताल के डॉक्टर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना से बेगूसराय जा रहे 48 वर्षीय डॉक्टर बालमुकुंद झा की गाड़ी में टक्कर लगने से उनकी मौत हो गई और चालक संतोष कुमार बरौनी निवासी का एयरबैग खुल जाने से बाल-बाल बचा। घटना की जानकारी मिलते ही अथमलगोला की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ लाया जहां डॉक्टर की टीम द्वारा बालमुकुंद झा को मृत घोषित कर दिया। पुलिस द्वारा परिजनों को दूरभाष के द्वारा सूचना दे दिया गया है। परिजनों ने बताया कि डॉक्टर बालमुकुंद की पत्नी का 2 साल पहले कोविड बीमारी के चपेट में आने से मौत हो गई थी और 1 साल पूर्व डॉक्टर ने फिर से शादी रचाई थी वहीं चालक संतोष कुमार ने बताया कि अचानक सामने से एक फोर व्हीलर आ गई और बाया साइड काटने के दौरान सीधी टक्कर हो गई। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रही फोर व्हीलर वाहन ने भी टक्कर मार दी जिसके चलते इतनी बड़ी हादसा हुई। पुलिस ने लाश को कब्जे में ले लिया है और परिजनों के अस्पताल पहुंचाने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मृतक डॉक्टर का पोस्टमार्टम किए जाने की भी तैयारी चल रही है।

# मोरहर नदी से हो रहा अवैध मिट्टी खनन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में बालू के बाद माफियाओं की काली नजर मिट्टी पर पड़ गई है। ऐसे में इन दिनों जेसीबी लगाकर मोरहर नदी से इन दिनों अवैध रूप से चोरी-छिपे मिट्टी का खनन लगातार जारी है। खास कर मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भखराचक के आसपास के इलाकों में मिट्टी का अवैध खनन बेरोक टोक चल रहा है। मसौढ़ी के मोरहर नदी, धनरूआ के दरधा नदी और पुनपुन नदी से रात-दिन जेसीबी मशीन के द्वारा मिट्टी का खनन अवैध रूप से चोरी छुपे चल रहा है। जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर ट्रॉली के सहारे गंतव्य स्थान तक मिट्टी को भेजा जा रहा है। इसके आहार एवं पइन के अलावा छोटी-बड़ी नदियों से लगातार मिट्टी का खनन किया जा रहा है। इस पूरे मामले में खनन विभाग के पदाधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जहां-जहां से सूचना मिलती है, वहां पर छापेमारी कर मशीन और ट्रैक्टर को जब्त कर रहे हैं। हलांकि पुलिसिया कार्रवाई से अवैध खनन पर कुछ दिन तक रोक लगी थी, लेकिन मसौढ़ी में इन दिनों एक बार फिर से मिट्टी खनन का कार्य शुरू हो गया है। नदियों से हो रहे अवैध रूप से मिट्टी खनन से न केवल मिट्टी की खाद्य श्रृंखला खत्म हो रही है बल्कि पर्यावरण पर भी खतरा मंडराने आने लगा है, वही एसडीएम अमीत कुमार पटेल ने अवैध खनन के खिलाफ सभी थानाध्यक्ष और अंचलाधिकारी को सख्त हिदायत दी है कि जहां से बालू और मिट्टी के अवैध खनन की सूचना मिलते ही उस पर सख्त कार्रवाई करें।

# मसौढ़ी जेल में महिला बंदियों को जेल प्रशासन ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जेल में महिला बैंरक में महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के उत्थान के प्रति जागरूक करते हुए महिला बंदियों को सम्मानित किया। जेलर उमाशंकर ने महिला बंदियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति जागरूक किया। बहरहाल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पूरे देश में महिलाओं के मान-सम्मान अधिकार के बारे में उन्हें न केवल जागरूक किया गया बल्कि कई संकल्प भी लिए गए। इस मौके पर मसौढ़ी जेल में भी जेल में बंद महिला बंदियों को इस मौके पर जेल प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया गया। जेलर उमाशंकर ने बताया कि हर महिलाओं को स्वतंत्र रूप से कई अधिकार मिले है ऐसे में जेल में बंद महिला बंदी को भी सम्मानित करते हुए उन्हें सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बेतिया राज कालीन तोप और फांसी घर को भी वास्तविक स्वरूप में किया जाएगा स्थापित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर श्रीमती गरिमा सिकारिया ने बताया कि राज कचहरी परिसर में ही स्थापित रहे बेतिया राज कालीन तोप और फांसी घर को भी वास्तविक स्वरूप में किया स्थापित किया जाएगा। तोप के क्षतिग्रस्त स्टैंड को उसके मूल स्वरूप में रखते हुए उसपर ग्रेनाइट लगाने, मूल स्वरूप में फांसी का कुआँ को उभारना, पेड़ का चबूतरा, बाउंड्री और ग्रिल, फाउंटेन, पाथवे, पीलर पर लाइट, गार्डन लाइट के आकर्षक स्वरूप में निर्माण को नगर निगम बोर्ड से स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि इसके लिए 84.38 लाख और 79.16 लाख लागत वाली दो योजना समूह की निविदा निकाली जा रही है। इस योजना के तहत जोड़ा शिवालय, राजगुरू चौक, संत कबीर चौक, हॉस्पिटल रोड एवं उत्तरी द्वार देवी चौक के तरफ से राजड्योढी में प्रवेश करने के लिए बने हुए सभी बेतिया राज कालीन सभी क्षतिग्रस्त द्वारों को भी उनके मूल स्वरूप में मजबूत और आकर्षक मूल स्वरूप में पुनः स्थापित किया जाएगा।

### भंगहा थाने में तैनात दरोगा की सड़क दुर्घटना में मौत



**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हाजीपुर मजफ्फरपुर मुख्य राज्य मार्ग में सड़क दुर्घटना में दरोगा की मौत हो गई। घटना रविवार की है। मृतक रवि कुमार उम्र 30 वर्ष नालंदा रहने वाले थे। जो कि वर्ष 2019 बैच के दरोगा थे। बीगत वर्ष नवंबर में बेतिया जिला के भंगहा थाने में पदस्थापित हुए । 3 मार्च को छुट्टी लेकर अपने घर नालंदा गए थे। घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को अपने घर से बाइक से अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे इसी दौरान हाजीपुर के पास उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिस दौरान रवि कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### 180 बोतल नेपाली शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड थाना पुलिस ने नेपाली शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि कारोबारी की पहचान थाना क्षेत्र के हाजमाटोला निवासी मनोज साह, बृजेश गिरी व विनोद महतो के रूप में हुयी है। तीनों के पास से 180 बोतल नेपाली शराब बरामद किया गया है। तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### डबल मीनिंग वाले भोजपुरी गाने बजाए तो होगा एक्शन : एडीपीओ



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पुलिस मुख्यालय के आदेश और सीवान एसपी के निर्देश पर महाराजगंज के एसडीपीओ राकेश रंजन ने डबल मीनिंग वाले अश्लील भोजपुरी गानों को सार्वजनिक स्थानों पर बजाने पर रोक लगाने के लिए अधीनस्थ पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कहना है कि ये गाने महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा के लिए खतरा बनते हैं, बच्चों की मानसिकता पर भी गलत प्रभाव डालते हैं.इस मामले में जारी आदेश का अनुपालन सख्ती से करने का निर्देश दिया और अधीन सभी थाना को बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश भी दिया है। कहा कि जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और बच्चों के मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कहीं भी सार्वजनिक स्थानों पर असली भोजपुरी गाने बजाए जाने पर अन्य थाना पुलिस कार्रवाई के साथ रोक लगाने की जिम्मेदारी होगी .

### पैक्स अध्यक्ष पद पर जावेद हुए निर्वाचित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड की केसरिया पंचायत में शनिवार की देर शाम पैक्स चुनाव का परिणाम घोषित हुआ। यहां अध्यक्ष पद पर जावेद अनवर निर्वाचित हुए है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राजू कुमार को 190 मतों के अंतर से हराया है। निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि केसरिया में अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे। वही कार्यकारिणी सदस्यों का पहले ही निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। गौरतलब हो कि केसरिया पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को 54.12 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक हुआ उसके पश्चात कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान कर्मी बैलेट बॉक्स के साथ प्रखंड कार्यालय पहुचे जहां उसी दिन देर शाम में मतगणना भी कराई गई। मतगणना को लेकर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। परिणाम घोषित होते ही जावेद के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

### सफेद बालू का अवैध खनन करते ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे का फायदा उठा कर विभिन्न नदी घाटों से सफेद बालू की तस्करी का क्रम जारी है। वहीं कई जगहों से वाहन पकड़े जा रहे हैं तो कई जगहों से वाहन नौ दो ग्यारह हो जा रहे हैं। इधर शुक्रवार की मध्य रात्रि में गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शिकारहना नदी घाट से अवैध बालू खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सफेद बालू सहित जप्त कर थाना लाया गया है। वही ट्रैक्टर चालक और स्वामी भाग जाने में सफल रहे। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि वृत्ति मटियरिया गांव स्थित शिकारहना नदी तट पर अवैध सफेद बालू खनन करते बिना नंबर का एक ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त किया गया है। वही चालक और स्वामी भाग जाने में सफल रहे। उचित कार्रवाई हेतु खनन पदाधिकारी को सूचित किया जा रहा है।

### शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष का सम्मान समारोह आयोजित



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बंगरा गांव के रघुवीर सिंह पुस्तकालय सह वाचनालय परिसर में रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल व स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह शामिल हुए. बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रवक्ता कुमार राजकपूर टीपू ने बताया कि कार्यक्रम में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय राम सिंह शर्मा, महासचिव दिनेश कुमार सिंह, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अंकेक्षक सुर्यनारायण यादव के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजित था. जिन्हें सांसद की ओर से सम्मानित किया गया. अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की तैयारी की सफलता को ले अंचल इकाई के अध्यक्ष सुधीन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय समिति व कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया गया था. कार्यक्रम में सभी आगंतुक अतिथियों को अंगवस्त्र व मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया.

### खेल मैदान निर्माण में अनिमितता के विरोध में उतरे खिलाड़ी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हरदी टेढ़ा पंचायत के नोनियाटोला गांव स्थित स्वर्गीय सिंघेश्वर प्रसाद वर्मा स्टेडियम में मनरेगा द्वारा खेल मैदान के बाउंड्री निर्माण कार्य मे अनियमितता को लेकर रविवार को खिलाड़ियों व ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया हैं। खिलाड़ियों व ग्रामीणों ने बताया कि स्टेडियम के विस्तार के लिए करीब दो साल से प्रयास किया जा रहा था। जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा से यह कार्य करने की अनुमति दी गई।

# टीआरई 3 में 2551 शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में जिले के 2551 शिक्षको को टीआरई 3 के तहत नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री सह सुबे के अब ग्रामीण क्षेत्र में जाकर शिक्षक वहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग के मंत्री जनक राम ने कहा कि आज हम और आप यहां इस मुकाम पर पहुंचे है और यहां बैठे हैं तो किसी ना किसी शिक्षक के पढ़ाए हुए हैं। इसलिए हमारा भी दायित्व है कि हम भी समाज में अच्छे नागरिक तैयार करें। लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने का काम करना है। आप स्वयं भी अनुशासित रहें और दूसरों को भी अनुशासित होना सिखाएं। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण से पहले पटना में हुए मुख्य कार्यक्रम को ऑनलाइन माध्यम से शिक्षक अभ्यार्थियों और अधिकारियों मंत्रियों ने देखा। जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने पटना में हुए कार्यक्रम में शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी मंत्री जनक राम, एमएलसी कुमार सौरभ, बगहा विधायक राम सिंह, जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, बेतिया की मेयर गरीमा देवी सिकरिया ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया।जिलाधिकारी ने कहा कि गांव में शिक्षा की व्यवस्था बेहतर करने के लिए नियमित रूप से शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसलिए ट्यूटोरियल क्लास चलाया जा रहा है। आज हालात ऐसे हो गए हैं कि निजी विद्यालय में पढ़ने वाले शिक्षक भी सरकारी विद्यालयों में ए नियुक्ति में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। प्रभारी मंत्री जनक राम ने कहा कि टीआरई 1,2,3 मिला कर पश्चिम चंपारण के लगभग 10865 शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार के द्वारा की गई है। पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रथम चरण, द्वितीय चरण एवं तृतीय चरण मिलाकर क्रमशः 4235, 4079, 2551 शिक्षकों की नियुक्ति हुई है जिसे कुल मिलाकर 10865 विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य किया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री व सांसद, एमएलसी, विधायक और मेयर के हाथों प्रमाण पत्र लेने वालों शिक्षक अभ्यर्थी में अनुराग कुमार, अनुष्का शाही, रेचल सॉलमन, जितेंद्र राम माही कुमारी मनजीत कुमार सोनल कुमारी, तेजस्व राज, रुस्तम अंसारी, असीम कुमार दास, डेजी कुमारी, ओम प्रकाश कुमार राम राहुल कुमार गुप्ता आदि शामिल थे अन्य अभ्यर्थियों को उनके सीट पर ही प्रमाण पत्र दे दिया गया।

## होली आपसी कटुता शत्रुता समाप्त कर प्रेम एवं सदभाव बढ़ाने वाला है पर्व : मंगल पांडे



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा चांप ढाला स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय, सांसद श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी, विधायक करणजीत सिंह,पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव,पूर्व विधान पार्षद मनोज कुमार सिंह,पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा एवं पूर्व विधायक हेमनारायण साह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया. स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा होली आपस कटुता शत्रुता समाप्त कर प्रेम एवं सदभाव बढ़ाने वाला पर्व है. हम सभी को इस त्योहार को प्रेम के साथ मनाएं और एक दूसरे के सहयोगी बनें. सांसद विजयलक्ष्मी देवी ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी. इस अवसर पर महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल,भाजपा पश्चिम अध्यक्ष राहुल तिवारी, पूर्वी अध्यक्ष रंजीत प्रसाद, जद यू जिला अध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, लोजपा आर के अध्यक्ष महादेव पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, जितेश कुमार सिंह, कुन्दन कुमार सिंह,धनंजय कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी। मंच संचालन महामंत्री राजेश श्रीवास्तव ने किया. इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति प्रसिद्ध लोक गायक मनन मिश्रा केवल मधुर संगीत पर सभी ने होली का आनन्द लिया. जिला कार्यालय में कई प्रकार स्वादिष्ट मिठाइयों व्यंजनों का जिला से आएं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कार्यकताओं ने आनंद लिया.

## एसभीएन सेंट्रल स्कूल में विज्ञान मेला का आयोजन



**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को अनुमंडल मुख्यालय के एस भी एन सेंट्रल स्कूल में विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीपीओ श राकेश रंजन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विज्ञान कौशल को विभिन्न माध्यम से प्रदर्शित किया। जहां कक्षा 6 की छात्रा समीक्षा कुमारी तथा उनकी टीम ने वर्षाजल संग्रह कर खेती पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया तो वहींअनुज तथा उनकी टीम ने फूड वेस्टेज मैनेजमेंट पर प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपने कौशल को दिखाया। जिसे देख सभी उपस्थित अतिथियों ने सराहा। इसके अलावा 6 के उमंग अनुज सौम्या सुहाना ने मिल कर चंद्रयान 3 को लॉन्च करके दिखाया तथा हाइड्रोलिक लिफ्ट पार्किंग सिस्टम का भी मॉडल दिखाया। कक्षा 9वीं के अमन धीरज इमरान आकाश अनुराज छोटू अंशु व आयुष ने हाउस सिक्योरिटी अलार्म सिस्टम का प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया तो वहीं इसी कक्षा की छात्राएं प्रीति पारो अंजली खुशी अर्चना रमिता सोनी शालू अनीता ने मिल कर साइबर सिक्योरिटी पर अपने प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किया । मौके पर प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन सिवान के सचिव शिवजी प्रसाद , सन वैली स्कूल के संचालक प्रवीण सिंह, एडवोकेट भास्करजी, जिम संचालक अमन सिंह, विद्यालय प्रबंधक राहुल तिवारी संचालक सौरभ श्रीवास्तव निर्देशक शैलेन्द श्रीवास्तव सहित पीटी टीचर रोहित व अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। मौके पर वरिष्ठ शिक्षक योगेंद्र श्रीवास्तव जी, उमेश जी, राजेश जी, विनोद जी, शिक्षिकाओं में काजल, नैंसी, शबनम, अंशु,जागृति, हर्षा, छोटी,मनीषा, तान्या समेत वाइस प्रिंसिपल दीपा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं।

## एनयूजे के होली मिलन समारोह में उल्लास व उमंग से उड़े गुलाल





**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रविवार को नगर के जे पी चौक के निकट स्थित सूरज एग्जीक्यूटिव होटल में नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (एनयूजे) की सीवान शाखा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आगत अतिथियों और पत्रकारों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं भी प्रेषित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ पत्रकार अरविंद पाठक ने अपने स्वागत भाषण के साथ किया।

इस समारोह में बतौर अतिथि के रुप में उपस्थित शायर तंग इनायतपुरी ने हास्य व्यंग्य की फुलझरियों से सभी को खूब हंसाया। वही नागेश्वर दास उर्फ लाफिंग बुद्धा ने अपने हास्य कला से सबको हंसाया। प्रसार भारती के निदेशक अजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली मिलन समाज में सकारात्मकता के संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। क्योंकि होली में सभी भेदभाव समाप्त हो जाते हैं। सभी लोग मिलजुलकर सौहार्द के इस आयोजन का आनंद उठाते हैं। सौहार्द, समरसता, सद्भावना का संदेश देता है होली का पावन त्योहार। इस अवसर पर शिक्षाविद् सह वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर गणेश दत्त पाठक ने कहा कि हर उत्सव एक संदेश देता है। रंगों का उत्सव होली भी जीवन को सकारात्मक संदेश देता है। जीवन में सभी रंगों का समावेश ही होली को सार्थकता को प्रदान करता है। वही वरिष्ठ पत्रकार आनंद मिश्रा ने कहा कि राग-रंग का यह लोकप्रिय पर्व वसंत का संदेशवाहक भी है। राग अर्थात संगीत और रंग तो इसके प्रमुख अंग हैं पर इनको उत्कर्ष तक पहुँचाने वाली प्रकृति भी इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। यह पर्व भारत सहित पूरे विश्व में धूमधाम से मनाया जाता है।फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण इसे फाल्गुनी भी कहते हैं। होली का त्यौहार वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है। उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है।

इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। इस अवसर पर दूरदर्शन के निदेशक अजय कुमार, प्रॉफेसर अशोक प्रियंवद, अंतराष्ट्रीय स्तर के शायर तंग इनायतपुरी, शिक्षाविद् डॉक्टर गणेश दत्त पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रामबाबू गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार धनंजय मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार और अधिवक्ता डॉक्टर विजय कुमार पांडेय, डॉक्टर अशरफ अली, वरिष्ठ पत्रकार आनंद किशोर मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार मोनिका शेखर बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार ज्ञापन एनयूजे के जिला महासचिव सह वरिष्ठ पत्रकार आकाश श्रीवास्तव ने किया। मंच संचालन डॉक्टर विजय कुमार पांडेय, आनंद किशोर मिश्रा ने कियाइस अवसर पर प्रोफेसर अशोक प्रियंवद, वयोवृद्ध पत्रकार रामबाबू गुप्ता, धनंजय मिश्रा, मोनिका शेखर ने अपने संबोधन में आयोजन की सराहना करते हुए होली की शुभकामनाएं प्रेषित किया। मौके पर अमरनाथ शर्मा , कृष्णमोहन शर्मा, नवीन सिंह परमार, समरेंद्र ओझा, मिथिलेश सिंह, जितेंद्र उपाध्याय, मनीष गिरी, मृत्युंजय सिंह, रजनीश मौर्य, दीनबंधु सिंह, अरविंद सिंह, अमित कुमार मोनू, निरंजन कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## बजट के प्रावधानों से नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा बिहार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के प्रभारी मंत्री जनक राम ने कहा है कि बजट के प्रावधानों से बिहार नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत का सपना पूरा होगा। वे रविवार को सर्किट हाउस में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 तक बिहार काफी पिछड़ा था। उस समय की सरकार के पास बिहार को विकास के पथ पर ले जाने के लिए कोई लक्ष्य और विजन नहीं था। जिस कारण इसकी पहचान रोते, बिलखते और सिसकते बिहार के रूप में थी। उस समय बिहार का बजट मात्र 22 हजार करोड़ रुपये का था। 2005 में सरकार बदलने के बाद बिहार दिनों दिन ऊंचाई के पथ पर आगे बढ़ रहा है। आज बिहार मुस्कुराता और समृद्ध बिहार के रूप में जाना जाता है। वर्ष 2024-25 के बजट में डबल इंजन की सरकार ने तीन लाख 17 हजार करोड़ का बजट पेश कर बिहार के विकास के लिए एक लंबी लकीर खींची है। आज बिहार सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। बजट में 26 हजार करोड रुपये से तीन एक्सप्रेस वे और चार हाई स्पीड कॉरिडोर बनाने की व्यवस्था है। 21,476 करोड़ की राशि से बरौनी रिफाइनरी की क्षमता बढ़ाई गई तथा बिहार के विभिन्न शहरों में गैस पाइपलाइन के द्वारा आपूर्ति होना शुरू हुआ। 21.4 हजार करोड़ से भागलपुर में एक नया एनटीपीसी पावर प्लांट व बक्सर में एनटीपीसी पावर प्रोजेक्ट पूरा हुआ। बिहार के विरासतों का संरक्षण का आगाज हो गया है। राजगीर कॉरिडोर, महाबोधि कॉरिडोर, नालंदा कॉरिडोर, नालंदा विश्वविद्यालय का संरक्षण और पुनविकास होगा। उन्होंने कहा कि बक्सर में गंगा नदी पर दो लेने का पुल व मिथिला कोसी में बाढ़ की विभीषिका रोकने के लिए 11.5 हजार करोड़ की बड़ी राशि बजट में दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव ने कहा कि बजट से बिहार की उन्नति का राह खुलेगा। बिहार की प्रगति होने से देश भी आगे बढ़ेगा। मौके पर भाजपा नेता रवि सिंह, मनोज सिंह, मुकेश सहाय उर्स गांधी बाबा, रिंकी गुप्ता, मनुबाबू कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## पुनःस्थापित होगा राज ड्योढी और राज कचहरी परिसरः गरिमा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि बिहार राजस्व पर्षद के अध्यक्ष केके पाठक की सहमति और जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के मार्गदर्शन में नगर के ऐतिहासिक धरोहर राज ड्योढी सहित संपूर्ण राज कचहरी परिसर को उसके मूल स्वरूप में पुनः स्थापित किए जाने वाली महत्वाकांक्षी योजना का पूरा होना वर्ष 2025 की बड़ी उपलब्धि होगी।

नगर निगम के द्वारा पारित इसकी एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की निविदा को अंतिम स्वीकृति मिल गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके तहत बेतिया के अंतिम राजा महाराजा हरेंद्र किशोर और महारानी जानकी कुंवर की सुंदर सुसज्जित चबूतरे पर आदम कद प्रतिमा स्थापित किया जाना इस योजना के तहत की जाने वाली एक बड़ी पहल है। चबूतरा और उसकी सीढी,वहां पहुंचने के लिए 6 फीट चौड़ा पाथवे का निर्माण मेन रोड तक तक कराया जाना स्वीकृत हुआ है। इसका साथ ही इस स्मारक के सुंदर गेट, सीढी, गार्डन लाइट, पिलर्स पर लाइट, चबूतरे पर स्टील का घेरा और सिढ़ी पर स्टील की रेलिंग और मूर्तियों के ऊपर आकर्षक छतरीनुमा शेड का निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके साथ ही राज ड्योढी परिसर के पूर्ववर्ती टांगा स्टैंड में महान स्वाधीनता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की मूर्ति का नया चबूतरा, सीढी, स्टील का वर्क, लाइटिंग,इमूर्ति के ऊपर छतरीनुमा शेड, प्याऊ आदि का निर्माण किया जाएगा।

## वाल्मीकि महोत्सव 2025 में चंपारण गौरव ज्ञान की प्रस्तुति

**वाल्मीकिनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वाल्मीकि महोत्सव 2025 के मंच पर अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान के कलाकारों द्वारा चंपारण गौरव ज्ञान की प्रस्तुति की गई। स्वर्ग धरा पर उतरा जहां पर सुख शांति आराम है, एवं भैया शान से बोल२ घरवा हमार चंपारण में बा, आदि गीतों पर देर तक तालियां बजती रही। माननीय मुख्यमंत्री के समक्ष स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा निर्मित वाल्मीकि महोत्सव 2025 डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। जिसकी काफी प्रशंसा हुई।स्थानीय गायक डी. आनंद, संगीत आनंद, ललन बिहारी व्यास, शिवचंद्र शर्मा, सौरभ कुमार ,अमला कांत ठाकुर एवं रामनारायण प्रसाद की भूमिका सराहनीय रही। समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि हम अपनी संस्था के माध्यम से वाल्मीकि नगर इको पर्यटन को विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा देश दुनिया तक पहुंचाने की कोशिशें लगातार करते आ रहे हैं। कार्यक्रम के पश्चात वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार, वाल्मीकि नगर विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, स्टार कलाकार एवं लौरिया विधायक विनय बिहारी, विधान पार्षद भीष्म साहनी, जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय महतो, पश्चिम चंपारण के जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, नरकटियागंज, एसडीम सूर्य प्रकाश गुप्ता, बेतिया एसडीएम विनोद कुमार, एवं बगहा अनुमंडल पदाधिकारी, गौरव कुमार, कला संस्कृति पदाधिकारी पश्चिम चंपारण राकेश कुमार ,अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह एवं जिला परिषद अध्यक्ष निर्भय कुमार महतो ने संयुक्त रूप से संस्था के कलाकारों को शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। एडिटर स्वरांजलि सिंह,निर्देशक संगीत आनंद, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवीऔर कैमरामैन के रूप में संगीत आनंद ने बेहतर कार्य किया है।



## सारण में जदयू की संगठनात्मक बैठक

**बूथ कमेटी गठन पर दिया गया जोर**



**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्किट हाउस में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सारण जिला संगठन प्रभारी रणविजय कुमार की उपस्थिति रही, साथ ही प्रदेश से नियुक्त विधानसभा प्रभारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह विकल ने कहा कि बूथ कमेटी गठन की समय सीमा का पालन करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

***15 मार्च तक बूथ कमेटी गठन का निर्देश, विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज***

जिला संगठन प्रभारी रणविजय कुमार ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 15 मार्च 2025 तक सभी बूथों पर बूथ कमेटी का गठन कर रिपोर्ट जमा कराना अनिवार्य है। बैठक में प्रदेश महासचिव सह पूर्व विधायक रणधीर सिंह ने बूथ कमेटी गठन को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जदयू कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से अपने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटें। बैठक में विधानसभा प्रभारी डॉ. राहुल परमार, संजय गिरी, गुलाम गौस राइन, रवि ज्योति, संतोष कानन, लालबाबू कुशवाहा, राजेंद्र सिंह जॉर्ज, नरेंद्र कुमार चंद्रवंशी, संदेश महतो समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। बैठक में जदयू के समर्पित कार्यकताओं ने आगामी चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करने का संकल्प लिया।

## मीरा मुसेहरी में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** छपरा विधानसभा क्षेत्र के तेनुआ पंचायत के मीरा मुसेहरी में होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राजद नेता एवं छपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील राय ने स्थानीय लोगों के साथ रंग-गुलाल खेला और होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन समारोह का आयोजन शंकर गुप्ता और सोनू सिंह द्वारा किया गया था। इस मौके पर सुनील राय ने लोगों से भाईचारे और सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है, जो जात-पात, ऊंच-नीच के भेदभाव को मिटाकर समाज में समरसता लाने का कार्य करता है।





**राजद सरकार बनने पर लागू होगी डोमिसाइल नीति, माई-बहिन योजना समेत कई घोषणाएं**

इस अवसर पर सुनील राय ने राजद की प्रस्तावित योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यदि बिहार में राजद की सरकार बनती है, तो कई ऐतिहासिक निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी, जिससे स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता मिलेगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकारी नौकरियों के आवेदन फॉर्म का शुल्क पूरी तरह माफ किया जाएगा, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के युवाओं को फायदा मिलेगा। इसके अलावा, परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता भी दिया जाएगा, ताकि वे बिना आर्थिक बोझ के परीक्षा केंद्र तक पहुंच सकें। सुनील राय ने राज्य में चुनाव आयोग के गठन की भी बात कही, जिससे निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सकेंगे। उन्होंने खास तौर पर "माई-बहिन योजना" की घोषणा की, जिसके तहत महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने सुनील राय की बातों का समर्थन किया और होली मिलन समारोह का आनंद लिया।

## फाइनेंसकर्मी से लूट कांड का आरोपी गिरफ्तार

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस ने लूट कांड के आरोपी विजय सहनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विजय सहनी, बगड़ सहनी का बेटा है। पुलिस ने उसे ग्राम पकड़ी, थाना डुमरिया घाट से पकड़ा। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष विश्व मोहन चौधरी ने बताया कि 1 मार्च को एनएच 727 पर नानोसती और जौकटिया के बीच सेल्स मैनेजर रंजन कुमार के साथ लूट हुई थी। मझौलिया पुलिस ने डुमरिया घाट पुलिस की मदद से मामले का खुलासा किया। रंजन कुमार के पर्स से लूटा गया एचडीएफसी बैंक का खाता, एटीएम कार्ड और दो मोबाइल भी अपराधियों ने छीन लिए थे। एटीएम कार्ड से 46 हजार रुपए की निकासी भी की गई।

## 70 लीटर चुलाई शराब सहित दो सहोदर भाई एक महिला गिरफ्तार

**संध्या गश्ति के दौरान सिसवनिया पोखरा के पास धराए**



**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय पुलिस होली पर्व से पूर्व थाना क्षेत्र में अवैध शराब । के विरुद्ध लगातार छापेमारी तेज कर धर पकड़ कर रही है तो वहीं लगातार छापेमारी से कारोबारियों के पसीने छूट रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को संध्या गश्ति के दौरान मिली गुप्त सूचना पर पुलिस कार्रवाई में थाना क्षेत्र के सिसवनिया पोखरा के पास से 70 लीटर अवैध देशी चुलाई शराब सहित दो सहोदर भाई सहित महिला कारोबारी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। वही इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष सह पु व नि व रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के सिसवनिया पोखरा के पास से 70 लीटर चुलाई शराब सहित दो कारोबारी सहोदर भाई क्रमशः बिकाऊ मांझी 25 वर्ष और विन्दा मांझी 30 वर्ष दोनों पिता अंबिका मांझी और बुधिया देवी पति विश्वनाथ मांझी तीनों ग्राम सिसवनिया धांगर टोली थाना लौरिया जिला पश्चिम चंपारण को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। जिसके आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जप्त शराब सहित न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इधर लगातार कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

CMYK

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले अभ्यर्थियों के चेहरे

## 961 अभ्यर्थियों को विद्यालय अध्यापक के रूप में मिला औपबंधिक नियुक्ति पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** बीपीएससी द्वारा आयोजित विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा (तृतीय चरण) में उत्तीर्ण एवं सफलतापूर्वक काउंसिलिंग करा चुके अभ्यर्थियों के बीच रविवार को औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा विभाग द्वारा शहर के डीआरसीसी में आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद ने शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। आयोजन का विधिवत शुरुआत गांधी मैदान पटना से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा प्रसारण से शुरू हुआ जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभिन्न जिलों में प्रथम चरण की काउंसलिंग करने के बाद 961 अभ्यर्थियों को विद्यालय अध्यापक के रूप में औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। राज्य सरकार के द्वारा शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए बीपीएससी द्वारा तीन चरणों में शिक्षकों की भर्ती की गई जिसके तहत प्रथम चरण में 1 लाख 20 हजार 336, द्वितीय चरण में 96 हजार 823 एवं तृतीय चरण में 51 हजार 389 शिक्षकों की भर्ती की गई। चयन प्रक्रिया में महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुआ। कुल चयनित शिक्षकों में महिला शिक्षिका (56 प्रतिशत प्रारंभिक एवं 40 प्रतिशत माध्यमिक व उच्च माध्यमिक) शामिल हैं। इसके साथ ही राज्य में छात्र-शिक्षक अनुपात सुधरकर 32:1 पहुंच गया। औरंगाबाद में आयोजित समारोह में शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षक बहाली की प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह ऐतिहासिक नियुक्ति पत्र वितरण समारोह राज्य के लाखों शिक्षकों व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा उन्नति का प्रतीक साबित होगा।

# ग्रामीणों ने रोका बाईपास निर्माण कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** नेशनल हाईवे 139 पर पोला गांव में निर्माण कार्य कराने पहुंचे अंचल अधिकारी और कुटुंबा थानाध्यक्ष को ग्रामीणों के बहिष्कार का सामना करना पड़ा। शनिवार को बाईपास निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए अंचल अधिकारी चंद्र प्रकाश और कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह दलबल के साथ पोला गांव पहुंचें। जहां ग्रामीणों ने निर्माण कार्य बंद कर दिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि अंचल अधिकारी और थानाध्यक्ष निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर जबरन निर्माण कार्य कराना चाहते हैं। अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को न तो मुआवजा दिया गया है और न ही अंचल कार्यालय से कागजात संबंधित कोई सहयोग प्राप्त हो रहा है। अधिग्रहण से प्रभावित किसान रैयती करण की समस्या लेकर इधर-उधर भटक रहे हैं।

# ई-रिक्शा एवं स्कॉर्पियो की टक्कर में पांच घायल

## गंभीर रूप से घायल दो लोगों को किया गया रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के रफीगंज-कासमा पथ के पचार पेट्रोल पंप के समीप बीती रात्रि ई-रिक्शा एवं स्कॉर्पियो की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में ई-रिक्शा चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्कार्पियो सवार घटनास्थल पर ही स्कॉर्पियो छोड़कर फरार हो गए। राहगीर भाजपा नेता सुबोध कुमार सिंह ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई सोनाली कुमारी, एसआई किशोर कुमार सहित डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए भर्ती करवाया। घायलों की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के सरवाक गांव निवासी ई रिक्शा चालक जयराम सिंह के 31 वर्षीय पुत्र दीपक सिंह, 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार, नई दिल्ली निवासी महेंद्र पाल के 30 वर्षीय पुत्र विनीत कुमार, लक्ष्मण मंडल के 42 वर्षीय पुत्र संजीव मंडल एवं रोहण शर्मा के 25 वर्षीय पुत्र धीरज शर्मा के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की मदद से लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को दुर्घटनाग्रस्त ई रिक्शा से बाहर निकला गया और इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सक द्वारा बेहतर इलाज के लिए दीपक सिंह एवं विकास कुमार को औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

# मारपीट में चालक जख्मी

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** सड़क पर साइड न देने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की रात सलैया थाना क्षेत्र के बेरी कलाली पर की है। जख्मी व्यक्ति की पहचान कृष्णा के रूप में की गई है जो सलैया थाना क्षेत्र के बेला गांव का रहने वाला है।

# बैठक में अहम मुद्दों पर हुई चर्चा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार सह लोकनायक जयप्रकाश सांस्कृतिक भवन में रविवार को पूर्व आईपीएस अधिकारी विनय कुमार सिंह की संस्था महापरिवर्तन आंदोलन के शिष्टमंडल की एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव ने की। बैठक में टेली कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों के शिष्टमंडल के अधिकारियों से बातें हुई और संगठन पर सविस्तार चर्चा हुई। वहीं औरंगाबाद के जिला केंद्रीय लाइब्रेरी के विकास, निजी विद्यालयों में एक रूप के सिलेबस चलाने, विद्यालय में टोला सेवक को समयानुसार बच्चों को विद्यालय में लाना और बच्चों को घर पर छोड़ना आदि संबंध में चर्चा हुई। मौके पर उपाध्यक्ष लवलेश यादव, रमेश प्रसाद सिन्हा, राम परिखा सिंह, देवनन्दन प्रसाद, ई दूधेश्वर प्रसाद, रामजी राणा, विनय सिंह, विनोद कुमार, अबरार हसन, कुंती देवी आदि शामिल थे।

# लोगों को जन सुराज से जोड़ रही वरिष्ठ नेत्री अर्चना चंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नबीनगर/ बारून।** औरंगाबाद जिले की वरिष्ठ नेत्री और लोकसभा के साथ विधानसभा चुनाव लड़ चुकी बारून की पूर्व प्रमुख अर्चना चंद्र नबीनगर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर लोगों को जन सुराज से जोड़ रही है। अर्चना चंद्र अपने समर्थकों के साथ प्रतिदिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर रही है और सभी को जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर द्वारा बिहार के विकास के लिए बनाए गए प्लान की जानकारी दे रही है। इससे प्रभावित होकर पुरुषों के साथ-साथ काफी संख्या में महिलाएं भी अर्चना चंद्र के साथ जन सुराज से जुड़ रही हैं। अर्चना चंद्र ने बताया कि वे नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के बारून प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के बृजकिशोर बिगहा एवं तेतरिया आदि गांव में दौरा कर सैकड़ो लोगों को अब तक जन सुराज से जोड़ चुकी हैं। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जिस इच्छाशक्ति के साथ जनता ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था, उस पर वे खरा नहीं उतर सके हैं। बिहार में पहले अपराधियों का जंगलराज था, लेकिन अब यह अधिकारियों के जंगलराज में तब्दील हो गया है। ऐसे में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दावा किया है कि नीतीश कुमार की प्रशासनिक क्षमता समाप्त हो चुकी है और अब बिहार में बदलाव की बयार बह रही है क्योंकि भाजपा, राजद और जदयू एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं जो सत्ता के लिए बार-बार गठबंधन बदलते रहते हैं इसलिए अर्चना चंद्र ने इस बार जन सुराज की सरकार बनाने की अपील सबों से की है। राजनीति की गहरी समझ रखने वाली अर्चना चंद्र के जन सुराज में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिली है और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में अर्चना चंद्र अपने प्रदर्शन से जन सुराज पार्टी को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगी। माना जा रहा है कि पार्टी उन्हें नबीनगर विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बना सकती है।

# विशेष शिविर में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का होगा समाधान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के आठ पंचायतों के सोलह गांवों में विद्युत विभाग द्वारा बिजली समस्या से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए कैंप आयोजित किया गया है। 10 मार्च को घोडाडिहरी में एवं 11 मार्च को आट में कैंप का आयोजन किया गया है। जबकि 12 मार्च को घटराईन, 13 मार्च को सहार, 17 मार्च को एरकीकला, 18 मार्च को दिहुली, 19 मार्च को दधपी, 20 मार्च को कोसडिहरा, 21 मार्च को बनियां पंचायत के रानी कुआं, कुशहा में 22 मार्च, चेईनवादा पंचायत के चेई में 24 मार्च, 25 मार्च को गरडी, 26 मार्च को बेरी, 27 मार्च को पतेया, 28 मार्च को बनिया एवं 29 मार्च को हाजीपुर में कैंप का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने दी है। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग के आदेश के आलोक में कैंप में बिजली बिल त्रुटि में सुधार, नये विधुत कनेक्शन देने, बिजली बिल संग्रहण करने तथा स्मार्ट मीटर संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। विशेष शिविर में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने को प्रेरित भी किया जाएगा।

# वॉलीबॉल खिलाड़ी को नेता प्रतिपक्ष ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने औरंगाबाद की वॉलीबॉल खिलाड़ी खुशी कुमारी को सम्मानित किया है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री व बिहार विधान परिषद सदस्य राबड़ी देवी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कांति सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने वॉलीबॉल खिलाड़ी खुशी कुमारी को सम्मानित किया तथा उत्साहवर्धन किया और बधाई दी। विदित हो कि 35 वर्षों के बाद औरंगाबाद के गंगटी गांव निवासी स्व. संतोष सिंह की पुत्री खुशी कुमारी बिहार से वॉलीबॉल में चयनित पहली खिलाड़ी है।

# 54 बच्चों की जांच की गई आंख

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आरबीएस के डॉक्टर मोहम्मद जावेद के द्वारा स्कूल बच्चों को आंख जांच शिविर लगाया गया। जिसमें डॉट अस्पताल दाउदनगर का डॉक्टर मोहम्मद शफीउल्लाह, डॉक्टर सुधीर कुमार ने 54 बच्चों का आंख जांच कि एवं मुफ्त दवा दी गई। जिसमें सात बच्चों का आंख जांच में चश्मा की सलाह दी गई और दो बच्चों को डॉट अस्पताल रेफर किया गया। इस मौके पर फार्मासिस्ट अंकित सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह, बीएमसी सुभाष कुमार, बीसीएम सनी कुमार, एएनएम संध्या कुमारी, अकाउंटेंट राजेश कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार के निधन से पत्रकारों में शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दाउदनगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार जगरनाथ प्रसाद कास्यकार की रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे 74 वर्ष के थे, फिलहाल झारखंड के जपला में रह रहे थे। वे दाउदनगर के वार्ड आयुक्त भी रह चुके हैं। उनके निधन पर प्रेस क्लब की ओर से शोक संवेदना व्यक्त की गई। वक्ताओं ने स्व. जगरनाथ प्रसाद कास्यकार के निधन को पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति करार दिया। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी एवं शोक संतप्त परिवारजनों को इस दारूण दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना परमेश्वर से की। शोक व्यक्त करते हुए वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। वे दाउदनगर के पहले पत्रकार थे, जो लंबे समय तक पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय थे। वे कर्तव्य और समय के पक्के थे और बड़े ही सरल और मृदुभाषी थे। शोक व्यक्त करने वालों में प्रेस क्लब के अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, सचिव संजय सिन्हा, प्रेमेंद्र मिश्र, भूपेन्द्र सिंह, गणेश प्रसाद अजय कुमार श्रीवास्तव, मनीष कुमार, नीरज कुमार, अनिल कुमार राव, सूरज कुमार सहित अन्य शामिल हैं।

# जन औषधि केन्द्र खुलने से ग्रामीणों में खुशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के खिरियावा पैक्स द्वारा पोस्ट ऑफिस रोड खिरियावा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोला गया है जिसका उद्घाटन रविवार को जिला कोऑपरेटिव अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, डॉ0 मोजाहिद अंसारी व पैक्स अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर संतोष कुमार सिंह ने कहा कि पैक्स को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की अनुमति देने का निर्णय केंद्र सरकार द्वारा लिया गया है। देश के हर कोने तक जन औषधि पहुंचाने के उद्देश्य से पैक्स में जन औषधि केंद्रों का शुभारंभ किया गया है। जन औषधि केंद्र के उद्घाटन से स्थानीय लोगों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयां मिलेगी। यह केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पैक्स अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि जन औषधि केंद्र का लाइसेंस पूरे मदनपुर प्रखंड में सबसे पहले खिरियावा पैक्स को मिला है, जो पूरे प्रखंड के लिए गर्व की बात है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एक अहम पहल है। जन औषधि केंद्र के माध्यम से लोगों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयां सुलभता से उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रंजीत यादव, संजय कुमार, चंदन चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में दंपति जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के रानी कुआं के समीप रविवार को एक कार में ट्रक ने जोरदार टक्कर मारी दी जिसमें कार में बैठे एक दंपत्ति गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों का इलाज ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज करने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

# मारपीट में चालक जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** सड़क पर साइड न देने के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की रात सलैया थाना क्षेत्र के बेरी कलाली पर की है। जख्मी व्यक्ति की पहचान कृष्णा के रूप में की गई है जो सलैया थाना क्षेत्र के बेला गांव का रहने वाला है। जानकारी के अनुसार साइड देने को लेकर दोनो के बीच मारपीट हो गई जिसमें कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज का सीएचसी में किया गया। जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# वीर लोरिक की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सत्यवादी महायोद्धा वीर लोरिक की याद में समाज सेवा समिति बिहार के बैनर तले डाकबंगला मैदान में वीर गाथा समारोह का आयोजन किया गया। वीर लोरिक के चित्र पर माल्यार्पण एवं लोगों बच्चों को दूध पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आये पूर्व मंत्री ददन पहलवान, कांग्रेस नेता देवनारायण यादव, प्रो अवदेश यादव, अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान, किशोरी मोहन यादव, शिक्षक रंजीत कुमार यादव, कुमार डॉ जितेंद्र, सीताराम पासवान, महासभा अध्यक्ष वीरेंद्र यादव सहित उपस्थित अगन्तुओं को फूल माला एवं गमछा से पगड़ी बांध कर स्वागत किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वीर लोरिक जात के नहीं जमात के नेता थे। इन्होंने हमेशा जुर्म एवं शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ा है। वीरगाथा समारोह में बिरहा गायक शिवशंकर यादव एवं उनकी टीम द्वारा सत्यवादी महायोद्धा वीर लोरिक के जीवनी पर गीत के माध्यम से लोगों को बताया गया। आयोजक डॉ तुलसी यादव ने बताया कि आज से चार शताब्दी पहले वीर लोरिक अहीर का जन्म देश के समाजहित एवं नव निर्माण को लेकर हुआ था। आज युवाओं को भी वीर लोरिक बनने का कोशिश करना चाहिए। मौके पर मनोज यादव, संतोष यादव, नरेश यादव, सुरेश यादव, मंडल यादव, गया प्रसाद यादव, कामेश्वर यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पर्यटन स्थलों को विकसित करने का हो रहा काम : वीरेन्द्र सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद समेत पूरे बिहार में लगातार पर्यटन स्थल को विकसित करने का काम हो रहा है। ब्रांड बिहार बनाने को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर्यटन स्थल को ठीक ढंग से विकसित कर रहे हैं। इससे बिहार का पर्यटन स्थल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकेगा और इसको लेकर विभाग लगातार काम भी कर रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि सभी प्रखंड का अपना एक पर्यटक स्थल हो यानी प्रखंड में जो गौरवशाली स्थान है उसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना है, सरकार इसी सोच के साथ काम कर रही है। वहीं बिहार में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ी है। आने वाले दिनों में बुनियादी सुविधाएं और भी बढ़ेंगी और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा ताकि देशभर के लोग अगर पर्यटन का कार्यक्रम बनाएं तो उसमें बिहार को जरूर शामिल करें। उक्त बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने रविवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। जदयू के बारून प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर ग्राम पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने शिलौजा, सरंगा, मुंजीयाठी बिगहा, कंचनपुर, दलजीत बीघा, तरौना, अजनिया, तेंदुआ हैबत, नसीब बिगहा, बृजकिशोर बिघा, सीहोर बीघा, गजाधर बीघा, महावीर गंज, तेतरिया, न्यू तेतरिया, रामदेनी बीघा, काशी बीघा, देवरिया, अदमा, रस्तीपुर, महुअरी, महुअरी रोड पर, सलेमपुर, जगतपुर एवं जमालपुर गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, बारुन प्रखंड के किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जदयू जिला महासचिव उदय पटेल, मनोज कुमार, वीरेंद्र राजवंशी, नारायण राजवंशी, विनोद कुमार पाल, भगवान मेहता, वार्ड सदस्य आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जम्होर थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित सदर डीएसपी बीके सिंह ने कहा कि होली शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने मे हमे सहयोग करे। यह पर्व शांति का प्रतीक है। डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगी। संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है जो निगरानी करते रहेंगे। शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। उपद्रवी पर कठोर करवाई की जाएगी।

# त्योहार में शांति कायम रखना सभी की जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार को रफीगंज थाना परिसर के सभागार भवन में होली एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी भारतेंदु सिंह एवं संचालन सर्किल इंस्पेक्टर रामजी प्रसाद एवं थानाध्यक्ष शम्भु कुमार ने किया। सभी ने कहा कि होली पर्व के साथ रमजान का महीना चल रहा है। ऐसे में सभी को सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का अधिकतम प्रयास होना चाहिये। पूर्व के विवादित एवं चिन्हित स्थलों पर प्रशासन की पैनी निगरानी रखी जायेगी। अधिकारियों ने कहा कि पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में समाज के हर वर्गों की जिम्मेदारी बनती है। थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों और हुड़दंगियों के खिलाफ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी। यही नहीं गांव या आसपास कुछ भी संदिग्ध लगे तो तुरंत थाना को सूचना दें ताकि समय रहते निपटा जा सके। इस मौके पर नगर पंचायत प्रधान सहायक पवन प्रकाश, राजद वरिष्ठ नेता सह वार्ड पार्षद नूरुल होदा खान, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, राजद जिला महासचिव रणविजय यादव, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि माहिद खान, यूवा जदयू जिलाध्यक्ष कौशल कुमार चंद्रवंशी, भाजपा कोषाध्यक्ष शिवनारायण साव, राजद नेता कैफ खान, रविंद्र सिंह, मंटू शर्मा, कपिलदेव राम, संजय अम्बेडकर, मदन चौधरी, सोनेलाल, विजय विश्वकर्मा, रामजीवन दास, प्रांशु सिंह राजपूत, किशु गुप्ता, राहुल शर्मा, रोहन गुप्ता, मिथलेश कुमार के साथ अन्य समाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शराब के साथ तीन महिला कारोबारी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बारून (औरंगाबाद)।** बारून थाना क्षेत्र के सोननगर भुईयां टोली में रविवार की सुबह अवैध शराब के विरुद्ध पुलिस के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान 49 लीटर शराब के साथ तीन महिला कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें भुइयां टोला निवासी मनीषा देवी, प्रभा देवी और बिंदु देवी शामिल हैं। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर सोननगर भुईयां टोली में छापेमारी किया गया। पुलिस को देखते ही भागते हुए तीन महिला शराब कारोबारी को अंग्रेजी शराब, फ्रूटी, रॉयल स्टेज, बीयर के कई बोतल और महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक कारोबारी भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि विधि सम्मत कारवाई करते हुए तीनो महिला शराब कारोबारी को जेल भेज दिया गया है। वही फरार एक कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।